दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

हरेली तिहार आज

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — कोरोना : छत्तीसगढ़ में रिकवरी दर...
4 अभिव्यक्ति
9 मनोरंजन/खेल — प्रभास के साथ जोड़ी जमायेगी दीपिका...
11 आंचलिक — सड़कों को बर्बाद कर रहा है मोबाइल...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, सोमवार 20 जुलाई 2020, श्रावण अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-101 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सरकार की बदइतंजामी और लोगों की घोर लापरवाही के कारण भारत में कोरोना की रफ्तार बेकाबू होती जा रही है। ऐसा ही चलता रहा तो सर्वाधिक कोरोना संक्रमित मरीजों के मामले में बहुत जल्द सबसे आगे होंगे हम हिन्दुस्तानी। सरकार को जो करना था कर चुकी। अब लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि वे कोरोना के कारखाने न बने। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का ईमानदारी से पालन करें। खास तौर पर दो गज की दुरी बेहद जरूरी है। मास्क को अपने परिधान का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। सरकार को भी चाहिए कि वह इस बारे में सख्त कदम उठाने से न हिचकिचाए। अन्यथा यह कहावत चरितार्थ होते देर नहीं लगेगी कि-अब पछताए का होत हे जब चिड़िया चूग गई खेत।

एम्स समेत प्रदेशभर के कोविड अस्पतालों में बढ़ेगी बेड की संख्या

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अब राजधानी के एम्स समेत जिन भी अस्पतालों में कोविड सेंटर्स बनाए गए हैं, वहां मरीजों के लिए बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी। एम्स में और 100 बेड बढ़ाए जाने की प्लानिंग है। एम्स के निदेशक डॉ. प्रो. नितिन एम. नागरकर ने नवप्रदेश को बताया कि एम्स में वर्तमान स्थिति में कोरोना कोविड 19 के मरीजों के लिए 400 बेड उपलब्ध हैं। इनमें से 300 बेड पैक हैं। 271 बेड पर कोरोना पॉजिटिव मरीज हैं, जबकि अन्य पर कोरोना संदेही मरीजों को रखा गया है। 100 बेड खाली हैं। डॉ. नागरकर ने आगे बताया कि जरूरत पड़ी तो कोविड सेंटर के लिए और 100 बेड का इंतजाम किया जाएगा। यानी कुल क्षमता 500 हो जाएगी। वहीं स्वास्थ्य विभाग की सचिव निहारिका बारीक सिंह ने भी बताया कि स्थिति को देखते हुए प्रदेश के कोविड सेंटर्स में बेड की संख्या आगामी दिनों में बढ़ाई जाएगी।

■ एम्स के डायरेक्टर डॉ. नागरकर ने कहा-अभी 400 बेड, जरूरत पड़ी तो और 100 बढ़ाएंगे

■ स्वास्थ्य सचिव निहारिका बारीक सिंह ने भी कही कोविड सेंटर्स पर बेड बढ़ाने की बात

एम्स में ओपीडी, इमरजेंसी ऑपरेशन यथावत

डॉ. नागरगरकर ने बताया कि एम्स में कोविड 19 मरीजों के साथ ही अन्य मरीजों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सभी विभागों की ओपीडी, इमरजेंसी ऑपरेशन पहले के जैसे ही चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण निजी क्षेत्र के कुछ अस्पताल बंद होने से इमरजेंसी ऑपरेशन की दरकार वाले मरीज अब एम्स में आ रहे हैं। उन्हें तत्काल चिकित्सा की जरूरत है, जो एम्स उपलब्ध करा रहा है।

प्लाज्मा थेरेपी पर ये कहा एम्स निदेशक डॉ. नागरकर ने

एम्स में कोरोना मरीजों के इलाज में प्लाज्मा थेरेपी के इस्तेमाल से जुड़े सवाल पर डॉ. नागरकर ने बताया कि स्वस्थ्य हो चुके मरीज का प्लाज्मा लेकर रख लिया गया है। यह एक साल तक वैलिड होता है। इसका इस्तेमाल आईसीएमआर की गाइडलाइन के मुताबिक होता है। आईसीएमआर के पास हमने इस संबंध का डाटा भेजा है। प्लाजमा थेरेपी के इस्तेमाल के लिए मरीज का स्वास्थ्य संबंधी क्राइटेरिया भी देखा जाता है।

डॉ. खूबचंद बघेल को सीएम ने किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को यहां अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। बघेल ने डॉ. खूबचंद बघेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, राज्य खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष करुणा शुक्ला भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने डॉ.बघेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे जीवन के अंतिम समय तक कई रचनात्मक कार्यों और किसान-मजदूर हितैषी गतिविधियों से जुड़कर छत्तीसगढ़ की सेवा करते रहे। छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन को गति देने में उनकी निर्णायक भूमिका रही।

रायपुर समेत देश के छह हवाईअड्डों के निजीकरण के लिए कैबिनेट नोट तैयार

इस माह से निजी हाथों में जा सकता है रायपुर हवाईअड्डा

■ प्रस्ताव को इसी माह केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की संभावना

नई दिल्ली/ए.। रायपुर हवाईअड्डे का स्वरूप इसी माह से बदल जाने की संभावना है। इसी माह से यह निजी हाथों में जा सकता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा प्रबंधित छह और हवाई अड्डों को निजी हाथों में सौंपने संबंधी प्रस्ताव को इसी महीने मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। एएआई के निदेशकमंडल ने अमृतसर, वाराणसी, भुवनेश्वर, इंदौर, रायपुर और त्रिचि हवाई अड्डों को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत निजी हाथों में सौंपने की मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 1 मई को नागरिक उड्डयन क्षेत्र के मुद्दों पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में इन हवाई अड्डों के निजीकरण के लिए प्रक्रिया तेज कर तीन महीने के भीतर निविदा जारी करने का निर्देश दिया था। एएआई के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि दूसरे चरण के तहत इन छह हवाईअड्डों के निजीकरण के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पहले चरण में छह हवाईअड्डों के लिए हो चुका अडाणी समूह का चयन

उन्होंने बताया कि पिछले साल फरवरी में पहले चरण के तहत लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, मेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी हवाईअड्डों के निजीकरण के लिए बोली प्रक्रिया पूरी की गई थी। सभी छह हवाईअड्डों के लिए अडाणी समूह का चयन किया गया था। इनमें अहमदाबाद, लखनऊ और मेंगलुरु हवाई अड्डों का प्रबंधन 50 साल के लिए अडाणी समूह को सौंपा जा चुका है जबकि अन्य तीन हवाई अड्डों का प्रबंधन भी कंपनी को जल्द सौंपे जाने की उम्मीद है। कानूनी पेंच की वजह से जयपुर, तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी हवाईअड्डों का प्रबंधन अडाणी समूह को अब तक नहीं सौंपा जा सका है।

योजना आत्मनिर्भर भारत पैकेज में शामिल

सरकार ने हवाईअड्डों का प्रबंधन निजी कंपनियों को सौंपने की योजना को 'आत्मनिर्भर भारत पैकेज' में भी शामिल किया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पैकेज की घोषणा करते हुये कहा था कि इससे हवाईअड्डा कारोबार में निजी निवेश को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

निजीकरण के पीछे ये है सरकार का गणित

पहले चरण में जिन छह हवाई अड्डों के लिए निविदा जारी की गई थी उनका सम्मिलित सालाना राजस्व एक हजार करोड़ रुपये और मुनाफा 540 करोड़ रुपये था, जबकि निजीकरण से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को एकमुश्त 2,300 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई। दूसरे चरण को मिलाकर 12 हवाई अड्डों पर निजी संचालक कंपनियों द्वारा 13,000 करोड़ रु. के निवेश की उम्मीद है।

अच्छी खबर

राज्य में आज से गोबर खरीदी, सीएम लॉन्च करेंगे योजना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को हरेली पर्व के अवसर पर देश की अपने प्रकार की पहली गोधन न्याय योजना का शुभारंभर करेंगे। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार किसानों व पशुपालकों से 2 रुपए प्रतिकिलो की दर से गोबर की खरीदी करेगी। यानी सोमवार से गोबर खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। खरीदे गए गोबर से वर्मी कंपोस्ट तैयार किया जाएगा, जिसे सहकारी समितियों के माध्यम से 8 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जाएगा। इस योजना की लॉन्चिंग के साथ छत्तीसढ़ देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जो किसानों व पशुपालकों से गोबर की खरीदेगा। इस योजना से किसानों की आय बढ़ेगी और कोरोना के इस संकट काल में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

राजस्थान : ऑडियो जांच के लिये समिति गठित

जयपुर/(वार्ता)। राजस्थान में गहलोत सरकार को गिराने की साजिश के बारे में सामने आये एक ऑडियो की जांच के लिये आठ सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि एटीएस और एसओजी के पुलिस अधिकारियों को ऑडियो में सामने आये आरोपियों को गिरफ्तार करके लाने के निर्देश दिये गये हैं। इस प्रकरण में एसओजी का एक दल कल मानेसर होटल में विधायक भंवरलाल शर्मा से पूछताछ के लिये गया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। एसआजी के दल को खाली हाथ लौटना पड़ा।

ये है ऑडियो में

ऑडयों में एक केंद्रीय मंत्री, विधायक भंवरलालशर्मा और एक भाजपा नेता संजय जैन की खरीद फरोख्त की बातचीत रिकॉर्ड हुई है। इसमें एसओजी ने संजय जैन को गिरफ्तार कर लिया है। ऑडियो सामने आने के बाद कांग्रस और भाजपा में आरोप प्रत्यारोप तेज हो गये। भाजपा ने भी जवाब में अशोक नगर थाने में कांग्रेस के तीन रिष्ठ नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। भाजपा प्रवक्ता सम्बित पात्रा ने मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की मांग की है।

भाजपा के झूठ की देश को चुकानी पड़ेगी कीमत

नई दिल्ली/ (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झूठ को संस्थागत रूप से पेश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस षड्यंत्र की कीमत देश को चुकानी पड़ेगी। गांधी ने कहा कि पहले भाजपा सरकार ने कोविड-19 से होने वाली मौत और कोविड परीक्षण पर झूठ बोला, फिर सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी माप का पैमाना बदला और अब चीन को लेकर गलत बयानी की जा रही है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चेम्बरलेन से भी की पीएम मोदी की तुलना

गांधी ने शनिवार को भी मोदी सरकार पर हमला कर उसकी नीति की तुलना ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री नेविलर चेम्बरलेन से की थी , जो दूसरा विश्व युद्ध टालने के लिए जर्मनी के तानाशाह हिटलर से इस विश्वास के साथ मिलने गए थे कि चेकोस्लोवाकिया मामले में समझौते के बाद जर्मनी हमला नहीं करेगा। इस संबंध में उन्होंने 30 सितंबर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	10,81,477	26,873
अमेरिका	38,35,430	1,42883
ब्राजील	2,075,246	78,817
ब्रिटेन	294,066	45,273
मैक्सिको	3,38913	38,888
इटली	2,44216	35,042
फ्रांस	174,674	30,152
स्पेन	307,335	28,420
ईरान	273,788	14,188
रूस	7,71546	12,342

संसद का मानसून सत्र जल्द

■ उपराष्ट्रपति ने दिए संकेत

■ लोकसभा व राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों के साथ चर्चा कर रही सरकार

नई दिल्ली/ (वार्ता)। सरकार संसद का मानसून सत्र जल्द आहूत करने के लिये दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर रही है। उप राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट फेसबुक पर लिखे एक लेख ' मीडिया: ऑवर पार्टनर इन कोरोना टाइम्स' में ये संकेत दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में मानसून का सत्र बुलाने के लिए दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों से संपर्क किया है। नायडू ने कहा कि संसद का बजट सत्र 23 मार्च को समाप्त हुआ था।

सांसदों के बैठने की व्यवस्था, तरीके पर चर्चा

नायडू ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच मानसून सत्र और संसदीय समितियों की बैठक बुलाने के लिए उनके और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बीच विचार विमर्श के कई दौर हुए है। दोनों पीठासीन अधिकारियों ने परस्पर सुरक्षित दूरी के मानकों का पालन करने, सांसदों के बैठने की व्यवस्था और विचार विमर्श के तौर-तरीकों पर चर्चा की है।

पीएम मोदी के ट्विटर फॉलोअर हुए 6 करोड़

नई दिल्ली/ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता माइक्रो- ब्लागिंग साइट ट्विटर पर लगातार बढ़ती जा रही है और उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़कर छह करोड़ पर पहुंच गई है। मोदी जनवरी 2009 में ट्विटर से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री के ट्विटर हैंडल के अनुसार, उनके फॉलोअर्स की संख्या छह करोड़ पर पहुंच गई है। सितंबर-19 में ट्विटर पर मोदी के फॉलोअर्स की संख्या पांच करोड़ थी। मोदी के मंत्रिमंडल में अहम स्थान रखने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ट्विटर पर दो करोड़ 16 लाख फॉलोअर हैं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री शाह मई 2013 में ट्विटर से जुड़े हैं। अप्रैल 2013 से ट्विटर पर सक्रिय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के एक करोड 78 लाख फॉलोअर्स हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और केरल में वायनाड से सांसद राहुल गांधी के ट्विटर फॉलोअर्स एक करोड़ 52 लाख हैं। श्री गांधी अप्रैल 2015 में इससे जुड़े हैं।

गरमा-गरम

राजनीति — पिछले चुनाव में सीधी लड़ाई का हश्र देख कोरोना को हथियार बना रही भाजपा, नीतीश समर्थक मोदी भी लाचार

नीतीश समय पर, भाजपा राष्ट्रपति शासन में चाह रही चुनाव ताकि 'रिमोट' रहे हाथ में

लोकसभा चुनाव से ही लगातार पार्टी के अंदर चल रही भाजपाई सीएम मुहिम

शिशिर सिन्हा/नवप्रदेश

नवप्रदेश Special

पटना। दूध का जला छाछ भी फूंककर पीता है, लेकिन पीने का मन हो तो रोकना मुश्किल है। बिहार में यही हो रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार से अलग होकर भाजपा ने अपना हश्र देख लिया था। इस बार ऐसा हश्र नहीं हो, इसलिए नीतीश को पहले ही सीएम का चेहरा बता दिया गया है। लेकिन, सच्चाई यहीं तक नहीं है। कोरोना को भाजपा ने मौके के रूप में इस्तेमाल किया है। लोकसभा चुनाव से पार्टी में चल रही भाजपाई सीएम की मांग को कोरोना से हवा मिल गई है।

संकेत के रूप में प्रमाण सामने हैं कि नीतीश कुमार समय पर चुनाव चाह रहे और भाजपा कोरोना और बाढ़ के नाम पर उनकी राय से अलग समय बढ़ाने की चाह रख रही। निर्वाचन आयोग के मांगे जाने पर भाजपा और जदयू ने अलग-अलग राय दी है और देखने वाली बात यह भी है कि विपक्ष भी भाजपा जैसी राय के साथ आकर नीतीश कुमार को अलग-थलग कर चुका है। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो भाजपा राष्ट्रपति शासन में चुनाव की तैयारी में है और इसकी बिसात ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना से बदतर हालात के बीच लाशों के ढेर पर नीतीश कुमार चुनाव कराना चाह रहे हैं। पार्टी अपना पक्ष आयोग के पास औपचारिक तौर पर रखेगी। हमें तो प्रदेश में लॉकडाउन के बीच हर तरफ कोरोना से परेशान लोग दिख रहे हैं। इलाज के लिए अस्पताल नहीं हैं।

-तेजस्वी यादव, नेता प्रतिपक्ष, बिहार

'यह चुनाव आयोग को तय करना है। लोकतंत्र के लिहाज से समय पर चुनाव कराया जाना चाहिए। चुनाव किस तरह कराएं और प्रचार का क्या स्वरूप हो, कोरोना के कारण इसपर चर्चा हो सकती है। सभी राजनीतिक दलों की राय पर आयोग ध्यान दे, लेकिन लोकतंत्र की गरिमा कायम रहनी चाहिए।

-निखिल आनंद, प्रवक्ता जदयू

राष्ट्रपति शासन में केंद्र की मर्जी चलती तो जरूर है

'पछले चुनावों को याद कीजिए। चुनाव के ठीक पहले सरकार ने कई डीएम-एसपी समेत अधिकारियों का तबादला किया था। चुनाव आयोग ने सरकार के कई निर्णय बदल दिए। फिर सरकार आई तो सरकार ने अपने निर्णय को दोबारा लागू करा दिया। मतलब, साफहै कि चुनावों प्रक्रिया में इनकी भूमिका तो होती ही है। राष्ट्रपति शासन में यह अधिकार काफी हद तक केंद्र सरकार के पास चला जाता है, क्योंकि राज्यपाल अमूमन केंद्र के हिसाब से ही काम करते हैं।

सुनील कुमार सिन्हा, अध्यक्ष चाणक्य स्कूल ऑफपॉलिटिकल राइट्स एंड रिसर्च

गहलोत ने यूं किया कांग्रेस आलाकमान पर जादू, पर्दे के पीछे इस ट्रिक से पायलट हुए पस्त

नई दिल्ली/जयपुर ए.। राजस्थान की राजनीति के 'जादूगर' माने जाने वाले अशोक गहलोत ने एक बार फिर से अपना दांव दिखाया। उन्होंने आंकड़ों के जरिए न केवल अपने उन विरोधियों को चुप कर दिया जो तख्तापलट की योजना बना रहे थे, बल्कि अपनी पार्टी के सामने भी अपनी मजबूत उपस्थिति का अहसास कराया। वो जिस तरह से पार्टी और सरकार में बगावत के बीच सीएम की कुर्सी बचाने में सफल रहे, ये उनके रणनीतिक कौशल का ही नतीजा है। ये कोई पहली बार नहीं है जब कांग्रेस आलाकमान ने उन पर भरोसा जताया है।

गांधी परिवार के करीबी बने रहे गहलोत

अशोक गहलोत की सियासी पारी पर नजर डालें तो उन्होंने बड़ी ही सफाई से अपने प्रतिद्वंद्वियों के बीच से अपनी राह बनाई। गहलोत ने अपने दांव से जनार्दन सिंह गहलोत, हरिदेव जोशी, पारसराम मदेरणा, सी.पी. जोशी और अब सचिन पायलट जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ा। कांग्रेस में भी उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई उसे निभाने से नहीं हिचके। हालांकि, इस दौरान कई बार उन्हें विफलताओं का भी सामना करना पड़ा, लेकिन गहलोत हमेशा गांधी परिवार के करीबी बने रहे। वो वर्तमान कांग्रेस नेताओं में अकेले ऐसे नेता हैं जो इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी यानी पूरे गांधी परिवार की लगातार पसंद बने रहे हैं।

इसलिए राजस्थान की राजनीति के 'जादूगर' कहलाते हैं गहलोत

स्वाभाविक रूप से बहुतों की आंख में अशोक गहलोत खटकते भी रहे, फिर भी उनका जादू बरकरार रहा। उन्हें राजनीति का जादूगर इसलिए भी कहा जाता है क्योंकि उनके पिता लक्ष्मण सिंह गहलोत राजस्थान के जाने-माने जादूगर थे। पिता के साथ रहते हुए अशोक गहलोत ने जादू की कई ट्रिक्स सीख ली थीं। जिसे उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में कई बार राहुल और प्रियंका गांधी के सामने दिखाया भी था। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद, सचिन पायलट ने मान लिया कि मुख्यमंत्री का पद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नाते उन्हें ही मिलेगा। इसकी वजह भी थी कि उन्होंने सूबे में पूरे पांच साल जमकर मेहनत की थी। लेकिन नतीजों के बाद सोनिया गांधी और प्रियंका ने गहलोत का समर्थन किया और फिर राहुल को भी उनके साथ जाने के लिए राजी होना पड़ा। उस समय लिया गया फैसला पायलट के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं था। मौजूदा समय में राजस्थान कांग्रेस का टकराव उसी समय से शुरू हुआ माना जा रहा है।

इस ट्रिक से गहलोत ने साधा सियासी समीकरण

फिलहाल मौजूदा सियासी स्थिति में गहलोत को पता है कि ट्रंप कार्ड उनके पक्ष में हैं। राजस्थान विधानसभा में 13 निर्दलीय विधायकों में से 11 उनका समर्थन कर रहे हैं। उनमें कई ऐसे भी हैं जिन्हें 2018 में कांग्रेस ने टिकट देने से इनकार कर दिया था, और फिर उन्होंने निर्दलीय चुनाव में उतरकर जीत दर्ज की थी। इस तरह से गहलोत ने इस दांव के जरिए अपनी सरकार बचा ली है। पार्टी की मानें तो 107 से ज्यादा विधायकों का गहलोत सरकार को समर्थन है। लेकिन जिस तरह से पार्टी में विद्रोह सामने आया इसने कहीं न कहीं कांग्रेस आलाकमान की नाकामी को जरूर उजागर कर दिया।

रोज सवा दो से ढाई लाख केस आने से खतरा बढ़ा: डब्ल्यूएचओ

वाशिंगटन ए.। विश्व में महज सौ घंटे में कोरोना के रिकॉर्ड दस लाख नए मरीज मिलने के साथ कुल मामले एक करोड़ 40 लाख पार कर गए हैं। जबकि मौतों की तादाद छह लाख से ज्यादा हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि तीन माह की जगह अब तीन-चार दिन में दस लाख केस सामने आ रहे हैं। चीन में जनवरी की शुरुआत के तीन माह बाद दस लाख केस हुए थे, लेकिन 13 जुलाई को एक करोड़ 30 लाख से एक करोड़ 40 लाख तक पहुंचने में चार दिन ही लगे।

दुनिया में रोज औसतन दो लाख 30 हजार से दो लाख 40 हजार के बीच केस सामने आ रहे हैं। इनमें पांच सर्वाधिक प्रभावित देश अमेरिका, ब्राजील, भारत, रूस और दक्षिण अफ्रीका में ही रोज पौने लाख के करीब मामले सामने आ रहे हैं। अमेरिका और ब्राजील में तो रोज एक हजार से ज्यादा मौतें भी हो रही हैं। दक्षिण अफ्रीका पेरू को पीछे छोड़ पांचवां सबसे ज्यादा प्रभावित देश बनने की ओर है। पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के आधे केस दक्षिण अफ्रीका में ही हैं।

18 दिन में एक चौथाई मामले बढ़े

दुनिया में कोरोना के एक जुलाई को मामले एक करोड़ सात लाख के करीब थे, जो महज 18 दिनों में 37 लाख से ज्यादा बढ़कर एक करोड़ 42 लाख से ज्यादा हो गए हैं। वर्ल्डोमीटर के मुताबिक, सात जुलाई के बाद से रोज औसतन 2.25 लाख से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। 16 जुलाई को तो रिकॉर्ड ढाई लाख नए मरीज सामने आए।

विश्व में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1.42 करोड़ के पार

बीजिंग/जिनेवा/नयी दिल्ली 19 जुलाई (वार्ता) वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का कहर तेजी से बढ़ता जा रहा है और दुनियाभर में इससे अब तक 1.42 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हो चुके हैं तथा छह लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के आंकड़ों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे और ब्रिटेन तीसरे स्थान पर है जबकि भारत मृतकों की संख्या के मामले में आठवें स्थान पर है।

अमेरिका में रोज स्वीडन के बराबर मरीज

स्वीडन में महामारी के आगाज के बाद से कुल 77,281 मरीज मिले हैं, लेकिन इतने मरीज रोज अमेरिका में मिल रहे हैं। अमेरिका में गुरुवार को 77,600 और शुक्रवार को 70,638 केस मिले हैं। वहां कुल मरीजों की तादाद 36 लाख पार कर गई है। टेक्सास और कैलीफोर्निया में रोज दस-दस हजार मरीज मिलने से अस्पतालों में जगह नहीं रह गई है।

ब्राजील में विनाशलीला जारी

ब्राजील अमेरिका की राह पर हैं, जहां 20 लाख 50 हजार संक्रमित और 76 हजार लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो ने दोबारा लॉकडाउन जैसे कड़े कदमों के लिए अभी भी तैयार नहीं हैं। जबकि भारत के कई राज्यों ने मरीजों के बढ़ने के साथ कुछ क्षेत्रों में लॉकडाउन लगाकर सख्ती की है।

एक दिन में 23 हजार से अधिक स्वस्थ, करीब 39 हजार नये मामले

***नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 23 हजार से अधिक कोरोना मुक्त हुए जबकि इसी अवधि में करीब 39 हजार नये मामले सामने आए हैं जो अब तक एक दिन में सर्वाधिक है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 38,902 मामलों की पुष्टि हुई जिससे संक्रमितों की संख्या 10,77,618 हो गयी। मृतकों की संख्या 543 बढ़कर 26,816 हो गयी है। राहत की बात यह रही कि इसी अवधि में 23,672 मरीज स्वस्थ हुए हैं जो अब तक एक दिन में सर्वाधिक है। इसे मिलाकर अब तक 6,77,423 लोग कोरोना से मुक्ति पा चुके हैं। देश में अभी कोरोना संक्रमण के 3,73,379 सक्रिय मामले हैं। देश में गत चार दिनों से कोरोना संक्रमण के 32 हजार से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। गुरुवार को 32,695, शुक्रवार को 34,956 और शनिवार को 34,884 मामलों की पुष्टि हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति में सुधार होता दिख रहा है लेकिन महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र में संक्रमितों की संख्या तीन लाख से अधिक हो चुकी है ।*

नेपाल: खत्म नहीं हुई केपी ओली की मुश्किलें

प्रचंड ने कहा- प्रधानमंत्री के साथ कोई समझौता नहीं

काठमांडू ए.। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के सह अध्यक्ष पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड ने साफ किया है कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ उनका कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने इस तरह के दावों को अफवाह बताते हुए कहा कि उन्होंने नवंबर में आम सम्मेलन आयोजित करने के प्रधानमंत्री और पार्टी अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया है। शनिवार को ओली और प्रचंड के बीच चार घंटे तक चली बैठक में आम सम्मेलन को लेकर सहमित बनने की खबर आई थी। जिससे प्रचंड खेमे के बड़े नेता नाराज हो गए थे।

प्रचंड ने रविवार सुबह खुमल्टार में अपने निवास पर पार्टी के चार बड़े नेताओं माधव कुमार नेपाल, झाला नाथ खनाल, उपाध्यक्ष बामदेव गौतम और प्रवक्ता नारायण काजी श्रेष्ठ को बुलाया और अपना पक्ष रखा। इन नेताओं ने कथित समझौते को लेकर असंतोष जाहिर किया था। प्रचंड के ताजा रुख से यह साफ हो गया है कि ओली की मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं। हालांकि, इसके लिए चीन की ओर से कापी जोर लगाया जा रहा है।

नेपाली न्यूज वेबसाइट कांतिपुर की एक खबर में बताया गया है कि प्रचंड ने साफ कर दिया है कि कल कोई समझौता नहीं हुआ है। एक नेता के अनुसार दहल ने आम सम्मेलन के प्रस्ताव को भ्रमित करने और स्टैंडिंग कमिटी की भावना को तोड़ने का प्रयास बताया। गौरतलब है कि स्टैंडिंग कमिटी के 44 में से 30 सदस्यों ने ओली से पीएम और पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा मांगा था। ओली इससे इनकार करते आ रहे हैं। दहल ने कहा है कि वे समिति के निर्णय के अनुसार सामूहिक रूप से आगे बढ़ेंगे। दहल के हवाले से बताया गया है कि समझौतो की बात महज अफवाह है।

यूएस: प्रदर्शनकारियों ने पोर्टलैंड पुलिस एसोसिएशन की इमारत में लगाई आग

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड शहर में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस एसोसिएशन की इमारत में तोड़-फोड़ की और उसमें आग लगा दी। पोर्टलैंड पुलिस ने ट्विटर पर रविवार को कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस एसोसिएशन की इमारत में घुसकर तोड़-फोड़ कर दी तथा इमारत में आग लगा दी। पुलिस ने हालांकि दावा किया कि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया तथा व्यवस्था फिर से बहाल कर दी गयी। पोर्टलैंड में इस तरह की रिपोर्टों के बाद से ही अशांति है कि संघीय अधिकारी, बैज या नाम के टैग के बिना, विरोध प्रदर्शन को शांत करने और लोगों को गैर कानूनी तरीके से हिरासत में ले रहे हैं।

नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 28 लोग गिरफ्तार

तेल अवीव (स्पूतनिक)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामीन नेतन्याहू से इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे 28 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। श्री नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग को लेकर येरूशलम और तेल अवीव के मध्य शनिवार देर रात व्यापक सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान सड़कों को भी जाम कर दिया। गौरतलब है कि श्री नेतन्याहू के खिलाफरविवार को भ्रष्टाचार मामलों की सुनवाई शुरू होनी है। पुलिस प्रवक्ता मिखाइल जिंगरमैन ने कहा कि तेल अवीव में 13 लोगों को और येरूशलम में 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

लोगों का जीवन-जीविका बचाने को लेकर प्रतिबद्ध : जी-20

मास्को (स्पूतनिक)। जी-20 देशों ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) संकट के बीच लोगों की जिंदगी बचाने और उनकी आय के साधनों का संरक्षण करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की शनिवार को हुई बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर यह प्रतिबद्धता जताई गयी।

वक्तव्य के मुताबिक जी-20 देशों ने कहा, हम लोगों के जीवन, नौकरियों और आय की सुरक्षा के लिए सभी उपलब्ध एवं संभव नीतियों को अपनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था को बचाने और वित्तीय प्रणाली को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की यह तीसरी बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई।

वक्तव्य के मुताबिक, ÷ समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए हम अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए आश्वासन देते हैं कि असमानताओं को कम करने के अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। कोरोना से प्रभावित समाज के वंचित तबके की मदद करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठायेंगे। जी-20 समूह के देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की अगली बैठक अक्टूबर 2020 में होगी।

घर पर गिरी आकाशीय बिजली

महिला समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

पूर्णिया ए.। पूर्णिया के धमदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघाड़ापट्टी गांव के तिलंगवा टोला में रविवार सुबह ठनका गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में कैलाश मंडल, निभा देवी और दिलखुश कुमार शामिल हैं। बताया जाता है कि सभी लोग घरों में ही बैठे थे। इसी दौरान ठनका गिरने से तीनों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी पाकर धमदाहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद से समूचे गांव में कोहराम मचा हुआ है। धमदाहा के अंचलाधिकारी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रविवार के करीब दस बजे की घटना है। ठनका गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी है। मधेपुरा के चौसा में बारिश के दौरान घर पर ठनका गिरने से लगी आग में झुलसने से एक महिला की मौत हो गई।

दिल्ली : बारिश से बढ़ी लोगों की मुसीबतें, कई जगहों पर जाम

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली में रविवार तड़के हुयी भारी बारिश से कई जगहों पर जलभराव हो गया जिसके कारण लोगों को भीषण जाम का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार सुबह आठ बजे तक दिल्ली में करीब 74.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कई इलाकों में जलभराव के कारण आज़ादपुर से मुकरबा चौक, यशवंत प्लेस से अशोका रोड़, बाहरी दिल्ली और भैरों मार्ग तथा मुंडका मेट्रो स्टेशन इलाके में लोगों को जाम से जूझना पड़ा। विभाग के अनुसार दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य तापमान से चार डिग्री कम है। मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दिल्ली में सक्रिय होने की बात कही।

मिंटो ब्रिज के नीचे पानी में फंसा वाहन, डूबने से चालक की मौत

नयी दिल्ली, (वार्ता)। राजधानी में रविवार की सुबह मूसलाधार बारिश होने से मिंटो ब्रिज के नीचे जमा पानी में एक वाहन (छोटा हाथी) फंसने से चालक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 56 वर्षीय कुंदन कुमार टाटा ऐस (छोटा हाथी) लेकर नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन की तरफसे कनॉट प्लेस की तरफजा रहा था। बारिश के करण मिंटो ब्रिज के नीचे पानी भरा था। चालक ने पानी से अपने वाहन को निकालने की कोशिश की लेकिन निकल नहीं पाया और पानी में डूब गया। उन्होंने कहा कि चालक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट का निशान नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चीन को बड़ा झटका देने की तैयारी में जापान

नई दिल्ली ए.। जापान की तरफ से एक खास पहल की गई है, ताकि लोकल सप्लाई चेन पर कभी कोई असर ना पड़े और चीन पर उनकी निर्भरता भी कम हो सके। जापान की सरकार ने चीन से जापानी कंपनियों का वापस निकालने और फिर से जापान में लाने के लिए पैसे देने का फैसला किया है। जापान अपनी 57 कंपनियों को चीन से वापस आकर देश में ही मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए 53.6 करोड़ डॉलर खर्च कर रहा है।

अन्य देशों से भी कंपनियों को वापस बुला रहा जापान

इतना ही नहीं, अन्य 30 कंपनियों को वियतनाम, म्यांमार, थाइलैंड औरर दक्षिण पूर्व एशियन देशों से अपनी यूनिट वापस जापान लाने के लिए भी पैसे दिए जा रहे हैं। निक्केई अखबार की रिपोर्ट के अनुसार सरकार इसके लिए कुल मिलाकर करीब 70 अरब येन खर्च करेगी।

ताइवान भी कर चुका है ऐसा

चीन के खिलाफ खड़े होने वाले देशों का एक और उदाहरण है, क्योंकि चीन का तरीका सही नहीं है। आर्थिक मोर्चे पर ब्लैकमेल करने से लेकर दूसरे देश की सीमा का सम्मान नहीं करना किसी भी देश को अच्छा नहीं लग रहा है। ताइवान की सरकार ने भी 2019 में कुछ ऐसी ही पॉलिसी बनाई थी, जैसी जापान ने बनाई है।

अमेरिका भी निकाल रहा है अपनी कंपनियां

वहीं अमेरिका पहले ही चीन से अपनी कंपनियां निकालने की फिराक में है। एप्पल ने तो भारत में अपने प्लांट्स बढ़ाने का फैसला भी कर लिया है। चीन से बहुत सारी कंपनियां निकल कर बाहर आना चाहती हैं। भारत ने भी पहले ऐप बैन किए और अब चीनी कंपनियों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हो सकता है आने वाले वक्त में चीनी कंपनियों को भारत से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए।

किशनगंज बॉर्डर पर नेपाल पुलिस ने भारतीय युवक को गोली मारी, गंभीर

टेढ़ागाछ(किशनगंज)। भारत नेपाल संबधों का असर सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों पर पड़ने लगा है। दरअसल बिहार के किशनगंज जिले के टेढ़ागाछ प्रखंड के फत्तेहपुर स्थित भारत-नेपाल सीमा पर शनिवार की रात नेपाल पुलिस ने तीन भारतीय नागरिकों पर फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में एक युवक घायल हो गया।

घायल युवक जितेन्द्र कुमार सिंह (25) को स्थानीय ग्रामीण इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेढ़ागाछ लेकर आए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल युवक जितेन्द्र कुमार सिंह का इलाज पूर्णिया में चल रहा है जहां उसकी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार घायल युवक जितेंद्र कुमार सिंह(25) एवं उनके दो साथी अंकित कुमार सिंह व गुलशन कुमार सिंह शनिवार की रात लगभग साढ़े सात बजे अपनी मवेशी ढूंढने भारत-नेपाल सीमा स्थित माफी टोला के समीप गांव से बाहर खेत की तरफगये थे। जहां नेपाल सीमा पर तैनात नेपाल पुलिस इन युवकों पर अचानक फायरिंग कर दी। जिसमें जितेंद्र कुमार सिंह को गोली लग गई है। जितेंद्र को साथियों एवं स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल से उठाकर उनके घर लाए। इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और 12 वीं बटालियन के एसएसबी फत्तेहपुर को दी गई। घटना की वजह से रविवार की सुबह से भारत-नेपाल सीमा पर तनाव का माहौल है। भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली पुलिस द्वारा फायरिंग की घटना को लेकर सीमा पर एसएसबी भी अलर्ट है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का दौर भी जारी है। पुलिस और एसएसबी के अधिकारियों के बीच

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

चड्डा, और गुटखा...

जवानी का इजहार करने वाले बच्चा मंत्रियों से महकमें के अफसर भी खासे परेशान हैं। इजहार-ऐ-जवानी की दो निशानी है चड्डा और गुटखा! बेतरतीब दिनचर्या और किसी बेफिक्रे सी जिंदगी से कारिंदे भी मन मसोस कर रह जाते हैं। सूरज सर में चढ़ आए तब इनकी सुबह होती है। बंगले में चड्डा पहने घूमते रहते हैं फिर चाहे कोई भी स्टाफ हो उसके सामने वे ऐसे ही बेतकल्लुफ हो चाय की चुस्कियां ठेट स्टायल में लेते हैं और तत्काल मुंह में चाय का स्वाद पूरा घुला-मिला भी नहीं होता गुटखा की जुगाली शुरु हो जाती है। बेचारे अफसर जरुरी फाइलों को लेकर खड़े रहते हैं। तुर्रा यह कि सरकारी फाइल पढ़ना भी नहीं आता तो समझने की जहमत कौन उठाए। पूरी तरह सरकारी बीवी यानि कि पीए. पर निर्भर बच्चा मंत्री की फितरत से सभी असहज हैं। टीवी चालू कर बैठे तो यह भी ख्याल नहीं रहता कि अफसर फाइल धरे बैठे हैं और उन्हें काम भी करना है। चड्डा और गुटखा की इस आदत से महिला अधिकारी खासकर परेशान हैं।

पॉवरफुल आईएएस...

कांग्रेस में सोनिया कि राहुल कौन सबसे पॉवरफुल है...? कुछ ऐसा ही सवाल छत्तीसगढ़ में चल रहा है। सरकार में किस आईएएस की सबसे ज्यादा चल रही है। पूर्ववर्ती सरकार में यह सवाल वैसा ही था जैसे सचिन तेंडूलकर किस खेल से संबंधित हैं। हालाकि भूपेश राज में इसका जवाब आसान नहीं है, क्योंकि बीते 18 महीनों में किसी भी आईएएस को फुलफॉम में नहीं देखा गया है। वैसे तो हर किसी सरकार में चंद आईएएस कुर्सी के करीब होते ही हैं, यहां भी होंगे। सवाल लेकिन किस की बजाए कितने हों तो विकल्प में तीन नाम हर किसी की जुबान पर है। लेकिन रमन के 9 रत्न की तरह भूपेश के अभी रत्न नहीं लेकिन 3 नगीना टाइप जरुर हैं। इसमें एक हीरा, दूसरा पन्ना और तीसरा पुखराज है। कहा जा सकता है कि जब तक दाऊ की राशि में ये फिट हैं तब तक, क्योंकि दाऊ हैं तेज तर्रार...रत्नों से मन भर गया और कहीं वे अकीक, फिरोजा जैसे पत्थर पसंद करने लगे तो समझना सवाल पॉवरफुल कौन यह सवाल खड़ा ही रहेगा।

मंत्री जी का चैनल...

पल में रद्दी नहीं तो बदल देता है गद्दी..ये कहावत मीडिया के लिए कही जाती है। इस पंक्ति को दाऊ राज में एक मंत्री ने पूरी गंभीरता से लिया है। बाजार में हल्ला है कि सबसे गंभीर मंत्री ने एक निजी चैनल में पैसा लगाया है। वजह साफ नहीं पर इतनी भी धुंधलके में नहीं है। मजे की बात यह कि लॉकडाउन में जब मीडिया की माली हालत चिंताजनक है। तब एक नौसिखुआ केटीयू पास छात्र खर्च करने में आमादा है। भिलाई-दुर्ग से सीधे राजधानी में आलीशान ऑफीस सेटअप और सैलरी भी सम्मानजनक देने लगा है। बातों ही बातों में पता चला कि चंद साल ही हुए एक वेब पोर्टल से तरक्की के इस मुकाम में पहुंचने के पीछे की वजह भी सरगुजा संभाग के एक मंत्री है। मंत्री के पीए के मार्फत वेब पोर्टल अब चैनल बन गया है। पैसा मंत्री का है या फिर पीए की कमाई का हिस्सा यह जांच का विषय है। लेकिन खबरीलालों के लिए यह खुशखबरी है तो सियासत के लिए गंभीर खबर भी।

पुलिस कमिश्नर सिस्टम...

राज्य में तेजी से विकास के साथ जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है। इन दो चीजों के साथ अपराध में भी इजाफा हुआ है। ऐसे में क्राइम प्रिवेंशन के लिए पूर्ववर्ती सरकार के टाइम पहले सेंट्रल क्राइम ब्रांच के सेटअप की फाइल चली थी। फिर बाद में अफसरी खींचतान के बीच यह फाइल दबकर दम तोड़ दी। इसके बाद एक बार फिर रमन सरकार के वक्त रायपुर में पुलिस कमिश्नर सिस्मट लागू करने पर भी प्रयास हुए पर नौकरशाहों ने शक्ति का संतुलन बिगड़ता देख इसके लिए तैयार नहीं हुए। दोनों ही पुलिस सिस्टम के सुधार वाले सेटअप पर फिर दोबारा कोई बात नहीं हुई। अब प्रदेश में कांग्रेस राज है। ऐसे में बता दें कि देश में कांग्रेस सरकारों ने पुलिस कमिश्नर सिस्टम की पहल किया था। यूपी सरकार ने भी कई जिलों में पुलिस कमिश्नरी लागू कर दी है। दक्षिण और उत्तर भारत के कई राज्यों में पहले ही इस सिस्टम पर पुलिसिंग हो रही है। बात करें हिंदी भाषी राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ की तो यहीं इसे लागू नहीं किया गया है। भूपेश राज में कांग्रेस सबसे मजबूत स्थिति में है और यहां की नौकरशाही भी ना-नुकुर की स्थिति में नहीं है। हालाकि पुलिस कमिश्न सिस्टम के लिए माकुल सिर्फ राजधानी रायपुर ही है। क्योंकि जनसंख्या के मुतल्लिक भी यहां इस सिस्टम को लागू किया जा सकता है। बस मुश्किल यह है कि पुलिस कमिश्नरी सिस्टम के बाद कलेक्टर की पावर कम हो जाएगी और दंडाधिकार से लेकर लायसेंस जैसे मलाईदार कार्य भी हाथ से निकल जाएंगे। सरकार संभवतया पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू कर सकती है।

कोरोना: छत्तीसगढ़ में रिकवरी दर 70.2%, मृत्यु दर 0.48%, यह सभी पड़ोसी राज्यों से बेहतर

- रोजाना हो रही है करीब पांच हजार सैंपलों की जांच, दस हजार तक करने का लक्ष्य
- इलाज के बाद अब तक 3658 मरीज स्वस्थ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोविड-19 के बेहतर प्रबंधन के परिणाम अब दिखने लगे हैं। इस पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए उठाए गए त्वरित कदमों से रोजाना सैंपल जांच की क्षमता में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं कोविड-19 पीड़ितों के इलाज के लिए स्थापित विशेषीकृत अस्पतालों में त्वरित इलाज से रोज बड़ी संख्या में मरीज स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में कोविड-19 मरीजों की रिकवरी दर सभी पड़ोसी राज्यों से बेहतर है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश सबसे अच्छे रिकवरी दर वालों राज्यों में शामिल है। यहां 70.2 प्रतिशत मरीज ठीक हो गए हैं। वहीं महाराष्ट्र में यह दर 54.81 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 68.85 प्रतिशत, बिहार में 64.36 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 49.94 प्रतिशत, तेलंगाना में 67.55 प्रतिशत, ओड़िशा में 67.84 प्रतिशत और झारखंड में 50.57 प्रतिशत है। प्रदेश में अभी तक कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए 5246 में से 3658 मरीज स्वस्थ हो गए हैं।

मृत्यु दर के मामले में भी छत्तीसगढ़ पड़ोसी राज्यों से बेहतर है। यहां मृत्यु दर का प्रतिशत केवल 0.48 है। वहीं पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में यह दर 3.91 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 3.31 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 1.31 प्रतिशत, तेलंगाना में 0.95 प्रतिशत, ओड़िशा में 0.67 प्रतिशत, बिहार में 0.74 प्रतिशत और झारखंड में 0.9 प्रतिशत है।

कोविड-19 के संभावित प्रसार को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रदेश में फरवरी माह के शुरूआत में ही इस पर नियंत्रण और रोकथाम की तैयारी शुरू कर दी गई थी। कोरोना वायरस जांच की सुविधा प्रारंभ में केवल एम्स रायपुर में थी। जगदलपुर, रायपुर और रायगढ़ के शासकीय मेडिकल कॉलेजों में उच्च स्तरीय लैब तैयार कर कोविड-19 की आरटीपीसीआर जांच सुविधा का विस्तार किया गया है। प्रदेश में 13 जगहों पर ट्रू-नाट विधि से सैंपलों की जांच की जा रही है। साथ ही सभी जिलों में रैपिड एंटीजन किट से भी सैंपलों की जांच हो रही है। अभी रोजाना करीब पांच हजार सैंपलों की जांच की जा रही है। आगामी कुछ दिनों में इसे दस हजार तक बढ़ाने का लक्ष्य है।

रायपुर में सैलून वाले घर आया मेहमान, रातभर में ही दे गया कोरोना

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना काल में बाहर से एक दिन के लिए आने वाला मेहमान भी कितना भारी पड़ सकता है। इसका उदाहरण रायपुर के खमतराई में देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रायपुर के खमतराई थानाक्षेत्रांतर्गत एक सैलून संचालक के घर कोई मेहमान आया। बताया जा रहा है कि यह मेहमान सैलून संचालक के घर सिर्फ रातभर ही रुका और दूसरे दिन चला गया। लेकिन इसके बाद सैलून संचालक पुत्र के 60 वर्षीय पिता संक्रमित हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम अब इस परिवार के पूरे सदस्यों की कोरोना जांच कराने लेकर गई है। इस घटना ने मानवता के लिए भी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्योंकि हो सकता है कि आगे चलकर लोग अपने यहां बाहर से आने वाले अपने किसी परिजन को शरण ही न दें, भले शरण मांगने वाले व्यक्ति पर इमरजेंसी ही क्यों न आन पड़ी हो।

विस अध्यक्ष डॉ महंत ने प्रदेशवासियों को हरेली पर्व की दी शुभकानाएं

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को पारंपरिक पर्व हरेली पर बधाई शुभकानाएं देते हुए कहा कि, हरेली पर्व पर छत्तीशगढ में कुटकी दाई की आराधना जाती है जो फसलों की देवी है, पूजा अर्चना के दौरान पूजा का ध्यान केंद्रित करती है क्योंकि किसान उनकी मदद से ही यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास भरपूर फसल होगी। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, हरेली की परंपरा हरेली राज्य में कई ग्रामीण कृषक समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला एक कृषि त्यौहार है, इस लोकप्रिय और प्रसिद्ध त्यौहार का नाम हिंदी शब्द हरियाली से आया है जिसका अर्थ है हरियाली। राज्य के प्रमुख जातीय समूहों में से एक गोंडी लोगों के बीच हरेली उत्सव का विशेष महत्व है, छत्तीसगढ़ के किसान अपने उपकरणों की पूजा करते हैं। किसान अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं और इस त्यौहार का मूल विषय प्रकृति केंद्रित है। डॉ महंत ने कहा कि, हरेली उत्सव के दौरान, किसान अपने संबंधित क्षेत्रों में भेलवा वृक्ष की शाखाएं लगाते हैं, अपने घरों के प्रवेश द्वार पर नीम के पेड़ की शाखाएँ भी लगायी जाती है।

आदिवासी जनजीवन की झलक दिखेगी रायपुर के संग्रहालय में

रायपुर। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के आदिवासी संग्रहालय में अब आदिवासी समुदाय के कला, संस्कृति एवं जनजीवन से जुड़ी सामग्री की झलक देखने को मिलेगी। आदिवासी समाज के प्रमुखों ने रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय में प्रदर्शन हेतु पुरातात्विक महत्व की वस्तुएं, कला एवं संस्कृति से तथा दैनिक जनजीवन में आदिवासी समुदाय द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली वस्तुओं को सहर्ष उपलब्ध कराये जाने की सहमति दी है। आदिवासी संग्रहालय रायपुर में आर्टिफेक्ट संकलन के संबंध में सुकमा जिले के सभी समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न समाजों द्वारा संग्रहालय के लिए समाज के परम्परानुसार सामाजिक, सांस्कृतिक, उपयोगी सामग्रियों को प्रदान करने की सहमति व्यक्त की गई। बैठक का उद्देश्य रायपुर संग्रहालय में राज्य की जनजातियों की संस्कृति को एक पटल पर लाकर जनसामान्य की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण एवं संवर्धन करना, संस्कृति को जनसामान्य से परिचित कराना, अनुसंधानकर्ताओं, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों के लिए जनजाति सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विकसित करना और अनुसंधान में सहायक होना है।

संपादकीय

भारत में आतंकी हमले की साजिश

पांच अगस्त को कश्मीर में अनुच्छेद 370 के खात्मे को एक साल पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर पाकिस्तान कश्मीर में आतंकी हमला करने की साजिश रच रहा है। इसके लिए पीओके में लगभग 300 आतंकवादियों को तैयार रखा गया है। जिनकी कश्मीर में घुसपैठ कराने की कोशिश की जा रही है। इसी वजह से पाकिस्तानी सेना सीमा पर लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है। ताकि भारत सेना का ध्यान बंटाकर इन आतंकवादियों की कश्मीर घाटी में घुसपैठ कराई जा सके। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआईएस के इशारे पर दिल्ली में भी आतंक फैलाने की खालिस्तानी साजिश का खुलासा हुआ है। भारतीय जांच एजेंसियों के हाथ आतंकी गुरूवंत सिंह का वीडियों लगा है। इसलिए दिल्ली में भी चौकसी बढ़ा दी गई है। अमरनाथ यात्रा को भी आतंकी हमले का निशाना बनाया जा सकता है। कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन ऑलआउट से बौखलाए हुए आतंकवादी अमरनाथ यात्रा के दौरान हमले की साजिश रच रहे हैं। इसकी खुफिया जानकारी मिलने के बाद अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के चॉकचौबंद इंतजाम किए गए है। दरअसल पांच अगस्त के पहले पाकिस्तान भारत में किसी बड़ी आंकवादी घटना को अंजाम देकर अपनी खीज निकालना चाहता है। जब से कश्मीर में 370 का खात्मा हुआ है। वहां आतंकवादियों के खिलाफ सेना की कार्रवाई लगातार तेज की गई है और चुन-चुन दहगर्दों को जहन्नूम रसीद किया गया है। आतंकवादियों के खिलाफ सेना की कार्रवाई बदस्तुर जारी है और इस बीच अलगावादियों के खिलाफ भी सख्ती बरती गई है। यही वजह है कि अब पाकिस्तान को कश्मीर में आतंक फैलाने के लिए आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की नौबत आ गई है। किन्तु भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवान पुरी तरह मुस्तैद है जो भी आतंकी सीमा पार आएगा वह बहत्तर हुर्रों के पास भेज दिया जाएगा। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एलओसी का दौरा किया है और वहां की स्थिति का जायजा लिया है। भारत की सेना पाक की किसी भी नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है फिर भी भारत को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। क्योंकि पाकिस्तान पांच अगस्त के पहले बड़ी नहीं तो किसी छोटी आतंकी घटना को भी अंजाम दे सकता है। कश्मीर में अभी भी कुछ आतंकवादी सक्रिय है उनके खिलाफ युद्ध स्तर पर सर्च अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि वे किसी घटना को अंजाम न दे सके। अलगावादी ताकतों की कमर तो तोड़ दी गई है फिर भी उन पर कड़ी नजर रखनी होगी ताकि आतंकवादियों की कोई मदद न कर सके।

विचार-

सावधानी ही बचाव

देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ती हुई 10 लाख का शिखर पार कर रही है। इसकी चपेट में आकर जान गंवाने वालों की संख्या 25 हजार की रेखा पार कर चुकी है। बीमारी से निपटने के साथ ही इसे आगे से घेरने के प्रयास भी जारी हैं। कई मोर्चों पर बड़ी सफलताओं के बावजूद हकीकत यही है कि इसका चरम बिंदु अभी दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। जाहिर है, हमें दिनों और हफ्तों के हिसाब से नहीं, महीनों के हिसाब से खुद को कठिनाइयों के लिए तैयार करना होगा। बड़े पैमाने पर महामारी से मुकाबले के लिए वैक्सीन या किसी कारगर दवा की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही है। रेम्डेसिविर नाम की दवा के मध्यम स्तरीय मामलों में कुछ हद कारगर रहने की खबर आई तो अमेरिका ने इसका सारा स्टॉक ही खरीद लिया। अभी हाल यह है कि बीच-बीच में बीमारी की कोई रामबाण दवा खोज लिए जाने या वैक्सीन बना लिए जाने की खबर कहीं न कहीं से आ जाती है जो बाद में झूठ साबित होती है। कुछ दिन पहले एक भारतीय दवा कंपनी की तरफ से घोषणा कर दी गई कि उसे कोविड-19 की कारगर दवा बनाने में कामयाबी मिल गई है। बाद में पता चला, वह कथित कामयाबी मात्र 30 मरीजों पर किए गए प्रयोग का नतीजा थी। ऐसे ही एक दिन रूस से खबर आई और अगले ही दिन कट गई कि वहां कोविड-19 की वैक्सीन विकसित कर ली गई है। सबसे ताजा मामला ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी का है जिसके बारे कहा गया कि गुरुवार को कोरोना वैक्सीन को लेकर कोई अच्छी घोषणा हो सकती है, लेकिन फेज-1 ट्रायल से जुड़ी यह घोषणा अकादमिक महत्व की निकली। इस अधीरता के पीछे सबसे बड़ा दबाव आम लोगों का है जो बीमारी की कोई काट तुरंत पाना चाहते हैं। परंतु एक महामारी की वैक्सीन बनाना इतना जटिल काम है कि इसकी कोई डेडलाइन निर्धारित नहीं की जा सकती। सबसे पहले तो वायरस के बारे में बुनियादी समझ बनाना और वैक्सीन कैंडिडेट्स तय करना ही काफी टेढ़ा काम होता है। फिर नंबर आता है प्री-क्लिनिकल टेस्टिंग का जिसमें चूहों, बंदरों या अन्य जीवों पर प्रयोग किए जाते हैं। इसके बाद क्लिनिकल ट्रायल के तीन फेज और तीनों के तीन चरण होते हैं। पहले कुछ दर्जन लोगों पर प्रयोग होता है, फिर कुछ सौ पर और फिर कुछ हजार पर। इन सबके बाद रेग्युलेटरी मंजूरी और फिर प्रॉडक्शन के फेज होते हैं। कोरोना वायरस के मामले में चूंकि महामारी की स्थिति बनी हुई है और कई सारे ग्रुप इस काम में लगे हैं, इसलिए समय थोड़ा बच सकता है। फिर भी याद रखना जरूरी है कि अबतक की सबसे तेज वैक्सीन भी चार साल में ही बन पाई थी।

'छत्तीसगढ़ मा हरेली तिहार ले "गोधन न्याय योजना" की शुरूआत'

'योजना ले आत्मनिर्भरता अउ रोजगार के मिलही लाभ'

तेजबहादुर सिंह भुवाल

हमन सभे झन जानथन की देश मा कोरोना वायरस महामारी के आये ले रोजगार, काम-बूता के कमी होगे हे। बड़े संख्या मा मजदूर भाई मन हा अलग-अलग शहर में कमाये-खाये बर गे रीहिस। उहा ले ओमन वापस गांव आवत हे। ओ मन आ तो गे हे फेर काम-बूता बर चिन्ता-फिक्र सतावत हे। छत्तीसगढ़ सरकार हा सबेझन के दुख-दर्द दूर करे बर हर संभव प्रयास करते हे। गांव-गांव मा मजदूर मन के पंजीयन करावत हे, जेखर ले ओखर मन बर पर्याप्त काम-बूता दे सकय। मजदूर मन बर उखर योग्यता के अनुसार काम दे जाही। राज्य के महत्वाकांक्षी योजना "नरवा, गरूवा, घुरूवा व बाडी" के माध्यम से मनरेगा अउ स्व सहायता समूह में सबे ला जोड़े के काम चलत हे। ऐखरे सगे-संग "गोधन न्याय योजना" से गोठान मा बड़े संख्या मा रोजगार उपलब्ध कराये जाही। कोनो मजदूर, किसान ला गांव-शहर छोड़ के जाए के जरूरत नई पड़ये। सभे झन ला पर्याप्त काम-बूता मिलही।

छत्तीसगढ़ मं ये बखत हरेली तिहार म खुशहाली डबल होही। राज्य शासन ह महत्वाकांक्षी योजना "गोधन न्याय योजना" के शुरूआत जो करत हे। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ राज्य के सपना ला साकार करे बर छत्तीसगढ़ म पाछू साल हरेली तिहार म सामान्य छुट्टी देके प्रदेश के सबो लोगन ला भेंट दे रीहिस। "सुराजी गांव योजना" चालू करके किसान मन बर उखर नदाये लोक संस्कृति अउ पारंपरिक चार चिन्हारी ला वापस लाईस हे। इही योजना ला आगे बढ़ा के गोधन न्याय योजना ले किसान मन ला रोजगार के अवसर अउ आर्थिक रूप ले लाभ पहुंचाय बर चालू करत हे। गोठान म गोवंशीय अउ भैंसवंशीय पशु के पालक मन ले गोबर ला शासकीय दर 2 रूपया किलो खरीदे के शुरूआत करत हे। इही गोबर ला गुणवत्ता युक्त वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाके 8 रूपया किलो में बेचे जाहीं। येखर बर गांव-गांव में बनाए गौठान म स्व सहायता समूह मन काम कराही। किसान अउ मजूदर मन ला ऐखर ले रोजगार अउ आर्थिक फायदा मिलही।

योजना ले जैविक खेती ला बढ़ावा मिलही, गांव अउ शहर म रोजगार घलो मिलही, गौपालन अउ गौ-सुरक्षा ला प्रोत्साहन के संगे-संग पशुपालक मन ला आर्थिक लाभ प्राप्त होही। राज्य के महात्वाकांक्षी "सुराजी गांव योजना" के अंतर्गत नरवा, गरवा, घुरवा अउ बाडी के संरक्षण अउ संवंधन करे जावत हे। येखर बर सबे गांव म गौठान बनाए जाए के काम शुरू हवय।

शासन ह "गोधन न्याय योजना" लागू करके पशुपालक मन के आय मं वृद्धि, पशुधन विचरण अउ खुल्ला चरई म रोक, जैविक खाद के उपयोग ला बढ़ावा अउ रासायनिक खातू के उपयोग म कमी लाना चाहत हे। खरीफ अउ रबी फसल सुरक्षा होही अउ दु फसली रकबा ह बाडही, स्थानीय स्तर म जैविक खाद के उपलब्धता बनाये बर, स्थानीय स्व सहायता समूह ला रोजगार दे बर, भुइंया ल अउ उपजाउ बनाए बर, विष रहित अन्न उपजाए बर अउ सुपोषण ल बढ़ाए बर जोर देवत हे। गोठान में स्व

हरेली तिहार मा लोहार अउ राऊत मन घरो-घर मुहाटी मा नीम के डारा अउ चौखट में खीला ठोंकही। मान्यता हे कि अइसे करे ले ओ घर म रहैय्या मन के विपति ले रक्षा होथे। हरेली अमावस ला गेड़ी तिहार के नाम से घलो जाने जाथे। ये दिन लईका मन बांस में खपच्ची लगाके गेड़ी खपाथे। गेड़ी मा चढ़के लईका मन रंग-रंग के करतब घलो दिखाते अउ लईका मन अपन साहस और संतुलन के प्रदर्शन घलो करथे। राज्य शासन हा पाछू साल ले गांव मा विशेष आयोजन करत हे, जेमा गांव मा लईका मन बर गेड़ी दउड़, खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी, नरियल फेक अउ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन घलो करे जाथे।

सहायता समूह द्वारा कई प्रकार के सामग्री बनाए जाही। ऐमा दुग्ध, सब्जी, वर्मी खाद अउ गोबर ले कई प्रकार के समान बना के बेचे जाही।

हमन सभे झन जानथन की देश मा कोरोना वायरस महामारी के आये ले रोजगार, काम-बूता के कमी होगे हे। बड़े संख्या मा मजदूर भाई मन हा अलग-अलग शहर में कमाये-खाये बर गे रीहिस। उहा ले ओमन वापस गांव आवत हे। ओ मन आ तो गे हे फेर काम-बूता बर चिन्ता-फिक्र सतावत हे। छत्तीसगढ़ सरकार हा सबेझन के दुख-दर्द दूर करे बर हर संभव प्रयास करते हे। गांव-गांव मा मजदूर मन के पंजीयन करावत हे, जेखर ले ओखर मन बर पर्याप्त काम-बूता दे सकय। मजदूर मन बर उखर योग्यता के अनुसार काम दे जाही। राज्य के महत्वाकांक्षी योजना "नरवा, गरूवा, घुरूवा व बाडी" के माध्यम से मनरेगा अउ स्व सहायता समूह में सबे ला जोड़े के काम चलत हे। ऐखरे सगे-संग "गोधन न्याय योजना" से गोठान मा बड़े संख्या मा रोजगार उपलब्ध कराये जाही। कोनो मजदूर, किसान ला गांव-शहर छोड़ के जाए के जरूरत नई पड़ये। सभे झन ला पर्याप्त काम-बूता मिलही।

त बताओ संगवारी हो ये सब खुशी मिलही त हमर पहिली हरेली तिहार ला बने मनाबो ना। तिहार ला खेती-किसानी के बोअई, बियासी के बाद बने सुघ्घर मनाबो। जेमा नागर, गैंती, कुदारी, फावड़ा ला चक उज्जर करके अउ गौधन के पूजा-पाठ करके संग मा कुलदेवी-देवता ला सुमरबो। धान के कटोरा छत्तीसगढ़ महतारी ला, हमर खेती-किसानी के उन्नति अउ विकास बर सुमरबो।

ऐसो गांव मा घरो-घर गुड़-चीला, फरा के संग गुलगुला भजिया, ठेठरी-खुरमी, करी लाड़ू, पपची, चौसेला, अउ बोबरा घलो बनही। जेखर ले हरेली तिहार के उमंग अउ बढ़ जाही। ये साल हरेली अमावस्या सावन सोमवार के पड़त हे। सब किसान भाई मन अपन किसानी औजार के पूजा-पाठ कर गाय-बैला ला दवई खवाही, ताकि वो हा सालभर स्वस्थ अउ सुघ्घर रहाय। ये दिन गाय-गरवा मन ला बीमारी ले बचाय बर बगरंडा, नमक खवाही अउ आटा मा दसमूल-बागगोंदली ला मिलाके घलो खवाये जाही। ये दिन शहर के रहईयां मन घलो गांव जाके तिहार ला मनाथे।

हरेली तिहार मा लोहार अउ राऊत मन घरो-घर मुहाटी मा नीम के डारा अउ चौखट में खीला ठोंकही। मान्यता हे कि अइसे करे ले ओ घर म रहैय्या मन के विपत्ति ले रक्षा होथे। हरेली अमावस ला गेड़ी तिहार के नाम से घलो जाने जाथे। ये दिन लईका मन बांस में खपच्ची लगाके गेड़ी खपाथे। गेड़ी मा चढ़के लईका मन रंग-रंग के करतब घलो दिखाते अउ लईका मन अपन साहस और संतुलन के प्रदर्शन घलो करथे। राज्य शासन हा पाछू साल ले गांव मा विशेष आयोजन करत हे, जेमा गांव मा लईका मन बर गेड़ी दउड़, खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी, नरियल फेक अउ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन घलो करे जाथे।

छत्तीसगढिया मन ल हरेली तिहार के गाड़ा-गाड़ा बधई, जय छत्तीसगढ़ महतारी।

गोबर खरीदने से समृद्ध होगी धरती और किसान

गोविन्द पटेल

छत्तीसगढ़ सरकार का यह फैसला बहुत चुनौतियों भरा है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने में आलोचनाएं खूब होंगी, लेकिन सरकार ने इन आलोचनाओं की परवाह नहीं की, बल्कि जैविक खेती के साथ ग्रामीण संस्कृति को पुनर्जीवित करने दुष्कर संकल्प लिया है। लोकप्रिय बने रहने के लिये इससे भी आसान योजनाएं बनती आई हैं और सरकारी धन का अपव्यय होते रहा है, लेकिन गोधन न्याय योजना को धरातल पर लाने में लगन और कठिन परिश्रम की आवश्यकता होगी। निश्चित रूप से यह योजना सफल रही तो न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधारने बल्कि कृषि और लोगों की सेहत सुधारने के लिये क्रांतिकारी कदम साबित होगा। लोग फिर से गाय को लक्ष्मी के रूप में रखने प्रेरित होंगे।

बात 1995 की है, मेरे गांव में करीब 100 गाय कत्लखाने ले जाते हुए पकडी गई थी, गौरक्षकों ने उसे गांव के किसानों को बांटने का फैसला किया तो लोगों की लाइन लग गई। गाय के साथ किसान की फोटो ली गई और एक तख्ती लगाई गई 'अमानत'। यानी यदि गायों का कोई कानूनी वारिस हुआ तो अमानत वापस ले ली जाएगी। यह तो 25 साल पहले की परिस्थिति थी, जिसमें किसानों को गाय एक संपत्ति और वैभव की चीज लगती थी। ढाई दशक बाद किसान के खेतों के साथ उनके घरों की परिस्थितियां बिलकुल बदल चुकी हैं। आज की स्थिति में कोई किसान गाय नहीं पालना चाहता। बल्कि किसान अपनी गायों को दूसरों को मुफ्त में देना चाहते हैं, पर कोई लेना नहीं चाहता है। यही कारण है कि अब हर गांव की सड़कों पर गाय का झुंड बैठा नजर आता है। लोग जिसे गाय को लक्ष्मी का दर्जा देते थे, वही गांव वाले उसे खदेड़ने लगे हैं। आखरी यह समस्या क्यों आई? इसके तीन मुख्य कारण रहे हैं पहला चारागान की सिकुड़ती जमीन। दूसरा चरवाही और बरवाही का नहीं मिलना और तीसरा खेती का आधुनिकीकरण और रसायनिकरण। तो फिर इस समस्या का समाधान क्या है, जिससे किसान गाय पालें और हमारे आहार जहरीले रसायनें से मुक्त हो सकें।

एक बड़ी विडंबना यह भी है कि हमारी सरकार ने यूरिया जैसे जहरीले रसायन किसानों को बेचने कारखाने से लेकर सोसाइटी तक पूरा तंत्र बना रखा है। इसे किसान खरीद सकें इसके लिये उर्वरक ऋण भी देती हैं। यही नहीं देश में 73 हजार करोड़ रूपए की सब्सिडी यूरिया पर दी जाती है। पर लोगों को हासिल क्या हो रहा है? धीरे-धीरे हमारे अनाज अपनी पोषकता खो रही हैं, उनमें रसायन के गुण आ रहे हैं। जमीन भी अपनी उर्वरता नष्ट हे रही है। आहार में फैलते जहर पर हर कोई चिंता जाहिर करता है। हर कोई जैविक उत्पाद की बात करता है, परंतु इस दिशा में कोई प्रयास नहीं दिखता। किसान यदि अपने खेत में यूरिया डालता है तो सरकार की ओर से तीन से चार रूपए प्रति किलो की सब्सिडी पर यूरिया आसानी से उपलब्ध हो जाता है। लेकिन वही यदि गोबर खाद का उपयोग करना चाहे तो उसे कोई अनुदान या ऋण नहीं मिलता। गौ पालन ऐसा क्षेत्र है जो हमेशा से उपेक्षित रहा है। लेकिन गांव में गोबर आय

का जरिया भी रहा है।गोबर से बना छेना (कंडा) ढाई रुपए नें आज भी बिकता है। एक ट्रैक्टर ट्राली गोबर खाद खरीदना हो तो दो हजार रूपए में मिलता है। कृषि वैज्ञानिक और किसान गोबर खाद को सबसे बेहतर उर्वरक मानते हैं। पर हमारे पास ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे गोबर खाद खेतों तक पहुंचाया जा सके। दरअसल गौवंश को लेकर उतनी गंभीरता से आज तक किसी ने काम नहीं किया, जबकि हमारे प्रदेश में हर दो व्यक्तियों पर एक गौवंश है। 19वीं पशुगणना के अनुसार छत्तीसगढ़ में डेढ़ करोड़ मवेशी हैं। इनमें से 98 लाख गौवंश हैं। जिनमें से 48 लाख नर है और 50 लाख मादा। 50 लाख गायों में भी केवल 31 लाख दूध देने योग्य हैं। यानी 70 लाख गौवंश का कोई उपयोग नहीं हो रहा है।

गोधन न्याय योजना इस दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। हालांकि गोबर खरीदी का निर्णय भी लोगों तो आश्चर्यचकित करने वाला लग रहा है, लेकिन किसी भी नई व्यवस्था को तैयार करने के पहले इसी तरह का संशय बना रहता है। प्रदेश में जब पहली बार तेंदूपत्ता खरीदी की व्यवस्था लागू हुई तब क्या इस तरह के सवाल नहीं उठे रहे होंगे। आज आदिवासियों के आय का बड़ा स्त्रोत तेंदूपत्ता संग्रहण है। इसी तरह जब धान खरीदी की सरकारी व्यवस्था नहीं बनी थी तब किसानों को समर्थन मूल्य से आधी कीमत पर धान बेचना पड़ता था। आज एमएसपी से ज्यादा दाम मिल रहे हैं। धान खरीदी की व्यवस्था शुरू हुई तो कई दिक्कतें भी आईं। धान के दाने पानी में डूबोकर देखने के जुगाड़ से फजीहत भी हुई, लेकिन व्यवस्था बनने में समय लगता है। आज किसानों तक उनके उत्पाद का उचित मूल्य देने का एकमात्र विकल्प धान खरीदी है। यह इतना अधिक लोकप्रिय हो चुका है कि धान खरीदी ही सरकार बनाने के लिये मुख्य चुनावी मुद्दा होता है।

यदि गोबर खरीदने की व्यवस्था भी धान खरीदी की तरह सफल हो गई तो इसका फायदा पीढ़ियों को मिलेगा। अनाज के साथ मिट्टी को भी जहरीले रसायनों से मुक्त हो सकेगी। इस योजना के लिये सरकार ने लोगों की भागीदारी अधिक रखी है, यह ठीक वैसा ही काम होगा, जिसमें सीमेंट-कांक्रीट नजर नहीं आएगा, पर मनरेगा जैसा अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देगा। गोधन न्याय योजना में गोबर खरीदने का जिम्मा गोठान समिति को दिया गया है। स्वसहायता समूह को उससे वर्मी कंपोस्ट बनाने और किसानों को बेचने का जिम्मा यूरिया बेचने वाली सहकारी समितियों को ही दिया गया है। सरकार ने इस योजना के लिये वित्तीय व्यवस्था भी की है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गिरीं जब मेरे गालों पर तो मुस्काई

गिरीं जब मेरे गालों पर तो मुस्काई बहुत बूंदें किया जब ज़िक्र तेरा तो,हाँ शरमाई बहुत बूंदें। छुआ फिर मेरी आँखों को जो बारिश की फुहारों ने हँसी बनके लबों पर फिर उभर आई बहुत बूंदें।। **चारु अग्रवाल**

है दिवाकर उष्ण ऊर्जावान और धरा सुंदर शशि

है दिवाकर उष्ण ऊर्जावान और धरा सुंदर शशि शीतल मधुर, है ज ग म गा ता व्योम देखो चल रहे हैं सब शाश्वत नियम से ही बंधे सिर्फ मनुष्य शाश्वत नियमो को तोड़ना चाहता है ...जबकि प्रकृति की सबसे अच्छी रचना मनुष्य है आप सबका दिन शुभ हो।

मधुलिका शुक्ला

खास पाती | कौन जाने किसका कितना

कौन जाने किसका कितना चुकता करना है कि यहा गली गली हर शख्स बदल जाते है सौदेबाजी नित नित घटती ही रहती है कि वक्त वक्त पर हिसाब बदल जाते है लोग तो वही रहते है चेहरा धुंधला जाता है बनावट के इन शहरों में पर मिजाज बदल जाते है स्वरचित चन्द पंक्तियों के साथ आपकी सखी। **रेनूमनोज श्रीवास्तव**

तेरा मेरा साथ हो तो अच्छा हो

तेरा मेरा साथ हो तो अच्छा हो, रात हो या प्रात हो तो अच्छा हो। काटने को दौड़ता ये शांत घर बच्चों का उत्पात हो तो अच्छा हो। है उजालों से अदावत मेरी भी, बस अंधेरी रात हो तो अच्छा हो। गीत खुशियों के न गायें उम्र भर, ग़म की भी ख़ैरात हो तो अच्छा हो। भीगना पानी में अच्छा लगता पर, धूप की बरसात हो तो अच्छा हो।

डाः संजय दानी

कहाँ गया वो अपनी जान लुटाने

कहाँ गया वो अपनी जान लुटाने वाला खो गया जाने कहाँ मुझको चाहाने वाला।।।। रात आफ़त में कटी चाँद सितारे चुप थे एक जुगनू था बहुत शोर मचाने वाला।। याद आएगा उसे भी तो कभी नाम मेरा जिसका दावा था तुझे मैं हूँ भुलाने वाला। हम ही नादां थे हाँ वो था बहुत ही शातिर हम उसी के थे जो था हमको मिटाने वाला।। कितना मुश्किल है ग़र ऐसे ही कटेंगी रातें खुवाब आये भी तो आये है जगाने वाला। मून एक बार उसे तू भी अब दुआ दे दे हारकर खुश हो तुझे ज़श्न मनाने वाला। **मनोज कुमार मून**

वक़्त हँसाता है वक़्त रुलाता

वक़्त हँसाता है वक़्त रुलाता है वक्त ही बहुत कुछ सिखाता है वक़्त की कीमत जो पहचान ले वही मज़िल को पाता है खो देता है जो वक़्त को जीवन भर पछताता है क्योंकि गुजरा हुआ वक़्त कभी लौटकर नहीं आता है। **अरूणा राव**

ख्वाबों में इश्क हकीकत में मौन

ख्वाबों में इश्क हकीकत में मौन महंगाई में इश्क जताता है कौन जब है सिम्बाल केक और फूल के तो भला खरीद के लाता है कौन खरीदने में असमर्थ हैं सदा जो टमाटर माशूका को पिज्जा खिलाता है कौन खाके गम बचपन से हुए बढ़े पल दो पल दर्द से अघाता है कौन हर इक चीज पे लग रहा है टैक्स मुफ्त में दिल अब सहलाता है कौन दर्द से तड़प रहे मेरे देश के लोग मंच पे हो खड़े वो हंसाता है कौन! **संत आर थवाईत**

बोझिल सा मन कुछ उथल पुथल

बोझिल सा मन कुछ उथल पुथल कुछ समेटे हुए एक शहर जा रहा है। थे बहुत से वहाँ मेरे ख्वाब सिये कोई चादर को फड़े उधर जा रहा है वो सड़के वो राहे जहां साथ थे कुछ बोझिल सी बारिश हुई है वहां लोग ठिठके हुए कुछ सहमे से है मैं अकेले न जाने कहाँ जा रहा हूँ। **प्रिया मिश्र वेंणी**

ये शक्ति संघर्ष गहलोत पायलट

ये शक्ति संघर्ष गहलोत पायलट या सिंधिया कमल का नहीं है। ये भैया और जीजी का पावर केन्द्रीकरण का संघर्ष है! ?? सनद् रहे जो परिवार के इतिहास मे बोया जाता है वही फल भविष्य में प्राप्त होता है। बस वही इतिहास अपने आप को दोहरा रहा है। बहरहाल ये पार्टी वैसे हि प्राईवेट लिमिटेड कंपनी है इसलिए कार्यकर्ता क्या सोचते है उससे कोई मतलब नही।।**अंबर दानी**

QUIZ TIME

1) किस पोर्ट ट्रस्ट का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा गया है? (कोलकाता / कांडला)

2) 'ब्रुरियांग समझौता' 16 जनवरी 2020 को संपन्न हुआ। इसके तहत ब्रुरियांग आदिवासियों को किस राज्य में बसाया जाएगा?
(क) असम (ख) त्रिपुरा (ग) नागालैंड

3) सुपर सोनिक जेट किसे पतली करके प्रदूषण उत्पन्न करते हैं?

4) किस राज्य की अर्थव्यवस्था को मनीआर्डर अर्थव्यवस्था कहा जाता है?

5) फुटबॉल खिलाड़ी का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) कोलकाता (2) त्रिपुरा (3) ओजोन परत (4) उत्तराखण्ड (5) सुनील छेत्री

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 जुलाई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1903 - फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बाजार में उतारी। 1919 - माउंट एवरेस्ट को सबसे पहले जीतने वाले सर एडमंड हिलेरी का जन्म। 1944 - अमेरिका ने जापान के कब्जे वाले गुआम पर हमला किया। 1950 - बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह का जन्म। 1956 - फ्रांस ने ट्यूनीशिया को स्वतंत्र देश घोषित किया। 1969 - मानव ने चंद्रमा की सतह पर पहला कदम रखा। अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग ने इस इतिहास रचा। 1974 - तुर्की के हजारों सैनिकों ने ग्रीस की राजधानी एथेंस में चल रही बातचीत के विफल रहने पर उत्तरी साइप्रस पर हमला कर दिया। 1997 - तीस्ता नदी के जल बंटवारे पर भारत-बंगलादेश में समझौता।

छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ खूबचन्द बघेल को किया गया याद

- **जन्मतिथि पर पुण्य स्मरण कर दी श्रद्धांजलि**
- **जिला और शहर कांग्रेस कमेटी ने डॉ खूबचंद बघेल की जन्म तिथि पर किया आयोजन**
- **महापौर ,शहर विधायक , जिला पंचायत अध्यक्ष तथा शहर अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला**

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ खूबचन्द बघेल की 121 वी जयंती पर शहर व जिला कांग्रेस कमेटी ने नूतन चौक स्थित डॉ खूबचन्द बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में उनके योगदान का पुण्यस्मरण किया।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रमोद नायक ने कहा कि डॉ खूबचन्द बघेल छत्तीसगढ़ की माटी,संस्कृति,परम्परा से रचे बसे छत्तीसगढ़िया थे, जिन्होंने एक उन्नत,खुशहाल समाज (जिसमे जाति, धर्म,लिंग भेदभाव न हो)की परिकल्पना की और उसे मूर्त रूप देने के लिए भातृसंघ की स्थापना कर पृथक राज्य की मांग को लेकर अनेक आंदोलन किये। जिसका ही सुखद परिणाम था कि सन 2000 में एक पृथक राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश के जन्म का सपना साकार हुआ।शहर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेलज स्व खूबचन्द बघेल के सपनों का छत्तीसगढ़ गढ़ने में लगे हुए हैं।,यही कारण है कि खुशहाल किसान,खुशहाल गांव और खुशहाल छत्तीसगढ़ की परिकल्पना कर ग्रमीण जनजीवन पर विशेष केंद्रित योजनाएं बनाई जा रही हैं।,सरकार उनके नाम पर ÷डॉ खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य योजना ÷ लागू कर जनता को स्वस्थ्य छत्तीसगढ़ की ओर प्रेरित कर रही हैं।

महापौर रामशरण यादव ने कहा कि डॉ खूबचन्द बघेल का जीवन हमे प्रेरणा देती है कि हम भी यहां के गरीब,मजदूर,किसान के उन्नत के बारे में सोचें और एक समृद्ध समाज स्थापित करे। उन्होंने कहा कि,उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम छत्तीसगढ़ को आगे बढा सकते हैं।

महापौर रामशरण यादव ने इस अवसर पर घोषणा की कि डॉ खूबचंद बघेल की प्रतिमा प्रतिमा में माल्यार्पण के लिए स्टील की सीढ़ी बनाई जाएगी। और सरकारी घांस लगाकर छोटे से गार्डन का स्वरूप दिया जाएगा। ज़िला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह ने भी इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉक्टर खूबचंद बघेल के प्रेरणास्पद जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में शहर प्रवक्ता ऋषि पांडेय,ब्लाक अध्यक्ष विनोद साहू,अजय यादव,कार्यालय सचिव सुभाष ठाकुर,आशा पांडेय,शंकर सिंह परिहार,पूर्णानन्द चन्दा,पवन चन्द्रकर,एस एल रात्रे,ब्रजेश साहू संजय साहू,विनय शुक्ला,वीरेंद्र सारथी,कुंदन राव काम्बले,दिनेश सूर्यवंशी,जिनेश जैन,सुभाष सराफ,प्रदीप पांडेय,भविष्य चन्द्राकर,चितरंजन राजपूत,राजेंद्र वर्मा, नरेंद्र शर्मा,पूना राम कश्यप सूर्यमणि एवं तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

रोज-रोज के विवाद से तंग आकर शिक्षक ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

- **थाने पहुंचकर कर किया आत्मसमर्पण**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरगहनी में शिक्षक पति ने गैतीनुमा हथियार से घातक प्रहार कर अपनी पत्नी की की हत्या कर दी । महेंद्र कुलदीप खैरा के श्री विनायक नामक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। बताया गया है कि दोनों के बीच का विवाद कोर्ट तक पहुंच चुका था । रविवार को एक बार फिर 40 वर्षीय लता कुलदीप और महेंद्र कुलदीप के बीच झगड़ा होने लगा। जिससे अपना आपा खोकर महेंद्र कुलदीप ने घर में रखे गैती से पत्नी लता पर कई वार कर दिए जिससे उसकी की मौके पर ही मौत हो गई आरोपी अपनी शिक्षक कुल दीप पत्नी की हत्या करने के बाद स्वयं रतनपुर थाना पहुंचा और हत्या की जानकारी देते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। और हत्या की जानाकरी दी उसकी बातों को सुनकर पुलिस के भी होश फाख्ता हो गया ।आनन-फानन में पुलिस की टीम बिरगहनी पहुंची है जहां पूरे मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर लिया ।

जिले में बढ़ते कोरोना मरीजों की संख्या को देख पुलिस फिर हुई सख्त

- **बिना मास्क लगाये और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नही करने वालों के खिलाफकी गई कार्रवाई**

बिलासपुर । कोरोना संक्रमण को रोकने पुलिस ने कड़ाई बरतना शुरू कर दिया है । दो दिनों की चली इस कार्रवाई में पुलिस ने बिना मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों को तोड़ने वालों पर कार्रवाई जारी रखी. शनिवार को ऐसे 1324 लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई. जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है. जिसे गंभीरता से लेते हुए शासन प्रशासन ने भी कड़ाई बरतने के निर्देश दिए हुए हैं. इसी कड़ी में एसपी बिलासपुर प्रशांत कुमार अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को कड़ाई बरतने के निर्देश दिए हैं. जिसके बाद पुलिस ने बिना मास्क सड़कों और बाजारों पर निकलने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है. इसके अलावा सोश डिस्टेंसिंग के नियमों को तोड़ने वालों पर भी शिकंजा कसते हुए उन पर भी चालानी कार्रवाई की जा रही है आज अलग-अलग थाने में करीब 5 सौ कार्रवाई की गई थी. वहीं रविवार को यह आंकड़ा 13 सौ के पास पहुंच गया. अलग थाने में पुलिस ने 1324 ऐसे लोगों पर चालानी कार्रवाई की जो बिना मास्क बाहर घूमते मिले या सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों को तोड़ते दिखे।

इन-इन थानों में की कार्रवाई कार्रवाई-

एसपी प्रशांत कुमार अग्रवाल के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने 43, तारबाहर ने 42, तोरवा ने 83 बिना मास्क और 32 सोशल डिस्टेंसिंग की, सरकंडा ने 85, सिटी कोतवाली ने 207 बिना मास्क और 1 सोशल डिस्टेंसिंग की, कोनी ने 25, सिरगिट्टी ने 74, चकरभाठा ने 10, सकरी ने 13 बिना मास्क और 26 सोशल डिस्टेंसिंग की, हिर्री ने 13, बिल्हा ए 66, मस्तूरी ने 160 बिना मास्क और 25 सोशल डिस्टेंसिंग की, पचपेड़ी ने 53, सीपत ने 87, तखतपुर ने 20, कोटा ने 78, बेलगहना ने 100 और रतनपुर पुलिस द्वारा ने 61 कार्रवाई की गई ।

देवरीखुर्द चेक डैम में डूबे आयुष सोनी की लाश करीब 24 घंटे बाद मिली

बिलासपुर । दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए मसान गंज सरजू बगीचा निवासी 19 वर्षीय पेशे से ड्राइवर आयुष सोनी का कश्यप का शव करीब 24 घंटे बाद चेक डैम से कुछ दूर जे के कॉलेज के पास मिला है। इसी के साथ आयुष के जिंदा होने की सारी उम्मीदें खत्म हो गई सरजू बगीचा निवासी

आयुष पिछले कुछ दिनों से बीमार था लेकिन फिर भी दोस्तों की जिद के आगे वह मान गया और उनके साथ पिकनिक मनाने देवरीखुर्द चेक डैम चला गया । अपने दोस्त प्रवीण रजक के जन्मदिन में आयुष सोनी के अलावा और 14 ङ्क 15 साथी कार में सवार होकर देवरीखुर्द चेक डैम पहुंचे थे। जहां इन लोगों ने खाना बनाकर खाया और फिर नहाने चेक डैम में उतर गए। नहाने के बाद सभी दोस्त बाहर निकल आए लेकिन आयुष नहीं निकला। कुछ देर तक दोस्तों ने उसकी तलाश की फिर बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद तोरवा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी द्वारा गोताखोर बुलाये गए लेकिन अंधेरा होने के कारण उसकी तलाश नहीं की जा सकी। रविवार सुबह से गोताखोर तोरवा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी के साथ आयुष के शव की तलाश करते रहे। दोपहर बाद उन्हें डूबने वाले स्थान से कुछ दूर आगे उसकी लाश मिली जो बह कर जेके कॉलेज तक पहुंच गई थी।

छत्तीसगढ़ में असंतोष जैसी कोई बात नहीं, सब एकजुट हैं

बृजमोहन अग्रवाल भाजपा को संभालें, सरकार की चिंता न करें -संसदीय सचिव मिंज

बिलासपुर । कुनकुरी के विधायक और संसदीय सचिव यूडी मिंज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस व सरकार बहुत मजबूत स्थिति में है यहां असंतोष जैसी कोई बात नही है । सारे विधायक और संगठन के नेता एकजुट है। भाजपा शासन के मंत्री रहे वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल अपनी पार्टी की चिंता करें और भूपेश बघेल सरकार के बारे में सोचना व चिंता करना बन्द कर दें क्योकि यहां भाजपा की कोई भी दाल नही गलने वाली है।

कुनकुरी जाते हुए बिलासपुर में रुके श्री मिंज ने चर्चा करते हुए प्रदेश में शराब बंदी के प्रश्न पर कहा कि सरकार योजनाबद्ध ढंग से शराबबंदी करने कटिबद्ध है और उस पर अमल भी किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वे आभारी है उन्होंने मुझ पर भरोसा करके संसदीय सचिव बनाते हुए उद्योग एवं आबकारी वणिज्यककर जैसे महत्वपूर्ण विभाग के मंत्री के साथ मुझे संलग्न किया है ।

उन्होंने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मप्र राजस्थान जैसी स्थिति छत्तीसगढ़ में शीघ्र आने जैसे बयान पर कहा कि श्री अग्रवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता है 15 वर्षो तक वे मंत्री रहे है मगर उनकी ही पार्टी में घमासान मचा हुआ है पहले वे अपनी पार्टी को संभाले उसके बाद कांग्रेस की चिंता करें । वैसे उन्हें वर्तमान सरकार की चिंता करने की जरूरत नही है क्योंकि यहां हम सब विधायक और पार्टी कार्यकर्ता एकजुट हैं ।सब सजग है और कोई असंतुष्ट नही है रही बात संसदीय सचिवो की नियुकित और निगम व मंडलों में रिक्त पदों पर मनोनयन का तो देर होने के पीछे कई कारण है। समय तो लगता ही है । इन नियुकितयो को राजस्थान में राजनैतिक संकट और असंतोष को रोकने के लिए उठाया गया कदम मानना एकदम गलत है । छत्तीसगढ़ में ऐसा कुछ नही है भाजपा के नेता ऐसी बातें फैलाकर सिर्फ ख्याली पुलाव पका रहे है ।

फारेस्ट विभाग की कार्रवाई, लाखों की इमारती लकड़ी की जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कोटा बेलगहना वनविभाग परिक्षेत्र के जंगलों में इमारती लकड़ी की अवैध कटाई के मामले में आखिरकार वन विभाग की नींद खुली और विभाग की टीम ने बेलगहना परीक्षेत्र के अंदर शास्त्री नगर के मोहल्ले में रहने वाले रमेश पनरिया, सत्यम पनरिया के घर में छापा मारकर लाखों रुपए की इमारती लकड़ी जब्त की है ।

ग़ौरतलब है कि बेलगहना वन विभाग अंतर्गत कई ऐसे जगहों पर आए दिन इमारती लकड़ी की कटाई लगातार हो रही है, जिसे लेकर शिकायत भी की गई थी, जिसके बाद अब कही जाकर वन परीक्षेत्र अधिकारी विजय साहू एवं स्टाफ के साथ शास्त्री नगर स्थित रमेश पनरिया के मकान पर छापा मारकर अवैध रूप से रखे इमारती लकड़ी एवं पलंग, डाइनिंग टेबल, सोफा सेट और बनाने की सामाग्री मोटर को जब्त किया गया है। वन परीक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति के यहां फर्नीचर के काम के लिए अवैध रूप से लकड़ी लाकर कार्य किया जा रहा था, जहाँ छापेमारी की गई और लकड़ी को जब्त किया गया।

इन सभी की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। फ़िलहाल मामले में वन विभाग की उदासीनता से भी इंकार नही किया जा सकता क्योंकि वनों की अवैध कटाई का मामला नया नही है, जंगलों में आसानी से इसका नजारा देखा जा सकता है, वही वनों की अवैध कटाई बिना वन कर्मचारियों के जानकारी के संभव नहीं है।

पीडब्ल्यूडी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में रोज जम रहे नाथ गुरुओं की जुआ महफिल

जगदलपुर । लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता कार्यालय में भले ही कोरोनावायरस काल के कारण काम-धाम बंद हो किंतु अधिकारी की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर उनके मातहत कर्मचारी किस प्रकार मनोरंजन का नाम देकर ताश के नाम पर सरेआम जुआ खेलते हैं

कार्यालय समय के दौरान काम धाम को ताक पर रखकर यह कर्मचारी बिना किसी संकोच के जुआ खेलते हुए देखे जा सकते हैं लोक निर्माण विभाग के एक सूत्र ने इस प्रतिनिधि को बताया कि ये कर्मचारी वर्षो से इसी विभाग में पदस्थ है और कार्यपालन अभियंता के विभागीय खास समझे जाते हैं अतः इस विभाग के अन्य कर्मचारी इनको इस प्रकार ताश के बहाने दाव लगाकर खेलने से मना भी नहीं कर पाते हैं

इसी सूत्र का दावा है कि लंच समय शुरू होने के साथ ही कुछ विभागीय कर्मचारी के साथ कुछ बाहरी लोगों के साथ दाव पर दाव लगा कर इस विभाग के कार्यपालन अभियंता से जुड़े कर्मचारी के साथ लगाते हैं दोपहर से लगाने का सिलसिला शुरू होता है वह देर रात तक चलता है

मिली जानकारी के अनुसार रात ढलते ही इन कर्मचारीनुमा जुआरी शराब पीकर हल्ला करने के साथ ही कभी-कभी आपस में पैसे के लेनदेन को लेकर गाली गलौज से लेकर मारपीट तक उतारू हो जाते हैं इस विभाग के अन्य कर्मचारी इन जुआरी कर्मचारी से हमेशा सहमे रहते हैं क्योंकि कार्यपालन अभियंता के खासमखास होने का दावा के साथ वर्षो से यहीं जमे रहने के कारण ये कर्मचारी के हौसले बुलंद रहते हैं

कहा तो यह भी जाता है कि कथित अभियंता वर्षो से यही जमकर राजनेताओं की चाटुकारिता करता है अपने आप को राजनेताओं का गुरु बताने वाला है यह राजगुरु नगद देकर सभी नेताओं की कुंडली खरीद रखा है अगर जल्द ही इस राजगुरु बनने वाले इस नाटगुरु के ऐसे लोगों पर लगाम नहीं लगाया गया तो लोक निर्माण विभाग कार्यालय राजनीतिक जुआ अड्डा केंद्र बन कर रह जाएगा।

कृषि विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत दिये जाएंगे राज्य, जिला और विकास खण्ड स्तरीय उन्नत कृषक पुरस्कार

मुंगेली। कृषि विभाग की एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजना के अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशु पालन एवं मत्स्य पालन क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषको को राज्य, जिला और विकास खण्ड स्तरीय उन्नत कृषक पुरस्कार दिये जाएगे। इस हेतु कृषक 31 जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र जिला व विकास खण्ड स्तरीय संबंधित क्षेत्र के कार्यालयों मे सीधे अथवा डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने बताया कि प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी कृषि विभाग की एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजना के अंतर्गत राज्य, जिला और विकास खण्ड तीनो स्तर पर उन्नत कृषक पुरस्कार दिये जाएगे। कृषि धान, कृषि दलहन तिलहन, उद्यानिकी, पशु पालन एवं मत्स्य पालन क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रत्येक क्षेत्र के दो-दो कृषको को अर्थात् 20 कृषको को राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कार दिये जाएगे। इसी तरह कृषि धान, कृषि दलहन तिलहन, उद्यानिकी, पशु पालन एवं मत्स्य पालन क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रत्येक क्षेत्र के एक-एक कृषक अर्थात् 5 कृषको को विकास खण्ड स्तरीय पुरस्कार दिये जाएगे।

संसदीय सचिव मिंज की ऐसी सादगी कि सड़क किनारे मकान की सीढ़ी पर बैठ मित्र मंडली के साथ ठेले की चाय पी

- **मित्र मंडली ने किया आत्मीय स्वागत**

बिलासपुर । कुनकुरी के विधायक और दो दिन पूर्व बनाये गए संसदीय सचिव यूडी मिंज अभी भी नही बदले है । उनकी सादगी का आलम यह है कि बिलासपुर के मित्र मंडली ने उन्हें संसदीय सचिव बनाये जाने पर स्वागत के लिए बुलाया । शनिवार शाम को श्री मिंज प्रतीक्षा कर रहे अपने मित्र मंडली से मिलने अकेले आ पहुंचे । मित्र मंडली संतोष भुवन होटल के बगल से सड़क पर चाय ठेले के सामने उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे । वहां पहुंचने पर मित्र मंडली ने शनि मंदिर जाने वाली सड़क पर ही उनका स्वागत किया । बात चाय पीने पिलाने की आई तो श्री मिंज वही सीढ़ी पर बैठ गए और दोस्तो के साथ ठेले वाले की चाय पी वह भी डिस्पोजल वाली कप में ।

उल्लेखनीय है कि श्री मिज विधायक बनने के पहले बिलासपुर के पुराने काफी हाउस में नियमित आते और अंतिम छोर की कुर्सी पर बैठे रहते । मित्र मंडली के पहुंचने पर काफी हाउस में घण्टो बैठ मित्रों के साथ काफी ,चाय पीते और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा चलती । श्री मिंज के कुनकुरी के विधायक निर्वाचित होने पर पूरी मित्र मंडली ने उन्हें बधाई दी थी उसके बाद उनका बिलासपुर आना कम हो गया मगर उन्हें भूपेश बघेल सरकार ने दो दिन पूर्व संसदीय सचिव बनाते हुए वाणिज्यक कर एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा के साथ संलग्न किया तो मित्र मंडली ने श्री मिंज का स्वागत करना चाहा ।

श्री मिंज आज दोपहर बिलासपुर पहुंचे तो उन्होंने मित्रों को याद किया तो सारे मित्र जिनमे कांग्रेस व भाजपा के कार्यकर्ता थे संतोष भुवन होटल के पास एकत्र हुए और उनका स्वागत किया । स्वागत करने वालों में मित्र मंडली के धर्मेन्द्र चौहान , सोमेश तिवारी , बलराम देवांगन , कोमल ठाकुर , अशोक कौशिक , राकेश देवांगन , मनोहर कूर्रे , कैलाश गुप्ता , अमृत यादव , चन्दर वीरवानी , देवेंद्र कृष्णन , शशि बंजारे , रघु भारती , इन्द्रासन सिंग , मेलू साहू , रमेश सूर्या , राधा गुड्डू , सोनी जी आदि शामिल रहे।

रेत घाट से रात में उत्खनन, खनिज विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में

- सेटिंग से हो रहा उत्खनन
- शहर के एक रसूखदार की भूमिका

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। रेत उत्खनन के लिए हाई लेबल सेटिंग का खेल शुरू हो गया है। शहर के एक रेत माफिया अब रात के अंधेरे में भिलाई खुर्द से रेत निकाल रहा है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रेत निकालने के लिए रायपुर के एक कद्दावर नेता ने जिला प्रशासन की टीम के साथ समझौता कराया है। यही वजह है कि रेत माफिया रात के अंधेरे में बेधड़क रेत निकाल कर ऊँचे दाम पर बेंच रहे है।

कोरबा एनजीटी के आदेश के बाद प्रशासन द्वारा जिले के रेट घाटों में भले ही उत्खनन पर रोक लगा दी गई है लेकिन शहर के एक रेत घाट में सेटिंग की वजह से रात्रि में उत्खनन हो रहा है जिसे भारी वाहनों के माध्यम से महंगे दरों में बेचा जा रहा है पिछले 2 दिनों से प्रशासन की मदद से या गोरख धंधा बेधड़क जारी है और इसके पीछे शहर के एक रसूखदार की भूमिका है।वर्तमान में लोगों को आवश्यक कार्य के लिए रेत नहीं मिल पा रहा है क्योंकि

एनजीटी के आदेश के बाद जिला प्रशासन द्वारा सभी रेत घाटों में खुदाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है कुछ दिनों तक ट्रैक्टरों के माध्यम से रेप की आपूर्ति होनी थी लेकिन पुलिस व खनिज विभाग की ठोस कार्रवाई की वजह से इस पर लगाम लग गया इसके बाद रेत के लिए जिले में त्राहिमाम म च गया लेकिन पिछले 2 दिनों से सीतामढ़ी क्षेत्र के एक भाग में धड़ल्ले से रेत की निकासी हो रही है इस गोरखधंधे को अंजाम देने के लिए शहर के एक रसूखदार ने नायाब तरीका अपनाया है पहले उसने प्रशासन से सेटिंग किया और रात्रि में भारी वाहनों के माध्यम से खुदाई कर हाईवा के माध्यम से गंतव्य स्थल तक पहुंचाने का निर्णय लिया और इस काम में उसे पूरा सहयोग मिल रहा है सूत्रों का कहना है कि देव रात्रि पूरे लाव लश्कर के साथ खुदाई का कार्य प्रारंभ होता है और और सुबह तक जारी रहता है ताकि किसी की नजर इस पर न पड़ सके ऐसा नहीं है कि इसकी भनक संबंधित अधिकारियों को नहीं है लेकिन सेटिंग की वजह से यह कार्य धड़ल्ले से जारी है फिलहाल जरूरतमंद लोगों को महंगे दरों पर इसकी बिक्री की जा रही है लगभग 5 से छह हजार प्रति हाईवा की दर पर बाजार में रेत उपलब्ध है।

सीएम के आदेश की अवहेलना

पिछले दिनों प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने आदेश जारी किया था कि प्रदेश में सभी अवैध धंधों पर रोक लगाई जाए इसके लिए उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों सहित प्रशासनिक अमले को कठोर कार्रवाई करने को कहा है लेकिन इसके बावजूद जिले में अवैध रेट घाट के संचालन की अनुमति दी गई है कुछ दिनों से पुलिस महकमे द्वारा रेप के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि खनिज विभाग का पूरा अमला प्रारंभ से ही इस मामले में संदिग्ध है ऐसे में जिले के आला अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

ट्रैक्टर मालिकों की फरियाद

इस मामले में सबसे अहम तथ्य है कि जिले में सैकड़ों ट्रैक्टर मालिक का परिवहन करते हैं लेकिन लगातार कार्रवाई की वजह से यह कार्य बंद है लेकिन रेत घाट के संचालन प्रारंभ होने के बाद अनेक ट्रैक्टर मालिकों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है जिस में उल्लेख है कि भारी वाहनों से रेट की ढुलाई हो रही है जबकि लाख डाउन की वजह से उनके समक्ष भूखों मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई है और बैंकों का कर्ज अलग से है उनका कहना है कि इस परिस्थिति में उन्हें उन्हें भी रेट परिवहन करने की छूट दी जाए क्योंकि 2 दिनों से यह कार्य जारी है कलेक्टर को सोपे गए ज्ञापन मैं वाहन मालिकों ने फरियाद लगाई है कि उनके साथ न्याय किया जाए।

जल्द मिलेगी मक्का प्रोसेसिंग प्लांट की सौगात कोंडागांव को

- कलेक्टर मीणा ने तय समय-सीमा में तत्काल प्लांट निर्माण कार्य आरम्भ करने के दिये निर्देष

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। बस्तर के आदिवासी बहुल जिले कोण्डागांव में प्रस्तावित महात्वाकांक्षी परियोजना मॉ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण ईकाई निर्माण की शुरूवाती प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। ज्ञातव्य है कि जिला कोंडागांव के किसानों द्वारा किया जा रहा मक्का उत्पादन एक समस्या की तरह नजर आता था क्योंकि स्थानीय स्तर पर मक्के की खपत ना होने की वजह से फसल के दाम नहीं मिल पाते थे। पर छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन की पहल पर कोंडागाँव के 65 हजार किसानों ने एक साझा सपना मक्का प्रसंस्करण इकाई के रूप में देखा। सहकारिता की मूल भावना को केंद्र में रखकर आरंभ किया गया यह भागीरथ प्रयास धीरे-धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहा है। अनगिनत लोगों के मानसिक श्रम, सोच और संकल्पना के साथ ही असंख्य श्रमवीरों की शुभेच्छा और श्रम साधना अब आकार ले रही है। जिला प्रशासन के प्रयासों की बदौलत ही मक्का प्रसंस्करण के प्रकल्प से 50 हजार के लगभग किसान अल्प समय में जुड़े और परियोजना के हिस्सेदार बने हैं। कोंडागाँव के किसानों के लिए समस्या की तरह नजर आने वाला मक्के का विपुल उत्पादन समाधान में बदलने की कवायद के रुप में यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ रहा है और इस सहकारिता की भावना ने आज एक आंदोलन का रूप ले लिया है ।

इस संबंध में जिले के कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित आज आवश्यक बैठक रखी गई थी। इस बैठक में कलेक्टर ने प्रस्तावित प्लांट की क्षमता, उत्पादन, मानव शक्ति, मक्के के विभिन्न उत्पादों के निर्यात, परिवहन, बाजार प्रबंधन, किसानों के लाभांश का बारीकी से विश्लेषण करते हुए विभिन्न निर्देश दिये। बैठक में जानकारी दी गयी कि कुल 136 करोड़ की लागत से स्थापित होने जा रही यह इकाई मुख्यतः मक्के से स्टार्च, ग्लूटोन, ग्लूकोज, प्रोटीन व फाइबर का निर्माण करेगी साथ में यह भी बताया गया कि इन सभी उत्पादों की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में जबरदस्त माँग है। 300 टन प्रतिदिन मक्के की खपत वाला यह कारखाना अपने उत्कृष्ट उत्पादन , विपणन व मार्केटिंग कौशल से 4 वर्षो में स्वावलंबी हो सकेगा।

चूंकि इस प्रसंस्करण ईकाई में जिले के 50 हजार कृषक हिस्सेदार बने हैं उसे देखते हुए यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि बस्तर के अबूझ कहे जाने वाले वनवासी जन अपने श्रम की सामर्थ्य और सहकार भाव से समूचे प्रदेश को विकास की नई राह दिखाने के साथ ही मक्का प्रसंस्करण इकाई के रूप में आर्थिक समृद्धि की एक नई नजीर पेश करने जा रहे हैं जिससे जिले की आने वाली पीढ़ियां दीर्घकाल तक प्रेरणा लेती रहेंगी। मक्का कारखाने की पूर्ण होने की समय सीमा यूं तो 18 माह नियत है लेकिन जिला कलेक्टर द्वारा त्वरित पहल करते हुये मक्का प्लांट में आने वाली तमाम रूकावटों को दूर कर तत्काल निर्माण कार्य आरंभ करने निर्देशित किया गया और उम्मीद जताई कि परियोजना तय सीमा से पहले ही बन कर तैयार होगी।

जहां तक प्लांट की स्थापना से यहां के कृषकों को मिलने वाले दुरगामी लाभ पर दृष्टि डाली जाये तो वर्तमान में जहां कृषकों को मक्का के प्रति क्विंटल मूल्य 1 हजार से 15 सौ रूपये मिल रहा है वहीं प्रोसेसिंग पश्चात् उन्हें 35 सौ रूपये प्राप्त होंगे। इस प्रकार कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी इसके अलावा मौजुदा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय बाजार के नजरिये से भी प्लांट की एक बड़ी भूमिका होगी। साथ में स्थानीय तौर पर प्रत्यक्ष रूप में 8 सौ से 1 हजार लोगो को तत्काल रोजगार उपलब्ध होगा जबकि अप्रत्यक्ष रूप से 1 लाख व्यक्ति रोजगार की दृष्टि से लाभांवित होंगे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय कृषकों के लिए बेहद अहम इस सयंत्र के स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ हो चूकी है। और यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि आने वाले समय में यहां के कृषकों के सामाजिक आर्थिक बदलाव में इस सयंत्र की प्रमुख भूमिका होगी। और इस संबंध में हर समय-सीमा बैठक में सयंत्र निर्माण की प्रक्रिया चरणबद्ध समीक्षा की जायेगी।

जिले में तीन कोरोना पॉजिटिव मिले तीनों पथरिया विकास खण्ड के सरगांव क्षेत्र के

मुंगेली। छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर के मीडिया प्रभारी द्वारा देर रात जारी कोरोना सूची में 215 पॉजिटिव मरीज पाये जाने की घोषणा की है। जिसमें से 3 कोरोना संक्रमित व्यक्ति मुंगेली जिले के मिले है जो कि पथरिया विकास खण्ड के सरगावं क्षेत्र के है। जिसकी पुष्टि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई है। अब जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 132 से बढ़ कर 135 हो गई है। ज्ञातव्य है कि 123 मरीज स्वस्थ होकर लौट चुके है जिसके पश्चात जिले में पॉजिटिव मरीज की संख्या जो 9 थी व बढ़ कर 12 हो गई है। जिले में अब तक कोरोना से किसी की मृत्यु नही हुई है। पाये गए तीन संक्रमित मरीजों में से एक पुरूष ग्राम बिदबिदा के क्वारेंटाइन से में था। वहीं एक व्यक्ति बिलासपुर रायपुर मार्ग में सरगांव के पास पेट्रोल पंप का कर्मचारी व तीसरा व्यक्ति वहीं पास में पान ठेला चलाता है। उल्लेखनीय है पेट्रोल पंप में कार्य करने वाले व्यक्ति व पान ठेला चलाने वाले व्यक्ति के संबंध प्रतिदिन बहुत से लोगो के संपर्क में आता है। अतएव सम्पर्क में आये लोगो का पहचान कर उनका परीक्षण कराया जायेगा। तीनों संक्रमित मरीजों को जिला अस्पताल मुंगेली के कोविड अस्पताल में भर्ती करने के लिए लाये जा रहा है।

राम वन गमन पथ के साथ छत्तीसगढ़ को हरियाली से आच्छादित करना है: गुलाब कमरो

अलग-अलग प्रकार के पौधों का रोपण

शासन के निर्देशानुसार रामवनगमन पथ मे पीपल,आम,जामुन, सीताफल जैसे पौधों का रोपण कार्य किया जाना है।महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित बांस ट्री गार्ड के माध्यम से पौधों का घेराव कर बचाव करने प्रयास किया जा रहा है।

कोरिया। छत्तीसगढ़ को हरित प्रदेश बनाने के संकल्प के तहत राम वन गमन पथ को हरियाली से आच्छादित करने हेतु वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व राज्य मंत्री गुलाब कमरो के मुख्य आतिथ्य में हुआ उक्त आयोजन वन विभाग के द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुवात पूर्व सर्वप्रथम हरचौका में स्थित देवी मंदिर में पूजा अर्चनाकर क्षेत्र के विकास, उन्नति, खुशहाली,प्रगति,सुख-शांति हेतु कामना की राम गमन पथ हरचौका में कार्यक्रम के दौरान विधायक गुलाब कमरो,के साथ कलेक्टर कोरिया एस एन राठौर,पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह, डीएफओ विवेकानन्द झा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह,जिला पंचायत सभापति श्रीमती उषा सिंह,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती फूलमती नेटी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, सरपंच पूनम सिंह, मनेन्द्रगढ़ जनपद अध्यक्ष डॉ विनय शंकर सिंह,उपाध्यक्ष राजेश साहू,व कई जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की यह महत्वपूर्ण योजना है, जिसमे राम वनगमन पथ पर हजारों की संख्या वृक्षारोपण किया जाना है। निश्चित ही इसमें हरियाली दिखेगी। वही उन्होंने लोगो से वृक्ष लगाने की अपील की करते हुए, छत्तीसगढ़ प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने के संकल्प तहत राम वन गमन पथ हरचौका को हरियाली से अच्छादित करने की बात कही ।

राम वन गमन पथ हमारे क्षेत्र का गौरव बनेगा -

विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि राम वन गमन पथ हमारे क्षेत्र का गौरव बनेगा और हरचौका का विशेष नाम होगा, सरकार राम वन गमन पथ पर कार्य कर रही है, बहुत जल्द यह मूर्त रूप में आएगा, विधायक गुलाब कमरो ने राम वन गमन पथ के लिए विशेष रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत को धन्यवाद ज्ञापित किया पूरे कार्यक्रम के दौरान एसडीएम विरेन्द्र लकड़ा, तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह, नायाब तहसीलदार, विप्लव श्रीवास्तव,श्रीकांत पांडे, एसडीओ जे.एस.कंवर,जनपद सदस्य मकसूद आलम ,विमल हितकर,विजय कुमार टाडिया, राजाराम कोल,पिंटू भास्कर,सुरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभात सिंह,रविप्रताप सिंह, रामसुमन यादव,अवधेस प्रताप सिंह,विनीत सिंह,अंकुर प्रताप सिंह,संजीव गुप्ता,छोटेलाल वर्मा,लालसाय सिंह,बृजलाल वर्मा,दलवीर बैगा, बिज्जू बाबा, विधायक कार्यालय प्रभारी रविन्द्र सोनी, विधायक जिला प्रतिनिधि रंजीत सिंह उपस्थित रहे ।

नक्सलियों ने ग्रामीणों को पुलिसिया मुखबीर बताकर पीटा

- घायलों का इलाज दंतेवाड़ा अस्पताल में जारी

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्यान थानाक्षेत्र अंतर्गत परचेली बोरपदरपारा में नक्सलियों ने ग्रामीणों की बेदम पिटाई कर दी. ग्रामीणों पर नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाया है. घायल ग्रामीणों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ग्रामीणों के शरीर में गहरे जख्म दिखाई दे रहे हैं. यह वारदात 17 जुलाई की है. मामला कटेकल्याण थाना क्षेत्र का है. इस घटना की पुष्टि एसपी अभिषेक पल्लव ने की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक,

17 जुलाई की रात तकरीबन 10 से 15 नक्सली ग्राम परचेली पोरबदर पारा देर रात पहुंचे थे. नक्सलियों ने ग्रामीणों पर पुलिस मुखबिरी करने का आरोप लगाया है. इसके बाद निर्दोष गांव वालों की निर्मम और बेरहमी से पिटाई कर दी. पुरुषों के प्रजनन अंग में भी कई वार किए. ग्रामीण चलने फिरने की स्थिति नहीं है. महिलाओं को भी बुरी तरीके से मारा है. इन महिलाओं के मासूम बच्चे हैं. इसके बाद भी मारा गया. घटना की सूचना के बाद पुलिस ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में सभी घायलों को भर्ती कराया गया. जहाँ सभी का इलाज जारी है।

केशकाल विधानसभा जनसंवाद रैली को सेवकराम और हरिशंकर नेताम ने किया संबोधित

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आज 19 जुलाई रविवार को हुई डिजिटल जनसंवाद रैली को फेसबुक लाइव के माध्यम से मुख्य वक्ता के रूप में सेवकराम नेताम और हरिशंकर नेताम ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शुश्री लता उसेण्डी उपस्थित रहीं। संबोधन में सेवकराम नेताम ने मोदी सरकार की तमाम उपलब्धियों को विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 3 तलाक,अनुच्छेद 370, राम मंदिर जैसी घोषणाओं को अपने दूसरे कार्यकाल में पूरा किया।साथ ही घर घर शौचालय, प्रधानमंत्री

आवास,जनधन योजना,क्षेत्र में हो रही रुबन की योजनायें, इन जैसे तमाम योजनाये देश मे चल रही हैं।साथ ही हरिशंकर नेताम ने राज्य में कांग्रेस सरकार के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश सरकार बनते ही नरवा,गरवा, घुरवा बाड़ी के प्रचार प्रसार में सरकार ने विज्ञापन में जितने पैसे सरकार ने खर्च किये उतने में तो प्रत्येक पंचायतों में योजना का सही इस्तेमाल हो जाता तो सभी जगहों पर गोठान निर्मित हो चुका होता। और कहा कि रोका- छेका योजना का छत्तीसगढ़ में कहीं कोई असर नही दिखता।

इसके पश्चात लता उसेण्डी ने संबोधन में केंद्र की उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया।

कार्यक्रम का मंच संचालन तरुण साना ने किया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने की। साथ ही बैठक में मनोज जैन, प्रवीण बदेशा, गोपाल दीक्षित, श्रीमती हेमकुंवर पटेल ,गणेश दुग्गा,जितेन्द्र सुराना, रामेश्वर उसेण्डी,जसकेतु उसेण्डी,आकाश मेहता,प्रतोष त्रिपाठी, विश्वनाथ सिकदर, हेमचंद देवांगन,विजय पोया, बरातू दीवान, टिमिर प्रकाश, शंकर मरकाम,आदि केशकाल भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डॉ. राम विजय शर्मा को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार 2020 से नवाजा गया

मुंगेली। डॉ. राम विजय शर्मा शोधकर्ता इतिहासकार, साहित्यकार, एवं तहसीलदार को श्रीपरमहंस एजुकेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरूष्कार 2020 से नवाजा गया। यह सम्मान समारोह 04 जुलाई 2020 को नई दिल्ली में आयोजित हुआ था। डॉ. राम विजय शर्मा ने अंतागढ़ अंचल के कोलर में बहुत बड़ी संख्या में पौराणिक ताड़पत्र पाण्डुलिपियों की खोज की थी। ये पाण्डुलिपियाँ ताड़पत्र पर लिखित है। तथा कोलर परगना के हलबा आदिवासियों द्वारा प्राचीन काल में लिखा गया है। यह खबर इण्डिया टूडे में भी छपा था। इन ग्रंथों में देवपांजी, लक्ष्मी पुराण, काग बोली ग्रंथ, गणेश पुराण, आदि प्रमुख है। देवपांजी से व्यक्ति के जीवन में आने वाली संकट एवं रोग-दुःख का पता चल जाता है। इनसे निदान के लिए उसमें उपाय बताया गया है। लक्ष्मी पुराण में महालक्ष्मी की कथा है तथा बताया गया है कि लक्ष्मी का अपमान करने से व्यक्ति जीवन भर दुःख भोगता है। इसमें यह बताया गया है कि लक्ष्मी पुराण में उस समय की सामाजिक स्थिति एवं आर्थिक स्थिति का विवरण भी उपलब्ध है। इसी तरह गणेश पुराण में गणेश जी की कथा है तथा किस तरह उनका सिर काटकर हाथी का सिर लगाया गया था। काग बोली ग्रंथ में काग भुसुण्डी जी की कथा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. राम विजय शर्मा प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र एवं शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों की मांग व सरकारी विभाग में रिक्त पदों में भर्ती को लेकर आप जिला अध्यक्ष पीताम्बर नाग आमरण अनशन पर

- कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो कहा गया वह केवल सत्ता के लालच में कहा गया था क्या : चन्द्रभान श्रीवास्त

कोंडागॉव। आप पार्टी के चंद्र भान श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा चयनित शिक्षको की नियुक्ति को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने हरसंभव प्रयास किया इस विषय की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से मिलने का समय मांगा गया लेकिन हमसे बात करना तो दूर वे इस विषय पे चर्चा ही नही करना चाहते ।

इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने व इसकी गंभीरता को देखते हुए विगत 3 जुलाई से प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने आमरण अनशन करने का निर्णय लिया व वे पार्टी के राज्य कार्यालय में आमरण अनशन पर बैठ गए ।

लेकिन सरकार में बैठे लोग अपने सत्ता के नशे में इतने मस्त है कि वे आमरण अनशन कर रहे प्रदेश अध्यक्ष किस लिए यह अनशन कर रहे है वे सुनना ही नही चाहते वे आंदोलन को कुचलने का प्रपंच बार बार रच रहे है ।

इस बहरी सरकार को अपनी बात सुंनाने के लिए अब हम जिला स्तर पर आमरण अनशन की

शुरुआत कर रहे है।

कोंडागांव जिला में आज दो मुख्य मांग को लेकर पार्टी के जिला अध्यक्ष पीताम्बर नाग आमरण अनशन पर बैठ गए है, उन्होंने कहा कि हमारी केवल दो मांग है

14580 शिक्षक अभ्यर्थियों की नियुक्ति । वही दूसरी प्रदेश के सरकारी विभागों में रिक्त पदों में भर्ती की मांग। इन दो मांगों के साथ अब हम आमरण अनशन कर रहे है ।

उदय सिन्हा ने कहा हम तो कोंग्रेस सरकार द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कैबिनेट ने संकल्प पत्र का नाम दिया था उन्हें फिर से वह संकल्प पत्र पढ़ना चाहिए कि उन्होंने प्रदेश के युवाओं से क्या वादे किए थे अभी तक उस योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सरकार कुछ भी कार्य नही कर रही है। अब तो ऐसा प्रतीत हो रहा है की सरकार सत्ता पाने के लालच में यह सब वादे कर युवाओं को व प्रदेश की जनता के भावना के साथ छल कपट करने के उद्देश्यों से कार्य कर रही है।

आप पार्टी के शिव कुमार मंडावी ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं से शिक्षकों से प्रेरक संघ से ,विद्यामितान से रशोइया संघ से जो वादे किए थे उसे वे कब पूरा करेंगे।

पूरे प्रदेश में युवाओं के बीच मे पहली ऐसी सरकार है जिन्होंने महज 18 महीने में ही अपनी लोकप्रियता को खो चुकी है सरकार हमारी मांगो को नही मानती है तो सभी संगठन के प्रमुख आम आदमी पार्टी के संपर्क में है वह जल्द ही एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा बनाई जा रही है ।

न्यूज गैलरी

अनुपयोगी सामग्री की नीलामी हेतु 25 जुलाई तक दर प्रस्ताव आमंत्रित

बीजापुर - नवप्रदेश। कार्यालय सहायक संचालक उद्यान बीजापुर द्वारा पुरानी एवं अनुपयोगी सामग्री की नीलामी हेतु इच्छुक क्रेताओं से 25 जुलाई को सांयकाल 4 बजे तक दर प्रस्ताव सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित किया गया है। पूर्व में इस हेतु 8 जुलाई तक दर प्रस्ताव आमंत्रित किया गया था, उक्त नियत तिथि तक कोई भी दर प्रस्ताव प्राप्त होने के कारण 25 जुलाई को सांयकाल 4 बजे तक दर प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त दर प्रस्ताव 27 जुलाई को मध्यान्ह 12 बजे खोली जायेगी। नीलाम की जाने वाली पुरानी एवं अनुपयोगी सामग्री उद्यान विभाग के पामलवाया, गोराबेड़ा, पेगड़ापल्ली एवं उसूर रोपणी में अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

आनलाईन पेंशन मैनजमेंट पोर्टल ''आभार'' के जरिये पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

बीजापुर - नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा आनलाईन पेंशन मैनेजमेंट पोर्टल ''आभार'' के माध्यम से पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस दिशा में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को संबंधित संभागीय संयुक्त संचालक, कोष-लेखा एवं पेंशन को प्रेषित करने सहित जिला कोषालय से प्राप्त आपत्तियों को निर्धारित समयावधि में निराकरण किये जाने के निर्देश सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दिये गये है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि प्रदेश में पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु मई 2018 से ऑनलाईन पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम ''आभार आपकी सेवाओं का'' लागू किया गया है तथा विभिन्न कार्यालयों में पेंशन प्रकरणों पर कार्यवाही हेतु समय - सीमा निर्धारित की गयी है। आभार पोर्टल में संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालयों तथा जिला कोषालयों द्वारा लगायी गयी आपत्तियों और कार्यालय प्रमुखों के स्तर पर निराकरण हेतु लम्बित कंडिकाओं की जानकारी उपलब्ध है। वहीं सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लम्बित पेंशन प्रकरणों की जानकारी सुलभ है। जिसमें अभी तक संयुक्त संचालक कोष-लेखा एंव पेंशन कार्यालयों को प्रेषित नहीं किये गये प्रकरणों की संख्या अधिक है। इसे मद्देनजर रखते हुए संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के द्वारा पेंशन प्रकरणों से संबंधी आपत्तियों का त्वरित निराकरण किया जाये।

बीजापुर द्वारा संचालित बीजापुर स्पोर्टस एकेडमी वर्ष 2020-21 हेतु प्रवेश आरंभ

बीजापुर - नवप्रदेश। बीजापुर स्पोटर्स एकेडमी में जिले के खिलाडियों के लिए प्रवेश हेतु विकासखण्डवार तिथि निर्धारित किया गया है। जिसके तहत् कक्षा 5 वीं से बारहवीं तक अध्ययनरत् इच्छुक खिलाडी अपना पंजीयन करा सकते हैं। बीजापुर ब्लॉक के लिए निर्धारित तिथि 21 जुलाई, भैरमगढ़ के लिए 22 जुलाई, उसूर हेतु 23 जुलाई एवं भोपालपटनम के लिए 24 जुलाई 2020 को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक मिनी स्टेडियम बीजापुर में प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। खिलाडियों का पंजीयन एवं चयन 21 जुलाई से 25 जुलाई तक प्रातः 07 बजे से दोपहर 04 बजे तक प्रियदर्शनीय इंदिरा स्टेडियम बीजापुर में आयोजित होगा। जिसमें खिलाडियों के योग्यतानुसार कबड्डी ,व्हालीवॉल, कराते, जूडो ,सॉफ्टबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी में चयन किया जायेगा। चयन हेतु बालक-बालिकाओं के लिए निर्धारित आयु सीमा 31 दिसम्बर 2020 की स्थिति में 10 वर्ष से 17 वर्ष मध्य होना चाहिए। उपरोक्त खेलों में विशेष योग्यता रखने वाले खिलाड़ियों को आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी। खेल अकादमी में चयन हेतु बालक-बालिकाओं को बीजापुर जिले का निवासी होना अनिवार्य है।

गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित

बीजापुर - नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर रितेश अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित किया गया है। उक्त समिति में सीईओ जिला पंचायत पोषण लाल चंद्राकर] डीएफओ अशोक पटेल सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीजापुर] उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं] उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं] सहायक संचालक उद्यान] शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बीजापुर सहित सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सदस्य नियुक्त किया गया है। इस समिति के सदस्य सचिव उप संचालक कृषि बीजापुर होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आज हरेली पर्व के अवसर पर होगा गोधन न्याय योजना का शुभारंभ

बीजापुर - नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना का शुभारंभ 20 जुलाई को हरेली पर्व के अवसर पर किया जायेगा। कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने जिले में गोधन न्याय योजना के शुभारंभ हेतु सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। गोधन न्याय योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों यथा माननीय विधायक] जिला पंचायत अध्यक्ष] जिला पंचायत उपाध्यक्ष] जिला पंचायत सदस्यों] जनपद पंचायत अध्यक्ष] जनपद पंचायत उपाध्यक्ष] जनपद सदस्य] सरपंच-पंच सहित नगरीय निकायों में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष] नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष] नगर पंचायत अध्यक्ष] नगर पंचायत उपाध्यक्ष] पार्षदों आदि को आमंत्रित किया जायेगा। गोबर क्रय करने वाले स्व सहायता समूहों का चयन करने सहित प्रत्येक गौठान में तराजू अथवा कैलिबरेटेड बाल्टी] झौन्हा] चरिहा] बांस की टोकरी इत्यादि स्थानीय मटेरियल से नापतौल की व्यवस्था समयपूर्व कर लिया जाये।

नक्सलियों ने 20 से अधिक ग्रामीणों की मौत का लिया टार्गेट

■ रेकी कर 1-1को खत्म करने की बात लिखी

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। नक्सलियों की मलंगीर एरिया कमेटी के सचिव सोमडू ने प्रेसनोट जारी कर गुनियापाल, हिरोली, पेरपा, मड़कामीरास,चोलनार गांव के ग्रामीणों की एक नाम सहित सूची जारी कर उन्हें पुलिस मुखबिर बताते हुये, जान से मारने की धमकी दी है। जारी प्रेसनोट में ग्रामीणों को पीएलजीए सैनिक से रेकी कर एक-एक को मारने की बात लिखी हैं। पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में मारे गये नक्सली कुंजाम गुड्डी,सोढ़ी पोदीया,माड़वी लच्छू,माड़वी मुय्या की शहादत व्यर्थ नही जायेगी ऐसा लिखा हुआ है। गांव वालों में चुगली नेटवर्क तैयार कर हत्या करवाने वाली केंद्र व राज्य सरकार है. पैसों का लालच और ग्रामीणों को मोबाइल फोन देकर मुखबिर तैयार करने वाली लुटेरी सरकार नक्सली जारी पर्चे में बता रहे है. साथ ही नक्सलियों ने गुनियापाल के 20 ग्रामीणों को सजा देने की बात लिखी है। जो ग्रामीण नक्सलियों की मुखबीरी करेगा उसे गांव से परिवार सहित बहिष्कार करने की बात लिखते हुए. अगर मुखबिरी करने वाला जन दरबार मे माफी मांग लेता है तो उसे माफ़ कर दिया जायेगा।

> ग्रामीणों को टारगेट करना नक्सली कायराना करतूत बताता है। ग्रामीणों के बीच दहशत बनाने का काम करने वाले नक्सलियों से ग्रामीणों का मोह भंग हो गया है। जिसके वजह से नक्सली घबरा गये है।
>
> **अभिषेक पल्लव,** दंतेवाड़ा एसपी

ठेकेदार मलंगीर एरिया कमेटी के निशाने पर, लेबर की रोजी को लेकर दी मौत की धमकी

दंतेवाड़ा। मलंगीर एरिया कमेटी ने शहीदी सप्ताह में एक ठेकेदार के खिलाफप्रेसनोट जारी कर मौत का फरमान सुनाया है। मलंगीर एरिया कमेटी के सचिव सोमडू ने जारी प्रेसनोट में ठेकेदार रविन्द्र सोनी 2018 में गुनियापाल और अरनपुर में डेढ़-डेढ़ करोड़ की लागत के स्कूल बनवाने की बात लिखी है मगर आजतक ठेकेदार ने ग्रामीणों से मुलाकात नही की।

साथ ही कम रोजी देने का आरोप लगाते हुये ठेकेदार द्वारा शोषण करने की बात लिखी है. महिला को 200 रुपये और पुरुष को 250 रुपये देता है। महिला और पुरुष में क्या फर्क है। साथ ही जारी प्रेसनोट में मौत की सजा देने की बात लिखते हुए लेबर पेमेंट 350 रुपये पुरूष और महिला को देने की बात कही गयी है.

इसी प्रेसनोट में जनता का करोड़ो रूपये खाने का आरोप नक्सली ठेकेदार पर लगा रहे हैं। ठेकेदार को पूर्व में सूचना की बात लिखते हुये जनता से मिलने की बात लिखी गयी हैं.अगर चेतावनी नही मानने पर जान को खतरा होने की बात लिखी गयी है। साथ ही नक्सली ठेकेदार की गाड़ी जलाने की धमकी भी दे रहे हैं।

पालिका प्रशासन लगा बाजार को व्यवस्थित

■ एसडीएम के कड़े निर्देश के बाद बाजार को किया जा रहा व्यवस्थित

■ पुलिस प्रशासन भी मास्क नही पहनने वालो एवं बिना वजह घूमने वालो पर कर रही कार्यवाही

बचेली। नगर का मुख्य अव्यवस्थित सब्जी बाजार अब व्यवस्थित दिखाई पड़ता है। एसडीएम प्रकाश कुमार भरद्वाज के कड़े निर्देश के पश्चात पालिका प्रशासन द्वारा मार्किंग कर बाजार को सुव्यवस्थित करने का कार्य जारी है। आपको बता दे कि बाजार आज तक के इतिहास में इतना व्यवस्थित कभी नजर नही आया ऐसा प्रतीत होता है मानो गंगटोक का बाजार हो। प्रशासन अपना कार्य ईमानदारी से कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है परंतु सवाल ये भी उठना जरूरी है कि क्या सब्जी विक्रेता इसी तरह इस व्यवस्था को लगातार बनाकर रखेंगे ? क्यो की एनएमडीसी ने भी कई बार समिति बनाकर प्रयास किये परंतु कुछ सब्जी विक्रताओं की मनमानी के चलते ये सम्भव हो ना सका वर्तमान में भी बाजार व्यवस्थित करते वक्त पालिका कर्मचारियों के साथ कुछ दुकानदारो की झड़प होती दिखाई दी। लोगो के मास्क नही पहनने पर जुर्माना काटने वाले पालिका कर्मचारियों के साथ कुछ लोग बहस करते देखे गए है जिनमे से कई ऐसे लोग भी है जो सोशल मीडिया में नियमो को पालन करने को लेकर बड़ी बड़ी पोस्ट करते है। हम ये कब समझेंगे की प्रशासन द्वारा बनाये गए नियम हमारे प्राणों की रक्षा हेतु बनाये गए है। प्रशासन कुछ ना करे तो उंगली उठती है,कुछ करे तो उंगली उठाई जाती है। लेकिन हम अपनी गलतियों को आखिर कब मानेंगे क्या हम गलतियां करते रहेंगे और इसका ठीकरा प्रशासन के ऊपर फोड़ते रहेंगे। आइये एक जागरूक नागरिक बने आपके सामने कोई गलती करता है प्रशासन के नियम तोड़ता है तो उसे ऐसा करने से रोके,उसे समझाये की आपकी नादानी दुसरो की जान जोखिम में डाल सकती है। जो भी व्यक्ति बिना मास्क के दिखाई पड़े उसे समझाए,अनावश्यक भीड़ को अलग थलग रहने की समझाइश दे,लोगो को उचित दूरियों में रहने हेतु अनुरोध करें ÷अभी नही तो कभी नही÷ आज से इस कार्य को करे क्यो की लड़ाई लंबी है।

मालखरौदा-बड़े सीपत में मनाया गया हरेली का त्यौहार

मालखरौदा। बड़े ही खुशियों से हरेली का त्यौहार मनाया गया छत्तीसगढ़ में प्रचलित इस हरेली के त्यौहार को बड़े ही सुखद रूप से मनाया गया बच्चों के लिए गेडी जैसे खेलकूद का कार्यक्रम भी रखा जाता है जिसमें बहुत सारे बच्चों के द्वारा इस कार्यक्रम को मनाया जाता है छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा इसी की वजह से कहा जाता है छत्तीसगढ़ में जब खेतों की बुवाई के पश्चात जब व्यासा जाता है तो पूरे क्षेत्र में एक साथ वर्षा भी पड़ती है पूर्वजों का कहना है कि एक साथ छत्तीसगढ़ में वर्षा पड़ने का कारण त्योहारो को माना जाता है एक तरफदेखा जाए तो छत्तीसगढ़ी एक ऐसा राज्य है जहां से किसानों की जनसंख्या दूसरे राज्यों की अपेक्षा अधिक है जहां से कृषि करने का प्रधान भी वह उपज भी सबसे अधिक आय स्रोत के रूप में माना जाता है पूरे भारत मैं छत्तीसगढ़ी एक ऐसा राज्य है जो कृषि प्रधान राज्य के नाम से जाना जाता है इन दिनों किसानों को अपने हल हावड़ा जैसे औजारों की सफाई की जाती है वही उनको अपने देवताओं के रूप में पूजा अर्चना भी की जाती है जिसको हरेली के रूप में मनाया जाता है।

गोधन न्याय योजना के तहत प्रत्येक गौठानों के लिए पंचायतवार नोडल अधिकारी नियुक्त

दन्तेवाड़ा। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने ''गोधन न्याय योजना'' के तहत् सीईओ जिला पंचायत श्री अश्वनी देवांगन को जिला स्तर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है साथ ही 22 गौठानों के लिए पंचायतवार नोडल अधिकारी बनाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत दन्तेवाडा अन्तर्गत ग्राम बालपेट हेतु श्री. आर. के. गुप्ता उप अभियंता लो.नि.वि. दन्तेवाड़ा, ग्राम जारम हेतु श्री मनीष साहू उप अभियंता लो.नि.वि. दन्तेवाड़ा, ग्राम मटेनार हेतु श्रीमती यशोदा केतारप नायब तहसीलदार दन्तेवाड़ा, ग्राम मेटापाल हेतु श्री एल. एस. मरकाम सीएमओ नगरपालिका दन्तेवाड़ा, ग्राम पोंदुम हेतु श्री विजेन्द्र सिंह ठाकुर डीपीओ महिला बाल विकास विभाग दन्तेवाड़ा, ग्राम टेकनार हेतु डॉ. ए. एस. कुशवाहा, उप संचालक, पशु चिकित्सा दन्तेवाड़ा, जनपद पंचायत गीदम अन्तर्गत ग्राम बड़ेकारली हेतु श्री प्रभाकर चन्द्राकर क्षेत्र संयोजक आदिवासी विकास दन्तेवाड़ा, ग्राम बिंजाम हेतु श्री जेम्स कुर्रे उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, ग्राम हारम हेतु श्री योगेन्द्र सिंह जिला खनिज अधिकारी दन्तेवाड़ा, ग्राम झोड़ियाबाड़म हेतु श्री निलेश्वर सिन्हा उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, ग्राम कारली हेतु श्री प्रकाश ठाकुर परिक्षेत्र अधिकारी वनमण्डल दन्तेवाड़ा, ग्राम कासोली हेतु श्री बी. के. शर्मा सहायक अभियंता लोनिवि दन्तेवाड़ा, ग्राम कटुलनार हेतु श्री पी. आर. डोंगरे उप अभियंता जल संसाधन विभाग दन्तेवाड़ा आदि को को नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

चोरी की बाईक सहित 2 गिरफ्तार

सूरजपुर। रविवार 18 जुलाई को ग्राम तेलसरा, थाना सूरजपुर निवासी राबिन सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार की रात्रि में इसके चाचा उदयभान सिंह ने स्पलेण्डर आई स्माट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 डीडी 1499 को घर के सामने आंगन में खड़ा किया गया था सुबह उठकर देखा तो मोटर सायकल वहां नहीं था। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

विवेचना के दौरान थाना प्रभारी सूरजपुर धर्मानंद शुक्ला को मुखबीर से सूचना मिली कि मोटर सायकल चोरी में दो व्यक्ति बबलू गोड़ व बासुदेव गोड़ का हाथ है। सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस टीम ने दोनों को हिरासत में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि मोटर सायकल को चोरी कर चंदरपुर के मोटू उर्फ अमर सिंह के खण्डहर नुमा खूटा घर में छिपाकर रखना बताया जिनके निशानदेही पर *आई स्मार्ट स्पेलेण्डर मोटर सायकल क्र. सीजी 15 डीडी 1499 कीमत 50 हजार रूपये* को जप्त कर आरोपी ग्राम चंदरपुर, थाना सूरजपुर निवासी 28 वर्षीय बबलू गोड़ पिता पतिराम व ग्राम लांची, हाल मुकाम चंदरपुर निवासी 28 वर्षीय बासुदेव गोड़ पिता लालसाय को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी सचिव डीडी सिंह अपने प्रथम प्रवास पर

■ जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण में करेंगे सहयोग।

दंतेवाड़ा। शासन स्तर पर लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेश सरकार ने जिलों में प्रभारी सचिव की व्यवस्था लागू की है। वे जिलों में जाकर ऐसे मामले को देखेंगे और लंबित प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करेंगे इसके तहत दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी सचिव श्री डीडी सिंह अपने प्रथम प्रवास पर रहे। उन्होंने कलेक्टर श्री दीपक सोनी व सम्बन्धित अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें चिन्हित किया। उसके पूर्व उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। हरेली तिहार से शुरु होने वाले गोधन न्याय योजना के तैयारियों के बारे में जानकारी ली। सभी विभागों के विभागाध्यक्ष द्वारा प्रगति से अवगत कराया गया कि जिले के 22 गौठानों से गोधन न्याय योजना की शुरुआत होगी जहाँ 31 हजार 405 पशु वर्तमान में हैं। जिसके लिए सीईओ जिला पंचायत श्री अश्विनी देवांगन को जिला स्तर का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही 22 गौठान में नोडल अधिकारी बनाये गए हैं जिन्होंने अपने गौठान में जाकर निरीक्षण कर लिया है। साथ ही स्व सहायता समूह को कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। गोबर खरीदने के लिए 54 तराजू वन विभाग से प्रबंध किया गया है। गौठान समिति भी बना लिया गया है। दंतेवाड़ा में पहले से जैविक कृषि की जाती है यहां रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। 25 हजार 800 किसान कृषि विभाग के अनुसार यहां पर कृषि कार्य कर रहें हैं। जिसमें लगभग 10 हजार जैविक कृषि कर रहे हैं। एन आर एल एम के द्वारा आश्रम छात्रावास स्कूलों में आवश्यकता की सामानों को आपूर्ति के लिए 14 मां दंतेश्वरी मार्ट स्थापित किये गए हैं। साथ ही स्व सहायता समूहों द्वार साबुन, फिनाइल, कड़कनाथ, अंडा उत्पादन, फेंसिंग सीमेंट पोल, मास्क सेनेटरी पैड, दोना पत्तल, का निर्माण किया जा रहा है। जिले में 1 जून से बैंक संगवारी तुमचो द्वार योजना शुरू की गई है। जिसके तहत् यहां के पेंशन धारियों को घर पहुंच पेंशन प्रदान की जा रही है। जिसमें अब तक 1 करोड़ से अधिक की राशि का ट्रांजेक्शन हो चुका है। वन विभाग,केवीके, उद्यानिकी द्वारा 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है जिसमे 3 लाख 16 हजार वृक्षारोपण किये जा चुके हैं। जिसमें, स्कूल, आश्रम, छात्रावास, आंगनबाड़ी, सामुदायिक बाड़ी, डंकिनी नदी के तट, देवगुड़ी आदि में भी वृक्षारोपण किया जा रहा है। जल संसाधन के 14 प्रोजेक्ट हैं। 9 एफआर ए क्लस्टर बनाये जा रहे हैं। नागफनी, पुरनतराई में लेमनग्रास लगाया जा रहा है। जिले में मलेरिया में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। कोविड-19 हॉस्पिटल भी शुरू हो गया है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है। एनीमिया और कुपोषण को दूर करने को खत्म करना है। शिक्षा में सभी स्कूलों में निशुल्क गणवेश की उपलब्धता करा दी गई है साथ ही इंग्लिश मीडियम स्कूल में टीचरों की भर्ती और प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।

अश्वासन मुख्यमंत्री बघेल ने मछुआ समाज का गौरव बढ़ाया

समुदाय के अनुरूप मछुआ नीति लागू की जावेगी : एमआर निषाद

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में डेढ़ लाख परिवार फिलहाल मछली पालन व्यवसाय से जुड़े हुए हैं । इस कार्य में परंपरागत मछुआ समाज को प्राथमिकता दी जाएगी चूंकि अभी भी पांच लाख से ज्यादा मछुआ परिवार इस व्यवसाय से वंचित हैं । राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी भाइयों के लिए मछली पालन हेतु तालाब सुनिश्चित किए जाएंगे । 15 साल से मछुआ समाज वांछित मछुआ नीति की मांग 7 प्रदेश की भाजपा सरकार से करती रही परंतु मत्स्य पालन जुड़े 7 लोगों को उनका हक नहीं मिला । प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार ने एक साल में ही मछुआ नीति में परिवर्तन कर मत्स्य पालकों को हक दिलाने का प्रयास किया है । इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से पूर्ण करने का प्रयास हम करेंगे ।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ मछुआ बोर्ड के अध्यक्ष एमआर - निषादराज ने शुक्रवार को कही है । मछुआ समाज के प्रांतीय अध्यक्ष एमआर निषादराज को प्रदेश की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ मछुआ बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है । वे कांग्रेस के पुराने समर्पित कार्यकर्ता हैं तथा समाज की विभिन्न मांगों को समय - समय पर उठाते रहे हैं ।

निषादराज ने बताया कि प्रदेश की मछुआ नीति में कई खामियां थीं इसलिए इसका लाभ मछुआ समाज के 23 लाख परिवारों को नहीं मिल रहा था । इस संदर्भ में समाज के लोग सरगुजा से लेकर बस्तर तक आंदोलन कर रैलियां कर चुके हैं

मछुआ नीति को लेकर प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के सामने लगातार 15 वर्षों तक अपनी बातें रखते रहे परंतु प्रदेश के 23 लाख मछुआरों के प्रति भाजपा सरकार निष्क्रिय रही । प्रदेश में एक साल पहले कांग्रेस की सरकार बनी है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मछुआ बोर्ड के गठन पूर्व अनुभवी लोगों की एक कमेटी बनाकर सुझाव मांगे थे । वे भी कमेटी के सदस्य थे । प्रदेश सरकार समाज की मंशा के अनुरूप मछुआ नीति प्रदेश में लागू करेगी ।

छत्तीसगढ़ मछुआ बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में 6700 से अधिक तालाब हैं ।इनका उपयोग मछली पालन के अलावा सिंचाई के लिए हो रहा है । फिलहाल प्रदेश की 1200 समितियों के अंतर्गत डेढ़ लाख परिवार मत्स्य पालन में जुटे हैं।

मछुआ समाज के करीब पांच लाख लोग इस व्यवसाय से जुड़ना चाहते हैं । मछुआ नीति में वाजिब बदलाव नहीं हो पाने के कारण समाज के लोगों को भरपूर नहीं मिल पाया और दिगर समाज के लोगों का इस व्यवसाय में कब्जा हो गया । उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन में परंपरागत मछुआरों को प्राथमिकता दी जाएगी वहीं अनुसूचित क्षेत्रों में ऐसे आदिवासी परिवार जो मत्स्य पालन से जुड़े हुए हैं उन्हें भी विशेष मौका दिया जाएगा ।

नितिन पोटाई को मिली अजजा आयोग के सदस्य की अहम जिम्मेदारी

■ **सरकार व संगठन द्वारा दी गई नई जिम्मेदारी पर खरा उतरने का होगा प्रयास: पोटाई**

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर। लंबे समय से कांग्रेस के निष्ठावान सिपाही व विरासत में मिली राजनीतिक के ज़रिए स्कूल कॉलेज से लेकर कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहे सिलतरा के ज़मीदार परिवार के नितिन पोटाई को प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार ने अजजा आयोग में बतौर सदस्य बनाकर प्रदेश की राजनीति में कद बढाया है।

जिला लघुवनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई विगत दो बार के विधानसभा टिकट के प्रमुख दावेदार रहे।और अंतिम समय मे इस युवा की टिकट काटने के बावजूद बगावती तेवर ना दिखाकर कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह अपनी ज़िम्मेदारी निभाकर काँकेर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने में अहम

भूमिका निभाई है।वही प्रदेश सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने नितिन पोटाई की ज़िम्मेदारी को महत्व समझते उन्हें अजजा आयोग सदस्य की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौपकर उनके कद को प्रदेश में बनाकर यह संदेश भी दे दिया है।की जमीनी कार्यकर्ताओं को किसी सिफारिश की ज़रूरत नही है।

जिला लघुवनोपज संघ अध्यक्ष नितिन पोटाई अजजा आयोग सदस्य की ज़िम्मेदारी देने के साथ ही भूपेश बघेल सरकार की मंशा भी स्पष्ट हो चुकी है कि सरकार कांग्रेस के निष्ठावान सिपाही को कही ना कहीं किसी ना किसी रूप में मौका देकर उनके द्वारा किए गए कार्यो को सराहा रही है।

बीते 15 साल तत्कालीन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले कार्यकर्ताओं जिन्होंने विषम परिस्थितियों में पार्टी के लिए काम करता रहा है।उनके कार्य की कुंडली रखकर उनके प्रति ध्यान रखते ज़िम्मेदारी देने में भी कोई कोताही नही बरती गई।जो जहां जिस पद के लायक रहा उसे ज़िम्मेदारी देकर कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाते कांग्रेस को मजबूत करती दिखाई दे रही है।

खास तौर पर बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार काँकेर से इसकी शुरुआत की गई।काँकेर से विधायक शिशुपाल शोरी को संसदीय सचिव और कांग्रेस व आदिवासी समाज के कद्दावर नेता नितीन पोटाई को अजजा आयोग का सदस्य की ज़िम्मेदारी देकर विशेष तवज्जो दिया गया है।नितिन पोटाई कांग्रेस के मुखर नेताओ में माना जाता है।इनकी सक्रियता किसी से भी नही छुपी है।तत्कालीन सरकार हो या कांग्रेस के किसी भी प्रदर्शन में उनकी बेबाक शैली से कांग्रेस के दिग्गज नेता कायल हो चुके है।नगर हो या ग्रामीण इलाकों से पहुंचे जन मानस व किसानों की समस्याओं के हक की लड़ाई में अहम भूमिका नितिन पोटाई ने निभाई है।नितिन पोटाई वनोपज संघ अध्यक्ष से पहले जनपद पंचायत काँकेर के अध्यक्ष पद पर भी रह चुके है।

अजजा आयोग सदस्य बनने के बाद पोटाई ने नवप्रदेश से मुलाकात में बताया की मेरी पारिवारिक पृष्ठभूमि या यह कहे की राजनीति हमारे परिवार को विरासत में मिली है।मेरे परिवार के सभी कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए है।इसके अलावा मेरे परिवार ने काँकेर लोकसभा से प्रथम सांसद कांग्रेस का दिया है।इसके अलावा मेरी माता सियो पोटाई भी कांग्रेस पार्टी से जुड़ी है।मैं कांग्रेस का निष्ठावान सिपाही हु सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार मानते कहा की सरकार ने जो ज़िम्मेदारी दी है।उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करुंगा ।सरकार व संगठन के द्वारा इस नई पारी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा ।

नक्सलियों ने शहीदी सप्ताह मनाने का किया एलान

कांकेर। जिले के अतिसवेंदनशील इलाके के अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोयलीबेड़ा से उदनपुर मार्ग पर नक्सिलयों ने बैनर पोस्टर चस्पा कर शहीदी सप्ताह मनाने की अपील की है। रावघाट एरिया कमेटी ने आम नागरिकों से अपील की है। जानकारी के अनुसार अन्तागढ़ से कोयलीबेड़ा से उदनपुर के मुख्यमार्ग में बैनर पोस्टर लगा कर लोगों से अपील करते हुए 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद स्मृति सप्ताह मनाने की बात कही है। नक्सलियों की इस अपील से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

नगरीय क्षेत्रों में 21 जुलाई की रात्रि से अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़ कर अन्य समस्त गतिविधियों पर प्रतिबंध

कांकेर। जिले के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि।वर्तमान में कांकेर जिले में नोवल कोरोना वायरस से प्रभावित मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री के.एल.चौहान द्वारा 21 जुलाई की रात्रि 12 बजे से कांकेर जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़ कर अन्य समस्त गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया जायेगा ।

संसदीय सचिव शोरी ने गोठान समिति की ली बैठक

कांकेर। संसदीय सचिव शिशुपाल के द्वारा गोठान समिति लूलेगोंदी मे बैठक आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत कृषि सभापति नरोत्तम पटोदी जी, जनपद कृषि सभापति श्री ईश्वर कावड़े, जी आतुरगांव ग्राम पंचायत के भुतपूर्व सरपंच विनोद शोरी जी बैठक का आयोजन कुलगांव सरपंच श्री कमलेश पदमाकर जी उप सरपंच नेताम जी के द्वारा किया गया जहां विधायक जी द्वारा गोठान के संचालन हेतु विस्तृत मार्ग दर्शन दिया गया साथ सरकार की नई गोधन योजना के बारे में भी बतलाया साथ ही कृषि विभाग व अन्य विभाग द्वारा अदान सामाग्री का वितरण किया गया कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कांकेर श्री बी मेश्राम कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कांकेर आर.पी. मण्डावी और आर.ए.ई.ओ. गुप्ता सहित कृषक मित्र व कुलगांव व लूलेगोदी की कृषक शामिल हुए जहां विधायक महोदय व कृषि सभापति जी के द्वारा लूलेगोदी मे संचालित पांच स्व. सहायता समूह के कृषको को निःशुल्क हैंड स्पेयर का वितरण किया गया स्पेयर के अलावा कृषि विभाग द्वारा रामतिल व अरहर, मूंग के बीज केन्द्रीय क्षेत्रीय बीज ग्राम योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया गया ।

सीबीएसई के कक्षा 10 वी में खुशबू जैन ने 95% अंक अर्जित कर चैथे स्थान पर व 12 वीं की परीक्षा में सार्थक जैन 85% अंक अर्जित किये

मुंगेली। सी.बी.एस.ई. के घोषित परिणाम में मुंगेली के खुशबू जैन ने हाई स्कूल की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में चैथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं बारहवीं में सार्थक जैन ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर का नाम रोशन किया है। खुशबू जैन विवेक प्रीति जैन की सुपुत्री है वहीं सार्थक दीपक सरिता जैन का सुपुत्र है। इनकी सफलता पर नगर में हर्ष व्याप्त है।

नजूल पट्टा हेतु शिविर अब 21 जुलाई को

मुंगेली। जिले के मुंगेली नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में निवासरत नजूल पट्टा धारकों तथा अतिक्रमित भूमि को जानकारी दिए जाने हेतु मुंगेली के वार्ड क्रमांक- 8 शिवाजी वार्ड एवं वार्ड क्रमांक - 12 ठक्करबापा वार्ड में 20 जुलाई को आयोजित शिविर स्थगित कर दी गई है। 20 जुलाई को हरेली की सार्वजनिक अवकाश होने के कारण स्थगित की गई है। अब इस शिविर का आयोजन 21 जुलाई को किया जाएगा।

निधन

अरूण सोनी

मुंगेली। सोनार पारा निवासी प्रतिष्ठित नागरिक अरूण सोनी उम्र 59 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया है उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए वे अंकुर सोनी के पिताश्री थे।

10 वीं बोर्ड में 91%अंक अर्जित करने वाली छात्रा स्मृति चन्द्राकर का सम्मान

मुंगेली। सेंट जेवियर्स स्कूल मुंगेली द्वारा सी.बी.एस.ई. 10 वीं बोर्ड में छात्रा स्मृति चन्द्राकर ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का रोशन की। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा छात्रा स्मृति चन्द्राकर का सम्मान उनके माता पिता के साथ किया गया व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। स्मृति चन्द्राकर वरिष्ठ काग्रेसी नेता अशोक चन्द्राकर की सुपुत्री है।

अन्य राज्यों से वापस आए प्रवासी श्रमिकों के पंजीयन बाबत् बैठक हुई

मुंगेली- कलेक्टर पी. एस एल्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आज कोरोना वायरस के महामारी को दृष्टिगत रखते हुए अन्य राज्यों से आये जिले के प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन कार्य की प्रकृति एवं पात्रता के संबंध मे बैठक सम्पन्न हुई । छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत बैठक सम्पन्न हुई । बैठक मे कलेक्टर श्री एल्मा ने शत-प्रतिशत प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में किए जाने हेतु समस्त सीएससी सेंटर और लोक सेवा केंद्र के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिये। इस अवसर पर श्रम पदाधिकारी, श्रमनिरीक्षक , कल्याण अधिकारी, कल्याण निरीक्षक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं सीएससी मैनेजर उपस्थित थे।

थाना सिटी कोतवाली मुंगेली क्षेत्र के ग्राम कोटवारों की कंट्रोल रूम में ली गई मीटिंग

■ **सायबर अपराध के संबंध में भी दी गई जानकारी**

मुंगेली। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आज दिनांक 17.07.2020 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल, एसडीओपी तेजराम पटेल एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली निरीक्षक कविता धुर्वे के द्वारा कंट्रोल रूम में थाना सिटी कोतवाली मुंगेली क्षेत्र के ग्राम कोटवारों की बैठक ली गई। कोटवारों को गांव में होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं की जानकारी होती है जिस संबंध में मिटींग लेकर ग्राम कोटवारों को आधुनिक समय में होने वाले सायबर अपराध जैसे मोबाईल से धोखाधडी,आनलाईन ठगी, के संबंध में जानकारी देकर गांव में होने वाले अपराध जुआ, सट्टा, अवैध शराब आदि अपराधों एवं गांव में होने वाली घटनाओं की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम एवं थाना प्रभारी को देने एवं ग्रामों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने दिशा निर्देश दिया गया।

मुंगेली में अंतरराष्ट्रीय हिन्दी वेबिनार

मुंगेली। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा विकलांग/दिव्यांग विमर्श दशा एवं दिशा विषय पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिन्दी वेबीनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात साहित्यकार/समीक्षक/चिंतक और विचारक जन चेतना के इस महायज्ञ को वैश्विक भाव- भूमि प्रदान करेंगे। यह वेबिनार दो दिवसीय आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिवस का संचालन मुंगेली से होगा, जिसका संयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.चंद्रशेखर सिंह, डॉ.जे.पी. मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली करेंगे तथा द्वितीय दिवस का संचालन बिलासपुर से होगा, जिसका संयोजन डॉ.अनीता सिंह, सेंट जेवियर स्कूल बिलासपुर करेंगी। तकनीकी होस्ट श्याम लाल मौर्य, लाइब्रेरियन, डॉ.जे.पी.मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली हैं। दोनों दिनों के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात भाषाविद् डॉ.विनय कुमार पाठक, निदेशक विकलांग चेतना परिषद शोध-पीठ करेंगे। प्रथम दिवस के

मुख्य अतिथि होंगी प्रोफेसर डॉ .अलका धनपत (मारीशस), द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि होंगे प्रोफेसर डॉ. सुधांशु कुमार शुक्ला (पोलैण्ड)। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्वतजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिसमें पद्मश्री लीलाधर जगूड़ी (देहरादून), डॉ. सुरेश माहेश्वरी (अमलनेर, महाराष्ट्र), डॉ. श्याम सुन्दर दुबे (सागर), डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा (उज्जैन), डॉ. वेद शर्मा (बीकानेर), डॉ.रामगोपाल सिंह जादौन (अहमदाबाद), डॉ.विजय कुमार वेदालंकार (सोनीपत), डॉ.जितेन्द्र कुमार सिंह (जयपुर), वीरेंद्र पाण्डेय (रायपुर), डॉ. विनय कुमार पाठक सर, निदेशक- विकलांग चेतना परिषद- शोध- पीठ, मदन मोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर, राजेंद्र अग्रवाल राजू, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर के विशिष्ट मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में यह वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। इस वेबिनार में 20 से अधिक राज्य एवं विश्व के साहित्यकार, प्राध्यापक एवं साहित्य अनुरागियों का आनलाईन सहभागिता हो रही है। मुंगेली नगर में इस तरह का यह पहला आयोजन है। प्राध्यापक एवं साहित्यत्यकारों ने शुभकामनाएं दी हैं।

छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण पर्व हरेली से होगी "गोधन न्याय योजना" की शुरूवात

मुंगेली। छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण पर्व हरेली राज्य मे इस वर्ष 20 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन अर्थात् 20 जुलाई से ही राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना की शुरूवात होगी। इस योजना के तहत जैविक खेती को बढ़ावा, ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर रोजगार के लिए अवसर, गौपालन एवं गौ-सुरक्षा को प्रोत्साहन के साथ-साथ पशुपालकों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। इस संबंध मे कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी और सभी नगरीय निकाय के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किया है।

कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

राजेन्द्र नगर, थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़, पिन कोड 495001

फोन 07752-224090, फैक्स 224090 centraljailbilaspur.cg.@gov.in

निविदा सूचना

क्रमांक 180/ निर्वाह/2020 बिलासपुर, दिनांक 16/07/2020

केन्द्रीय जेल बिलासपुर एवं सर्किल की जेलों में परिरूद्ध दण्डित पुरूष एवं महिला बंदियों हेतु पैरागॉन हवाई चप्पल की खरीदी हेतु संबंधित सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेता से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मं अपने लेटर पेड में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रुपए 1000/- नगद अथवा किसी भी राष्ट्रीय बैंक से अधीक्षक, केन्द्रीय जेल बिलासपुर के नाम बैंक ड्राफ्ट जमाकर अधीक्षक केन्द्रीय जेल बिलासपुर से कार्यालयीन समय में प्रातः 9.00 से बजे दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 30.07.2020 दोपहर 12.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 31.07.2020 समय दोपहर 12.00 बजे तक
निविदा हेतु निर्धारित अमानत राशि	निविदा मूल्य का 03 प्रतिशत
निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 31.07.2020 दोपहर 1.00 बजे

क्र.	सामग्री का नाम	अनुमानित मात्रा
01.	पैरागॉन हवाई चप्पल	2535 जोड़ी

शर्तें :-

01. बिक्री कर पंजीकृत व्यापारी ही निविदा प्रस्तुत करें, साथ ही जीवित सेल टैक्स एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। 02. जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल बिलासपुर को किसी भी निविदा को मंजूर/ नामंजूर करने का पूर्ण अधिकार होगा, संबंधित किसी भी कारण को बतलाने के लिए बाध्य नहीं होंगे। 03. निविदा के साथ नमूना प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 04. किसी भी प्रकार का कर अलग से देय नहीं होगा। 05. प्रत्येक निविदाकार को वस्तु का भाव अंकों एवं शब्दों में लिखना होगा। काट-छांट एवं ऊपरी लेखन मान्य नहीं होगा। 06. वस्तु की मात्रा अनुमानित है, उसे कम या अधिक करने का अधिकार जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल बिलासपुर को है। 07. निविदा खोलने का समय निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के निर्धारित समय के एक घंटे पश्चात रखा जाएगा। 08. प्रत्येक निविदाकार को निविदा मूल्य का 03 प्रतिशत अमानत राशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. के द्वारा जमा कराना अनिवार्य है।

(एस.के. मिश्रा)
वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी,
वर्तमान जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल बिलासपुर (छ.ग.)

जी-82444/2

प्रथम पृष्ठ का शेष...

इस माह से निजी...

कैबिनेट नोट तैयार हो चुका है। इसी महीने इस संबंध में प्रस्ताव मंत्रिमंडल के विचार के लिए रखा जायेगा। मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद निविदा जारी कर दी जायेगी।

नीतिश समय पर...

कोरोना के आगमन के बाद ही बिछ गई थी। राष्ट्रपति शासन में चुनाव होने पर निर्वाचन में अहम भूमिका निभाने वाले केंद्र के हिसाब से नियुक्त-प्रतिनियुक्त हो सकेंगे। वैसे, अब तो भाजपा के पुराने साथी और भारतीय सबलोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार ने कोरोना को संभाल नहीं पाने के कारण नीतीश कुमार का इस्तीफा लेकर राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग रख भी दी है।

कोरोना की शुरुआत के साथ ही बिछी बिसात, कई मोहरे बढ़े आगेः बड़ी जीत के बावजूद जदयू के केंद्र सरकार में शामिल नहीं होने के बाद सेसुशील मोदी को छोड़ भाजपा के ज्यादातर नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व तक यह आवाज पहुंचाई कि इस बार क्षेत्रीय दल नहीं, भाजपा का मुख्यमंत्री बने। अलग लड़ने का हश्र भाजपा देख चुकी थी, इसलिए चुप थी। लेकिन, कोरोना में गणित बदल गया है। भाजपा ने कोरोना की पूरी लड़ाई नीतीश के हाथों में सौंप दी। पहले भाजपाई स्वास्थ्य मंत्री का विभाग फ्रंट पर था, लेकिन मंत्री मंगल पांडेय ने ही पूरी ताकत झोंककर एक्टिव प्रधान सचिव की विभाग से विदाई करा दी। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग की जगह मुख्यमंत्री सचिवालय कोरोना के लिए फ्रंट पर आ गया। मतलब, कोरोना में अच्छा-बुरा सबकुछ नीतीश कुमार का।

नीतीश को भाजपा ने रैली से दिला दी गति

नीतीश कुमार कोरोना की मॉनीटरिंग के बीच चुनाव को लेकर स्टार्ट नहीं ले रहे थे तो भाजपा ने वर्चुअल रैली के जरिए चुनावी तैयारी का संदेश दे दिया। इसके बाद जदयू ने वर्चुअल संवादों में गति पकड़ ली, जबकि भाजपा ने स्टैंड बदलते हुए कोरोना और बाढ़ के आधार पर चुनाव से दूरी बना ली है। आयोग को भी यही बताया है कि कोरोना संक्रमण की गति के कारण चुनाव कराना अभी सही नहीं होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल समेत पार्टी के दर्जनों नेताओं की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट को भी इसी कारण इससे जोड़कर प्रचारित किया गया, हालांकि प्रदेशाध्यक्ष के एम्स में भर्ती होने के बाद इस प्रचार को विराम लगा। इधर अब विपक्षी दलों ने भी चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग रख दी है, जबकि नीतीश कुमार के जदयू एक तरह से अकेली पार्टी बन गई है जो समय पर चुनाव चाह रही।

प्रदेश अध्यक्ष तक संक्रमित, चुनाव की क्या बात करें

' प्रदेश अध्यक्ष समेत हमारे नेता बड़ी संख्या में कोरोना पॉजिटिव होकर अस्पतालों में हैं। भाजपा कोरोना संक्रमण के समय चुनाव को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हो पा रही है, इसलिए अब आयोग को निर्णय लेने दें।

-डॉ. प्रेम कुमार, कृषि मंत्री, बिहार

भाजपा के झूठ की...

उन्होंने ट्वीट किया- भाजपा ने झूठ को संस्थागत रूप दिया है। कोविड-19 के परीक्षण को प्रतिबंधित कर और इससे से होनी वाली मौतों को लेकर गलत जानकारी देकर, जीडीपी के लिए एक नई गणना पद्धति का उपयोग करके तथा चीनी आक्रामकता को लेकर मीडिया में डरावना माहौल बनाकर। भ्रम जल्द ही टूट जाएगा और देश को कीमत चुकानी पड़ेगी।

चेम्बरलेन से भी की...

1938 को म्यूनिख समझौते पर हस्ताक्षर कर दिया लेकिन जर्मनी ने करार की धज्जियां उड़ाते हुए एक सितंबर 1939 को पोलैंड पर हमला कर दिया। जिसके दो दिन बाद चेम्बरलेन ने जर्मन से युद्ध का ऐलान किया और दूसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत हुई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलेश्वर आत्मज स्व. पंचराम गोंड़, जाति गोड़ निवासी गराम सारधा, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली द्वारा अपने निजी स्वामी हक की भूमि ग्राम बुधवारा प.ह.नं. 21, तहसील लोरमी स्थित भूमि खसरा नंबर 124/2 रकबा 1.554 हेक्टे. (3.80 एकड़) भूमि में से 2.00 एकड़ भूमि को अपने निवास स्थल पक्के मकान निर्माण, बच्चों के उच्च शिक्षा, कृषि ऋण के अदायगी हेतु रकम की आवश्यकता होने तथा सजातीय क्रेता न मिलने के कारण गैर आदिवासी क्रेता श्री केदार सिंह राठौर पिता तिरिथ राजपूत निवासी ग्राम बुधवारा तहसील लोरमी के पास 14,00000.00 रु. (चौदह लाख रु.) में विक्रय करने की अनुमति आवेदन की जांच कलेक्टर महोदय मुंगेली के निर्देशानुसार जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर इस न्यायालय में दिनांक 30.07.2020 को प्रातः 11.00 बजे सुनवाई की जावेगी। यदि किसी आदिवासी या गैर आदिवासी व्यक्ति द्वारा प्रस्तावित विक्रय के संबंध में कोई उजर आपत्ति दावा पेश करना हो तो निर्धारित तिथि तक पेश कर सकते हैं। उसके उपरांत प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

(नवीन कुमार भगत)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर (छत्तीसगढ़)

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी/जलाऊ एवं राजसात वाहन को निम्नलिखित तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व काष्ठागार में रखी काष्ठ का भली भांति अवलोकन कर लेवें। नीलाम से संबधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी काष्ठ की वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से भिन्न हो सकती है -

नीलाम स्थल - काष्ठागार वाड्रफनगर

नीलाम दिनांक व समय - 29.07.2020 प्रातः 09.00 बजे से

क्र.	वनोपज का विवरण	नया काष्ठ लट्ठा (घ.मी.)	नया काष्ठ बल्ली (नग)	पुराना काष्ठ लट्ठा (घ.मी.)	पुराना काष्ठ बल्ली (नग)
1	2	3	4	5	6
A	**इमारती काष्ठ**				
1	सागौन	210.161	1381	224.003	2296
2	साल	508.924	-	278.096	52
3	साजा	13.184	-	7.655	29
4	बीजा, शीशम, खम्हार	-	-	0.800	3
5	हल्दु, मुड़ी, बांसा	5.080	7	3.084	-
6	धावड़ा	3.943	-	0.603	4
7	अन्य मिश्रित	-	-	1.642	1
8	नीलगिरी	0.712	-	-	-
9	सलया	-	-	0.114	-
10	खैर काष्ठ	-	-	5.799	-
	योग :-	**742.004**	**1388**	**521.796**	**2385**
B	**जलाऊ काष्ठ**				
2.	मिश्रित प्रजाति जलाऊ चट्टा (साइज 2.00x1.25x0.80m.)			पुराना = 785 चट्टा	
C	**पत्थर कोयला**			16 क्विंटल	
D	**राजसात वाहन**	वाहन की पंजीयक क्रमांक		वाहन कहां स्थित है -	
1	मार्शल	UP50B/9090		परिक्षेत्र कार्यालय कैम्पस रामानुजगंज	

टीप :- क्रेता को पैन एवं टिन नंबर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2020 एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नंबर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

जी-82455/6

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

'जिंदगीभर तुम्हारी आंखों में देख सकता हूं'

प्रियंका चोपड़ा के बर्थडे पर पति निक जोनस हुए रोमांटिक

ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ने 18 जुलाई 2020 को अपना 38वां जन्मदिन मनाया। उनके फैन्स, फैमिली और दोस्तों ने सोशल मीडिया पर उनको शुभकामनाएं दीं और प्यार जताया। अब उनके पति निक जोनस ने दोनों की साथ में तस्वीर के साथ प्यारभरा मेसेज लिखकर उनको विश किया है। निक जोनस ने प्रियंका के साथ प्यारी तस्वीर शेयर की है। साथ में बर्थडे नोट भी लिखा है। इस तस्वीर में प्रियंका निक की गोद में बैठी हैं और दोनों एक-दूसरे की आंखों में देख रहे हैं। निक ने लिखा है, 'मैं तुम्हारी आंखों में जिंदगीभर देखता रह सकता हूं। आई लव यू बेबी। मैं आज तक जितने भी लोगों से मिला हूं तुम उनमें से सबसे समझदार, केयर करने वाली और शानदार इंसान हो। मैं बहुत आभारी हूं कि हमने एक-दूसरे को पाया। हैपी बर्थडे ब्यूटीफुल'

प्रभास के साथ जोड़ी जमायेंगी दीपिका !

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण और 'बाहुबली' फेम सुपरस्टार प्रभास की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकती है। फिल्म 'बाहुबली' की ब्लॉकबस्टर कामयाबी के बाद प्रभास अब बॉलीवुड की फिल्मों में भी काम कर रहे हैं। श्रद्धा कपूर, पूजा हेगड़े के साथ फिल्म कर चुके प्रभास अब जल्द ही दीपिका के साथ भी स्क्रीन शेयर करते नज़र आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म तेलुगू में होगी, जिसे हिंदी और तमिल में भी डब किया जाएगा। यदि दीपिका और प्रभास साथ में काम करते हैं तो यह पहली बार होगा जब दोनों एक दूसरे के साथ स्क्रीन कर रहे होंगे। यह साइंस फिक्शन फिल्म हो सकती है।

रिया चक्रवर्ती ने रेप की धमकी पर मुंबई पुलिस में दर्ज कराया मामला

सुशांत सिंह राजपूत की गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती को पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर जान से मारने और रेप किए जाने की धमकियां मिल रही थीं। अब इस मामले पर रिया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। रिया ने खुद को मिल रही धमकियों की शिकायत का मामला शनिवार शाम को सांताक्रुज पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है। इससे पहले महाराष्ट्र की मंत्री ने भी इस मामले में सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही थी।

बता दें बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के बाद से उनके फैन्स में काफी नाराजगी है। इस बीच कुछ असामाजिक तत्व सुशांत के फैन होने के नाम पर बॉलिवुड के सिलेब्रिटीज के साथ सोशल मीडिया पर बदतमीजी कर रहे हैं। हाल में ऐक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बताया था कि उन्हें रेप किए जाने और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। रिया ने इसका स्क्रीनशॉट भी शेयर किया था। इस खबर के बाहर आने के बाद महाराष्ट्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री यशोमती ठाकुर ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा है कि रिया को रेप की धमकी देने वाले आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लगने लगा था सिर मुंडवाकर गायब हो जाऊं

कंगना रनौत ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में सुशांत सिंह राजपूत केस, नेपोटिजम, बॉलिवुड में कैंप जैसे कई मुद्दों पर बात की। एक न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि एक वक्त उन्हें हर तरफसे रास्ते बंद दिख रहे थे। उस वक्त उन्होंने सूइसाइड का तो नहीं सोचा लेकिन गायब हो जाने के खयाल मन में आने लगे थे।

कंगना ने बताया कि 2016 में उनकी ब्लॉकबस्टर के बाद उन्होंने 18 ब्रैंड्स साइन किए थे। हालांकि 2013 में जिस एक्स से वह अलग हुईं, उन्होंने कंगना के खिलाफ केस कर दिया। उन्होंने बताया ब्रैंड्स किसी ऐसे इंसान को नहीं ले सकते थे जिनके खिलाफकोई केस हो। इसलिए उन्हें इन सारे ब्रैंड्स से हाथ धोना पड़ा। कंगना आगे बताती हैं कि उन्हें चुड़ैल और न जाने क्या-क्या कहा गया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उनका शादी करने का ऑप्शन खत्म हो गया। कंगना ने यह भी कहा कि करण जौहर लंदन स्कूल ऑफइकोनॉमिक्स गए और वहां कहा कि कंगना को फिल्म इंडस्ट्री छोड़ देनी चाहिए। वह आगे कहती हैं कि इंसानों के पास तीन चीजें ही मुख्य होती हैं, इमोशनल, सोशल और करियर लाइफइन सबके रास्ते उन लोगों ने बंद कर दिए थे। कंगना ने कई चीजों में पैसे इनवेस्ट कर दिए थे, ब्रैंड्स ने उन्हें 2 महीने के अंदर अलग कर दिया था, इसके बाद उनके पास ऑप्शन नहीं बचा। कंगना ने बताया कि हालांकि उनके मन में जिंदगी खत्म करने का विचार तो नहीं आया लेकिन उन्हें ये जरूर लगा था कि अपना सिर मुंडवाकर वह कहीं गायब हो जाएं।

अमिताभ के साथ काम को मिस कर रही हैं तापसी!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने सोशल मीडिया पर महानायक अमिताभ बच्चन के साथ एक तस्वीर शेयर कर उनके साथ काम करने के अनुभव को याद किया है।



अमिताभ बच्चन इन दिनों नानावटी अस्पताल में कोरोना का इलाज करा रहे हैं। तापसी पन्नू ने अमिताभ के साथ 'पिंक' और 'बदला' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। तापसी ने सोशल मीडया पर एक पोस्ट शेयर की है जिसमें उन्होंने अमिताभ के साथ काम करने के अपने अनुभव को बयां किया है। तापसी ने जो तस्वीर शेयर की है वो फिल्म बदला के सेट की है।तस्वीर में अमिताभ बच्चन, तापसी पन्नू और सुजॉय घोष एक साथ खड़े नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन अपने हाथ में स्क्रिप्ट पकड़े हुए हैं और उसे पढ़ रहे हैं। तापसी पन्नू उस स्क्रिप्ट को देख रही हैं जिसे अमिताभ ने पकड़ रखा है और सुजॉय घोष अमिताभ की तरफदेख रहे हैं।

नव प्रदेश | खेल

मैदान में वापसी पर तेज गेंदबाजों को ज्यादा सावधानी बरतनी होगी

नयी दिल्ली (वार्ता)। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का कहना है कि कोरोना वायरस के बाद क्रिकेट की वापसी पर तेज गेंदबाजों को अन्य खिलाड़ियों की तुलना में ज्यादा सावधानी बरतनी होगी।

कोरोना वायरस के कारण भारत सहित दुनियाभर में क्रिकेट गतिविधि ठप्प पड़ी हुई है और ऐसे में खिलाड़ी पिछले तीन महीने से भी ज्यादा समय से मैदान से बाहर हैं और ट्रेनिंग नहीं कर रहे हैं। हालांकि कोरोना के प्रकोप के बीच इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज दर्शकों के बिना खेली जा रही है।

इरफान ने स्टार स्पोटर्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷ईमानदारी से कहूं तो मैं तेज गेंदबाजों को लेकर चिंतित हूं। इन्हें खुद को परिस्थिति के अनुरुप ढालने में चार से छह सप्ताह लगेंगे।÷

उन्होंने कहा, ÷किसी भी तेज गेंदबाज के लिए 25 यार्ड तक दौड़कर 140-150 की स्पीड से गेंदबाजी करना और लगातार गेंदबाजी करते रहना मुश्किल काम होता है। इस साल जनवरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके इरफान ने कहा कि जब खिलाड़ी इतने लंबे अंतराल के बाद मैदान पर वापस लौटेंगे तो उनके लिए चोटिल होने से बचना एक चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि तेज गेंदबाजों को ज्यादा सावधानी बरतनी होगी क्योंकि उन्हें चोटिल होने का खतरा ज्यादा है।

इरफान ने कहा, ÷तेज गेंदबाजों का शरीर कठोर हो जाता है और उनके लिए चोट से बचाव रखना एक चुनौती होगी क्योंकि मेरे ख्याल से किसी भी तेज गेंदबाज को अपनी लय पाने के लिए कम से कम चार से छह सप्ताह का समय चाहिए होगा। इसलिए तेज गेंदबाजों को स्पिनर या बल्लेबाज की तुलना में ज्यादा सावधानी बरतने की जरुरत है।÷

वर्ष 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले इरफान ने भारत के लिए 29 टेस्ट, 120 वनडे और 24 टी-20 मुकाबले खेले हैं और कुल 301 विकेट झटके हैं। इरफान टीम इंडिया के लिए आखिरी बार 2012 में श्रीलंका में हुए टी-20 विश्वकप में खेले थे।

हार्दिक संग नताशा का फोटो, 'तुम बिन मैं अधूरी'फोटो वायरल

नताशा ने शेयर की हार्दिक पंड्या संग तस्वीर, लिखा प्यार भरा कैप्शनसर्बियाई ऐक्ट्रेस नताशा स्टैनकोविच ने लिखा कि हार्दिक पंड्या उन्हें पूरा करते हैं (You complete me)। नताशा ने इंस्टाग्राम पर हार्दिक के साथ की अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में हार्दिक फर्श पर बैठे हुए हैं और सोफे पर बैठी नताशा ने उनके गले में हाथ डाल रखे हैं। नताशा ने हार्दिक की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'आप मुझे पूरा करते हैं।' उन्होंने साथ ही हार्दिक को टैग भी किया। इस फोटो पर अभी तक 3.7 लाख से ज्यादा लाइक आ चुके हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के दौरान दो गलतियां की थी

नयी दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्व अंपायर स्टीव बकनर ने कहा है कि उन्होंने 2008 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान दो गलतियां की थी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले गए बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे मुकाबले में बकनर और मार्क बेंसन मैदानी अंपायर थे। इस मैच में दोनों अंपायर ने कुछ गलत फैसले किए थे जिसके कारण भारत को 122 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

बकनर की गलतियों के अलावा भारतीय टीम के ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह और ऑस्ट्रेलिया के एंड्रयू सायमंड्स के बीच हुए मंकी गेट प्रकरण के कारण भी यह सीरीज विवादों में रही थी। यह विवाद इतना बढ़ गया था कि आईसीसी को इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा था।

इस मुकाबले के 12 वर्षों बाद बकनर ने आखिरकार अपनी गलतियां स्वीकार की। बकनर ने कहा, ÷मैंने 2008 में सिडनी टेस्ट के दौरान दो गलतियां की। मेरी पहली गलती यह थी कि जब भारत अच्छा प्रदर्शन कर रहा था उस वक्त मैंने एक ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को शतक बनाने दिया।

उन्होंने कहा, मेरी दूसरी गलती जो मुकाबले के पांचवें दिन थी जिससे शायद भारत मुकाबला हार गया। क्या मैं टेस्ट मैच में दो गलती करने वाला पहला अंपायर था। इसके बावजूद यह दो गलतियां मुझे बैचेन करती हैं। आपको जानने की जरुरत है कि यह गलतियां क्यों हुईं। आप ऐसी गलती दोबारा नहीं करना चाहेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने बकनर और बेंसन की अंपायरिंग की शिकायत की थी।

चीन के स्विमिंग कोच जु गुओयी का निधन

बीजिंग, (वार्ता) चीन के स्विमिंग कोच जु गुओयी का रविवार को निधन हो गया। वह 50 वर्ष के थे। जु प्रोफेशन स्विमर थे और उन्होंने 1993 में संन्यास लिया था जिसके बाद वह कोच बने थे। वह कैंसर से पीड़ित थे और 2015 में उनका इलाज हुआ था लेकिन 2016 में रियो ओलंपिक की तैयारी के कारण वह सर्जरी के पांच महीने बाद ही अपने काम पर वापस लौट आए थे।

आईसीसी बैठक आज

आईपीएल का खुलेगा रास्ता

बीसीसीआई को उम्मीद टी20 विश्व कप होगा स्थगित

दुबई ए.। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के बोर्ड की ऑनलाइन मीटिंग सोमवार को होनी है। इस बैठक में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के भविष्य को लेकर निर्णायक दौर की चर्चा होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उम्मीद है कि इसे स्थगित किया जाएगा, जिससे कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आयोजन हो सके। टी20 विश्व कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होना है, लेकिन देश के क्रिकेट बोर्ड ने विक्टोरिया राज्य में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए मई में ही इस टूर्नामेंट की मेजबानी में असमर्थता जाहिर की थी। भारत में भी कोरोना वायरस के मामलों में काफी इजाफा हुआ है और इसकी संख्या 10 लाख के पार चली गई है जबकि मृतकों की संख्या भी 26 हजार से अधिक है और अगर ऐसे में आईपीएल का आयोजन होता है तो केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने पर इसका आयोजन यूएई में कराया जा सकता है। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद के एक सदस्य ने बताया, 'पहला कदम एशिया कप को स्थगित करना था जो हो गया। आईपीएल के टूर्नामेंट को स्थगित करने की घोषणा के बाद ही हम अपनी योजना पर आगे बढ़ सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कह चुका है कि वे टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर अधिक उत्सुक नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद वे फैसला नहीं कर रहे हैं।'

ये हैं संभावनाएं

इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के ऑस्ट्रेलिया में 2022 में आयोजित किए जाने की संभावना है क्योंकि फिलहाल भारत 2021 टूर्नामेंट की मेजबानी के अपने अधिकार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ नहीं बदलना चाहता। ऑस्ट्रेलिया इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं करेगा यह उस समय स्पष्ट हो गया था जब क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को सितंबर के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज की तैयारी करने को कहा था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उस दौरे के लिए 26 सदस्यीय शुरुआती टीम घोषित भी कर दी है।

याद आया चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी का किस्सा

आईसीसी ने हालांकि कहा है कि वह इतना बड़ा फैसला करने से पहले सभी संभावित 'आपात' विकल्पों पर विचार करना चाहता है और संचालन संस्था का इतने लंबे समय तक इंतजार करना असमान्य नहीं है। आईसीसी के संचालन की जानकारी करने वाले एक सूत्र ने बताया, 'पाकिस्तान को 2009 में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करनी थी। श्रीलंका टीम बस पर आतंकी हमले के बाद सभी को पता था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड निकट भविष्य में बड़ी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं कर पाएगा।'

ऑस्ट्रेलिया की स्केटर एकाटेरिना का 20 साल की उम्र में निधन

जेनेवा (वार्ता)। रुसी मूल की ऑस्ट्रेलियाई पेयर फिगर स्केटर खिलाड़ी एकाटेरिना एलेक्जांद्रोवस्काया का मात्र 20 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग यूनियन (आईएसयू) ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। आईएसयू ने कहा, हमें यह जानकर बेहद दुख हो रहा है कि स्केटर एकाटेरिना का मॉस्को में निधन हो गया। उनका निधन कैसे हुआ हालांकि इस बात की पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। आईएसयू के अध्यक्ष जान डिजकेमा ने कहा,÷हम उनके निधन से हैरान हैं। वह एक बेहतरीन स्केटिंग खिलाड़ी थीं। स्केटिंग बिरादरी उन्हें याद करेगी। हम उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आईएसयू के अनुसार एकाटेरिना ऑस्ट्रेलिया के हार्ले विंडसर से 2016 में जुड़ी थी ।


जम्मो छत्तीसगढ़िया संगी-जहूँरिया,
भाई-बहिनी, किसान मन ल छत्तीसगढ़ के लोक
हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई
एक शुभचिंतक
वन मंडल, भानुप्रतापुर


छत्तीसगढ़ के लोक
हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई
कुल सिंह कंवर
सरपंच तिलकेजा व अध्यक्ष
सरपंच संघ कोरबा, जनपद पंचायत कोरबा

हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई
मनरेगा शाखा
जनपद पंचायत, कोरबा

हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई
वन परिक्षेत्र अधिकारी
कोरबा, वन मंडल कोरबा


हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई
धैर्य कुमार चन्द्रा
कोरबा

हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई
वन परिक्षेत्र
पसरखेत, कोरबा

न्यूज गैलरी

शराब की अवैध बिक्री करते पकड़ाया

महासमुंद। ग्राम मोंहदी में पुलिस ने एक युवक को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा। जानकारी के मुताबिक हेमचंद टंडन (24) अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 3.240 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जहर सेवन से एक मृत

महासमुंद। पटेवा थाना क्षेत्र में जहर सेवन के बाद भर्ती एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। राजू चंद्राकर पिता जगमोहन चंद्राकर (37) ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया उन्हें उपचार के लिए रायपुर डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इंद्राणी को मिला उज्जवला योजना से गैस चूल्हा

महासमुंद। वार्ड 17 निवासी इंद्राणी को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत उज्जवला गैस सिलेंडर और चूल्हा दिया गया। पति की मौत के बाद से इंद्राणी अपनी 21 वर्षीय नेत्रहीन बेटी पुष्पा के साथ गरीबी में दूसरों के घरों में काम कर थकहार चूल्हे पर भोजन पकाती। इंद्राणी ने एक सप्ताह पहले नगर पालिका पहुंचकर अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मिलकर अपनी व्यथा बताई। पालिका अध्यक्ष ने गरीब महिला की समस्या का निदान का भरोसा दिलाया और शुक्रवार को इंद्राणी को पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने उन्हें उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चूल्हा प्रदान किया। इसके लिए इंद्राणी और नेत्रहीन बेटी ने पालिका अध्यक्ष का आभार जताया। इस अवसर पर पार्षद राहुल चंद्राकर, राजेश नेताम, खेल एवं युवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, गोलू मदनकार सहित पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार और पिकअप से गांजे का परिवहन, छह गिरफ्तार

महासमुंद। दो अलग-अलग मामलों में सिंघोड़ा पुलिस ने जांच के दौरान कार और पिकअप वाहन से ओडिशा के रास्ते गांजा का अवैध परिवहन करते 6 लोगों को पकड़ा। आरोपियों के पास से तलाशी के दौरान 72 किलो गांजा बरामद की गई। पिकअप में दो पैकेट में 49.800 किलो गांजा भूसा बोरी के नीचे दबाकर रखा था। वहीं डिजायर कार में सवार व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों के चलते शक के आधार पर की गई जांच में 22 किलो गांजा जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक सिंघोड़ा पुलिस ने एनएच 53 में लॉकडाउन को लेकर वाहनों की जा रही जांच के दौरान एक पिकअप वाहन को रोका। इसमें तीन लोग सवार थे। पूछताछ में बताया कि वे ओडिशा से भूसा लेकर मप्र जा रहे हैं। शक के आधार पर पुलिस ने सघन जांच की तो भूसा बोरी के नीचे दो पैकेट में कुल 49.800 किलो गांजा था। इन तीनों ने अपना नाम संजय विश्वकर्मा साकिन-हेदली मैदानी थाना जानमेन, रघुवीर गुर्जर एवं राम भरोसा गुर्जर दोनों राघोगढ़ जिला गुना मप्र बताया। इसी प्रकार एक स्वीफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक एमपी 08 सीए 5431 में सवार तीन लोगों से पूछताछ किए जाने पर पुलिस को संदिग्ध लगा। शक के आधार पर कार की जांच की गई तो डिक्की में रखे 22 किलो गांजा पाया गया।

अवैध परिवहन करते 600 बोरी डीएपी जब्त

महासमुंद। चेकिंग के दौरान एक ट्रक से छह सौ बोरी डीएपी बरामद की गई। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह 7 बजे ओडिशा बार्डर टेमरी वनोपज जांच नाका में संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चेंकिग के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 04 जीके 3787 को रोका। उक्त वाहन चालक युवराज साहू से पूछताछ करने पर बताया कि ट्रक में 600 बोरी डीएपी खाद है, जिसे कृष्णा गोदाम विधानसभा रोड मंदिर हसौद से लोड कर सुरेश अग्रवाल खरियार रोड ओड़िशा ले जाना बताया। उक्त वाहन चालक को उक्त डीएपी खाद परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने धारा 91 जाफौ का नोटिस देने पर कोई वैध दस्तावेज नही होना लिखकर दिया। उपरोक्त ट्रक में अवैध रूप से डीएपी खाद परिवहन करते पाये जाने से आवश्यक कार्यवाही हेतु कृषि विभाग बागबाहरा के सुपुर्द किया। उपरोक्त कार्रवाई थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी तिलेश्वर यादव के नेतृत्व में निरीक्षक प्रदीप मिंज,सउनि कौशल साहू, श्यामचरण ध्रुव व आरक्षक भुनेश्वर बंजारे, राजुमार रात्रे ने किया।

चेक पोस्ट के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना

महासमुंद। राज्य परिवहन मंत्रालय ने खम्हारपाली और बागबाहरा चेक पोस्ट के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों की पदस्थापना आदेश जारी किया है। इन जांच चौकियों में दो निरीक्षक, 3 उप निरीक्षक, 6 प्रधान आरक्षक और 6 आरक्षक इस तरह कुल 17 की पदस्थापना की है। परिवहन मंत्रालय के आदेश से खम्हारपाली चेकपोस्ट में एक निरीक्षक, 3 उप निरीक्षक, 5 प्रधान आरक्षक और 5 आरक्षक को पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार बागबाहरा के चेक पोस्ट में एक निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। बता दें कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की सीमाओं पर जांच चौकियां शुरू करने पखवाड़ेभर पहले आदेश जारी किया था।

लूटपाट के दोनों आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। कंपाउडर से लूटपाट मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से मोबाइल व 11 सौ रुपए जब्त किया गया है। थाना प्रभारी शेर सिंह बंदे ने बताया कि अछरीडीह निवासी तुकाराम साहू बरोंडाबाजार स्थित जैन नर्सिंग होम में कंपाउण्डर का काम करता है। शुक्रवार को रात नौ से सुबह नौ बजे तक ड्यूटी था। वह घर से रात आठ बजे ड्यूटी बाइक से निकला था। रात पौने नौ बजे वह बस स्टैंड वेटिंग रूम में अपने दोस्त के आने का इंतजार कर रहा था। उसी समय महामाया पारा खगेश्वर श्रीवास्तव उर्फ छोटा एवं निखिल भोई आए और बगल में बैठ गये। कुछ देर बाद दोनों ने हाथ मुक्का से मारपीट की और पेंट की जेब से पर्स एवं मोबाइल लूटने के बाद अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। मारपीट में प्रार्थी के बाएं हाथ एवं गले में खरोच आई।

सड़कों को बर्बाद कर रही है मोबाइल कंपनिया, नगर पंचायत ने साधी चुप्पी!

- दुकान के अंदर पानी भर जाने से व्यापारियो ने की मशक्त।

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई के पंडरिया रोड वार्ड क्रमांक 7 माँ गंगई मंदिर के सामने निजी मोबाइल कंपनी भूमिगत केबल बिछाने का कार्य गत 1 सप्ताह से कर रही है विगत कुछ दिन पहले निकाय के पाइपलाइन से पीने का पानी सप्लाई होता है उसको केबल बिछाने के दौरान छती पाहुचाया गया है जिससे माँ गंगई मंदिर के सामने जो व्यापारियो का दुकान संचालित है वहाँ पानी इस कदर फैला हुआ था मानो प्रकृतिक आपदा से मूसलाधार बारिश हुई हो ऐसा प्रतीत हो रहा था। जबकि इस निजी दूरसंचार कंपनी नगर पालिका से बिना अनुमति लिए ही सड़कों की खुदाई कर दी। वही निकाय से जानकारी लेने पर संबन्धित विभाग का कार्य कर रहे कर्मचारी ने बताया की इंदौर मे स्थित टोनिक नाम की एक कंपनी एयरटेल कंपनी केबल बिछाने के लिए एक किलोमीटर के दायरे का पर्मिशन था जो गंडई रेस्ट हाउस से मुख्य प्रवेश द्वार से सीधा सीएससी गंडई तक का पर्मिशन निर्धारित था जिसके एवज मे संबन्धित कंपनी के मेनेजर से 68 हजार 525 रुपये जमा कराया गया था उसके बाद जो पाइपलाइन की छती संबन्धित कंपनी के कर्मचारी के द्वारा जो छती पाहुचाया गया है जिसकी मरम्मत के लिए कंपनी के मेनेजर को इंदौर के संस्था टोनिक नमक संस्था को 10 हजार का नोटिस जारी किया गया है मेनेजर द्वारा जल्द ही भुगतान करने की बात कही है।

ज्ञात हो की 6 जनवरी 2017 को नगर मे मीना अनुमति के जियो नामक मोबाइल कंपनी के द्वारा नगर मे केबल बिछाने के लिए अवैध खुदाई किए थे उस समय के तातकालीन समय रहे सीएमओ विकासनारायण सिंह ने समबन्धित निर्माण एजेंसी को छतीपूर्ति राशि 3 लाख रुपये जमा करने के लिए रिलायन्स जियो कंपनी रायपुर को पत्र भेजकर निर्माण के दौरान लगे सभी मशीन उपकरण को जप्त किए जाने की जानकारी मिली थी।

वर्सन ङ्क गंडई के नगर पंचायत सीएमओ प्रमोद कुमार शुक्ला का कहना है की इस संबंध मे जानकारी मिली है निकाय के संबन्धित विभाग के कर्मचारी को मरम्मत एवं व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया गया है। कार्य पूर्ण हो चुका है।

किसान, गो-पालकों के लिए ऐतिहासिक और यादगार होगा कल का दिन

महासमुंद। सावन के कृष्ण पक्ष अमावस्या को छत्तीसगढ़ के किसानों का सबसे बड़ा पर्व 'हरेली' कल सोमवार 20 जुलाई को मनाया जाएगा। शहरों ओर ग्रामीण क्षेत्रों में हरेली की धूम नजर आयेगी। इस पर्व में कोविड-19 के चलते कुछ फर्क पड़ सकता है। लेकिन कल सोमवार का दिन किसान, गो-पालकों के लिए ऐतिहासिक एवं यादगार होगा। इसी दिन छत्तीसगढ़ की महत्पूर्ण 'गोधन न्याय योजना' की शुरूआत होगी। हरेली पर्व पर छत्तीसगढ़ किसान अपनी खेती में उपयोग होने वाले औजारों की पूजा करते है, वही घरों में छत्तीसगढ़ पकवान भी बनाये जाते है। साथ ही किसान अपने-अपने कुल देवताओं की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन बच्चों और युवाओं में भी बड़ा उत्साह देखा जाता है । वे गेड़ी चढने का आनंद लेते हैं। आबकारी, उद्योग एवं प्रभारी मंत्री कवासी लखमा जिले में महासमुंद जिले के ग्राम कछारडीह से 'गोधन न्याय योजना' का शुभारंभ करेंगे।

हरेली अमावस्या आज

खरोरा। किसानों की समृद्धि और पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देने के साथ ही पूरे भारत वर्ष में धूमधाम से मनाया जाने वाले पर्व हरियाली अमावस्या इस वर्ष 20 जुलाई को मनाई जाएगी । वहीं इस पर्व का खास यह भी है इस दिन श्रावण सोमवार, पुनर्वसु नक्षत्र,सर्वार्थसिद्धि योग ,सोमवती अमावस्या और स्नानदान का विशेष संयोग बना है । जिससे की इस पर्व की शुभता और बढ़ गई है । इसी दिन दीप पूजा भी की जाएगी । उललेखनीय है की हरेली पर किसान खुशहाली और अच्छी फसल की कामना लिए ,किसान गांवों में खेत खलियान में काम आने वाले औजार हल , हंसिया आदि की पूजा - अर्चना करते है ।इस बार हरेली के दिन सावन सोमवार पड़ने से खेत - खलिहानों में पूजा करने के साथ ही भक्त जन शिव मंदिरों में भोलेनाथ की आराधना करते हुए नजर आएंगे। सिद्धि विनायक आश्रम के पंडित त्रिभुवन महराज ने बताया कि हरियाली अमावस्या के दिन पुनर्वसु नक्षत्र के बाद रात्रि में 9:22 बजे से पुष्य नक्षत्र रहेगा । सोमवार को यदि पुष्य नक्षत्र रहे तो उसे सोम पुष्य कहते हैं । रात्रि में सर्वार्थ सिद्धि योग भी है । करीब 16 सालों बाद पारंपरिक पर्व हरियाली अमावस्या व सोमवती अमावस्या का संयोग बना है । यह पर्व हरा - भरा खेत - खलिहान किसानों की समृद्धि और पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देने के साथ मनाया जाता है।

बिखरेगी पकवानों की खुशबू

शहरों से लेकर ग्रामीण अंचल में इस मौके पर पारंपरिक पकवानों की खुशबू बिखरेगी । कृषि औजारों की पूजा - अर्चना के बाद पारंपरिक पकवान बनाकर अर्पित किए जाने की परंपरा है । विशेषकर चावल के आटे से बने पारंपरिक पकवान चीला , फरा इत्यादि घर - घर में बनाए जाएंगे । इसके अलावा पारंपरिक खेलों का आयोजन भी होगा । जिसमें बांस से बनाए गए गेडी , नारियल फेंक सहित कई ऐसे खेल है । जिसमें लोग व्यत रहेंगे साथ ही इस दिन ग्रामीण अंचलों में इस दिन महामारी बाधा निवारण के लिए गावों मे नीम झाड पत्ता एवं गाय कि गोबर से घर के बाहरी दिवाल मे भीती चित्र बनाये जाने की परम्परा निभाई जाती हैं।

चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों की मांग व सरकारी विभाग में रिक्त पदों में भर्ती को लेकर

प्रदेश कार्यालय में तेजेन्द्र तोड़ेकर बैठे आमरण अनशन पर

महासमुंद। आम आदमी पार्टी द्वारा चयनित शिक्षको की नियुक्ति को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने हरसंभव प्रयास किया इस विषय की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से मिलने का समय मांगा गया लेकिन हमसे बात करना तो दूर वे इस विषय पे चर्चा ही नही करना चाहते ।

इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने व इसकी गंभीरता को देखते हुए विगत 3 जुलाई से प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी जी ने आमरण अनशन करने का निर्णय लिया व वे पार्टी के राज्य कार्यालय में आमरण अनशन पर बैठ गए ।

लेकिन सरकार में बैठे लोग अपने सत्ता के नशे में इतने मस्त है कि वे

आमरण अनशन कर रहे प्रदेश अध्यक्ष किस लिए यह अनशन कर रहे है वे सुनना ही नही चाहते वे आंदोलन को कुचलने का प्रपंच बार बार रच रहे है।

इस बहरी सरकार को अपनी बात सुंनाने के लिए अब हम जिला स्तर पर आमरण अनशन की शुरुआत कर रहे है।

महासमुन्द जिला में आज दो मुख्य मांग को लेकर पार्टी के पदाधिकारी आज एक दिवसीय अनशन कचहरी चौक महासमुन्द में किया , हमारी केवल दो मांग है ..

1.14580 शिक्षक अभ्यर्थियों की नियुक्ति । 2.प्रदेश के सरकारी विभागों में रिक्त पदों में भर्ती की मांग।

समूह की महिलाएं दिखा रहीं अपना हुनर, राखी बनाकर कर रहीं कमाई

महासमुंद। भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन पर भाईयों की कलाई पर राखी सजाने हेतु स्व-सहायता समूह की महिलाएं राखी बना रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखण्ड महासमुंद के ग्राम पंचायत कछारडीह, रायतुम, मुंगाशेर एवं कांपा में कृष्णा, उगता सूरज, राधा कृष्णा एवं सारदा समूह के सदस्यों द्वारा राखी तैयार की जा रही है। स्थानीय बाजार में समूह द्वारा बनाई गई राखीं को 10 से लेकर 50 रूपए तक बेचा जा रहा है। जिले के अलावा आसपास के जिलों में भी समूह महिलाओं द्वारा बनाई गई राखी की अच्छी खासी मांग हैं। घरेलू कार्य के साथ-साथ समूह महिलाओं द्वारा सिलाई, कढ़ाई, बुनाई के छोट-छोटे कार्य भी कर रही हैं।

आयोजन अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : डॉ. मित्तल

'गोधन न्याय योजना' तैयारियों की समीक्षा

महासंमुद। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. रवि मित्तल ने आज यहां जिले के सभी पांचों विकासखण्डों महासमुंद, बसना, सरायपाली, पिथौरा और बागबाहरा के जनपद पंचायत, कृषि और पशु चिकित्सा अधिकारियों से कल सोमवार 'हरेली पर्व से शुरू होने वाली महत्वपूर्ण योजना 'गोधन न्याय योजना' की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा बैठक में कहा कि 'गोधन न्याय योजना' के शुभारंभ पर कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव आदि के लिए शासन की जारी गाईड लाइन का पूरा ध्यान रखने की बात कही। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत, कृषि और पशु चिकित्सा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. रवि मित्तल ने कहा कि

राज्य शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है। शासन द्वारा इस योजना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही जारी दिशा-निर्देशों का सही-सही पालन करें। डॉ. मित्तल ने कहा कि कल सोमवार 20 जुलाई को 'हरेली' पर्व के दिन जिले में यह 'गोधन न्याय योजना' प्रथम चरण में 76 गौठानों में आरंभ होगी। द्वितीय चरण में यह योजना सभी जिले की सभी 241 गोठानों में शुरू की जाएगी। उन्होनें कहा कि कल हरेली पर्व से शुरू होने वाली इस योजना में गौठान समिति के अध्यक्ष, सचिव अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। यह सुनिश्चित किया जाये। गौठानों में पौधरोपण भी किया जाये। वर्मी बैड प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाये।

प्रभारी मंत्री लखमा करेंगे गोधन न्याय योजना का शुभारंभ

महासमुंद। महासमुंद जिले में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण 'गोधन न्याय योजना' का शुभारंभ वाणिज्यिक कर एवं उद्योग तथा जिला प्रभारी मंत्री कवासी लखमा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री कवासी लखमा कल सोमवार 20 जुलाई को रायपुर से प्रातः 10.30 बजे महासमुंद के कछारडीह पहुंचेंगे। वहां वे प्रातः 11.30 बजे गोधन न्याय योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मंत्री लखमा 12.20 बजे सिरपुर पहुंचेंगे। वहां वे राम वनगमन पथ पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री लखमा बकमा में दोपहर 2.20 बजे गोधन न्याय योजना का शुभारंभ करेंगे।

ग्रामीण इलाकों में भी बढ़ रहा साइबर क्राइम

खरोरा। क्षेत्र में बीते दिनों से फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप जैसे सोशल साइट की जगहों में अपराध तेजी से बढ़ रहा है इस सोशल साइट के अपराध में खरोरा इलाके के बड़े-बड़े कारोबारी एवं जनप्रतिनिधि भी इसके शिकार हो चुके है वही अभी फिर से फैशन फुटवियर के मालिक भी इसका शिकार हो चुके है उन्होंने बताया कि मेरा इंस्टाग्राम आई.डी. किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हैक कर लिया गया है जो कि मेरी आई.डी. में वल्गर-वल्गर वीडियोज एवं फुटेज लगातार अपलोड कर रहे है और मेरे से हैकर के द्वारा 1लाख बीस हज़ार रुपये फिरौती की मांग की जा रही है जिसके बाद ही वह यह आई.डी. पर फुटेज डालने बंद करने की बात कर रहा है जिसकी शिकायत व्यापारी ने थाना में जाकर दी है।

एएसआई अमित अंदानी ने जांच के लिए साइबर सेल रायपुर को केस ट्रांसफर किया

खरोरा। खरोरा समीप्रसत आई टी बी पी में कोरोना का कहर जारी वहाँ आज 11 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इनमें 5 पुरुष 3 महिला व 3 बच्चे है। तिल्दा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आशीष सिन्हा ने बताया कि सभी मरीजों को एम्स भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। डॉ सिन्हा ने कहा कि आई टी बी पी में मिल रहे मरीजों से बाकी जवान व फैमिली मेंबर को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना मास्क के और बिना बेवजह के घर से बाहर ना निकले। उधर आई टी बी पी से पाए गए संक्रमितों की संख्या 30 हो गई है। यह सिलसिला शुरू हुआ 9/07/2020 को एक जवान जो कि कोरोना पॉजिटिव पाया गया उसके बाद उसके संपर्क में आये 37 लोगो की जांच हुई जिसमें 1दिनांक 12/07/2020 को 8 कोरोना पॉजिटिव पाए गए जिसके बाद दिनांक 13/07/2020 को 17 लोगो का टेस्ट किया गया जिसमें फिर आज 10 लोगो की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी उसके बाद आज फिर 11 लोगो की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है । अब इनके संपर्क में आये लोगो का टेस्ट होना बाकी है अब देखने वाली बात यह है कि यह क्रम कहा जाकर रुकेगा । वही आई टी बी पी को कंटेन्मेंट जोन पहले ही घोषित किया जा चुका है ।

मैनपुर व देवभोग ब्लाक के संयुक्त चिकित्सक संघ के उपाध्यक्ष बने डा. मनीष सिन्हा

मैनपुर। ग्राम अमलीपदर के युवा डा. मनीष सिन्हा को देवभोग व मैनपुर ब्लॉक के संयुक्त चिकित्सक संघ द्वारा सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर छाई हुई है। डा. मनीष सिन्हा विगत कई वर्षो क्षेत्र में एक प्राईवेट डॉक्टर के रूप में सेवा दे रहे है। स्वास्थ्य से वा के साथ- साथ उनका जनसेवा में हमेशा काफी योगदान रहता है। डॉक्टर मनीष सिन्हा बिते समय क्षेत्र में रक्तदान शिवीर का आयोजन किया था। जिसमें मेकाहारा ब्लड बैंक की टीम अमलीपदर आई थी। और लगभग 100 युनिट रक्तदान हुआ था। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में स्कुली बच्चों को कार्यक्रम के जरिये अच्छे संस्कार और पढ़ाई के विषय में प्रोत्साहित करते है। बता दे की आज वर्तमान में डॉक्टर मनीष सिन्हा डड़सेना कलार समाज परिक्षेत्र देवभोग युवा मंच के अध्यक्ष एवं युवा जनजागृति समिती के अध्यक्ष साथ ही ग्राम भारती शिक्षा समिती जिला गरियाबंद के सदस्य है। आपको बता दे कि आज एक बैठक में देवभोग और मैनपुर ब्लॉक के प्राईवेट डॉक्टरो की बैठक में डा. मनीष सिन्हा को संयुक्त चिकित्सक संघ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद डा. मनीष ने संघ में प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा की वे हमेशा संघ में कार्यो के लिये आगे रहेंगें। और संघ के सदस्यों को हर समय सहयोग प्रदान करने में योगदान रहेगा। वही अध्यक्ष पद के रूप् में डा. अरविंद तिवारी सचिव डा. आर.एल. पण्डा सहायक सचिव डा. घनश्याम सोनवानी काषोध्यक्ष डी.डी. ठाकुर सलाहकार डा. पी.के पण्डा डा. सुनिल साहू डा. भागीरथी दास डा. प्रीमत राम मरकाम सर्वसम्मती से चुना गया।

पढ़ई तुँहर दुआर कार्यक्रम में शिक्षक व बच्चे ले रहे बढ़चढ़कर हिस्सा

मैनपुर। ऑनलाइन क्लास के दरम्यान शिक्षकों के साथ विकासखण्ड के कई बच्चे भी जुड़ रहे हैं कोरोना महामारी के चलते छत्तीसगढ़ प्रदेश में लॉकडाउन के कारण स्कूलों में तालाबन्दी होनें के कारण बच्चों के पढ़ाई-लिखाई को लेकर पालकों में चिंता सता रही थी।जिसको ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन नें बच्चों की पढ़ाई प्रभावित ना हो इसलिए एक महत्ती योजना÷पढ़ई तुँहर दुआर÷का राज्यस्तरीय ऑनलाइन क्लास कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिसमें मैनपुर विकासखण्ड के शिक्षक व बच्चे बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।इस ऑनलाइन कार्यक्रम के संचालन हेतु ब्लॉक के प्रत्येक संकुल केंद्रों में जानकार शिक्षकों का टेक्नीशियन के रूप में एक टीम तैयार किया गया है।जो मोबाईल में विबेक्स एप के माध्यम से ऑनलाइन क्लास का संचालन कर रहे हैं। शिक्षकों से पाठ से सम्बंधित प्रश्न भी पूछते हैं।तथा शिक्षक उनके प्रश्नों के जवाब देकर उन्हें सन्तुष्ट करते हैं।ज्ञात हो कि गत दिनों राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक श्री उमेश श्रीवास नें कक्षा पांचवीं विषय हिंदी के पाठ-13 जंगल के राम कहानी नामक छत्तीसगढ़ी कविता पाठ को गीत-संगीत से सस्वर वाचन कर हावभाव के साथ रोचक शिक्षण दिया।जिसे बच्चों नें रुचिपूर्ण ढंग से सुनकर पुनरावृत्ति भी कराए।इतना ही नही बल्कि शिक्षकों द्वारा गृह कार्य भी दिए जा रहे हैं।जिसका हल बच्चे ढूंढकर निकाल रहे हैं।इस तरह बच्चे ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ज्ञात हो कि विकासखण्ड में ऑनलाइन क्लास संचालन एवं मानिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी के रूप में शिक्षक श्री कमलेश्वर प्रसाद बघेल प्रभारी एवं टेक्नीशियन के रूप में शिक्षक उमेश श्रीवास,अवतार सिन्हा,कमलकिशोर ताम्रकार भागीरथी नागेश तेजकुमार सिन्हा केशरी खरसैल अजय सिन्हा जगन्नाथ दास वैष्णव परमेश्वर बघेल,उपेन्द्र साहू अजय यादव दिलीप सिन्हा हिरामन साहू,विनय कुमार साहू दिनेश नेताम,सहित विकासखण्ड के समस्त संकुल समन्वयक एवं शिक्षक अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल 2019-20 असाइनमेंट पद्धति परीक्षा

खरोरा। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर, परीक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार मुख्य/अवसर परीक्षा मार्च अप्रैल 2020 के लिए केंद्र क्रमांक 0424 केंद्र का नाम भरत शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि प्रवेश पत्र एवं असाइनमेंट प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका वितरण हायर सेकेंडरी स्कूल दिनांक 22.07.2020 दिन बुधवार दिनांक 29.07.2020 कार्यालय समय 4:00 तक किया जायेगा।

हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई

छत्तीसगढ़ गोधन न्याय योजना

अब गोबर बनेगा 'गो-धन'

गोधन न्याय योजना

बढ़ेंगे रोजगार व आय के अवसर

आज
हरेली
के शुभ-अवसर पर हो रही इस अभिनव योजना की शुरूआत

- 2785 गोठानों से होगी गोधन योजना की शुरुआत
- 2 रु प्रति किलो की दर से होगी गोबर खरीदी
- खरीदे गए गोबर से बनेगा वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद
- 8 रु प्रति किलो में किसानों को मिलेगा वर्मी कम्पोस्ट
- गौपालन एवं गौ-सुरक्षा को प्रोत्साहन, खुली चराई पर रोक
- जैविक खेती को बढ़ावा

1 पशुपालकों को लाभ पहुंचाने वाला देश का पहला राज्य छत्तीसगढ़

'गोधन न्याय योजना' बनेगी वरदान
पशुपालकों के चेहरे पर लाएगी मुस्कान

छत्तीसगढ़ शासन